
भगवान महावीर जयंती आज

देशबन्धु
सतना, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 | वर्ष – 40 | अंक – 44 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ अहमदाबाद में मजबूती...
■ अमृतकाल में आभासी... 04
■ चीन पर अमेरिका का दोहरा वार, टैरिफ...
■ रूस के ऐतिहासिक दिन पर भारत की... 09
■ रेपो रेट में कटौती का बाजार में नहीं दिखा...
■ कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट ब्रेंट क्रूड... 11
■ आरसीबी अब दिल्ली...
■ अगर मैं कुछ बोलूंगा... 10

## आईपीएल में आज

बेंगलुरू विरूद्ध
दिल्ली (बेंगलुरू)
7.30 शाम से

## रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में फिर की कटौती

# होम लोन की ईएमआई से लेकर ऑटो लोन तक राहत

## रेपो रेट 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को रेपो रेट 25 बेसिस प्वाइंट घटाकर इसे 6 प्रतिशत कर दिया है। यह इस साल की दूसरी कटौती है। इससे पहले फरवरी में आरबीआई ने करीब पांच साल बाद पहली बार रेपो रेट को घटाकर 6.5 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत किया था।

### 4 फीसदी तक रह सकती है महंगाई दर

स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट को 6 प्रतिशत से घटाकर 5.75 प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से सकारात्मक दायरे में प्रवेश कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति 4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। फरवरी में महंगाई दर 4.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है।

### आम आदमी की जेब पर असर

#### होम लोन की ईएमआई घटेगी



रेपो रेट में कटौती के बाद होम लोन, कार लोन , पर्सनल लोन की ईएमआई कम होना तय माना जा रहा है। आरबीआई के नियमों के मुताबिक, अब बैंकों के होम लोन मार्जिनल कॉस्ट लेंडिंग रेट और रीपो लिंक्ड लेंडिंग रेट से जुड़े होते हैं। 2019 में केंद्रीय बैंक ने सभी बैंकों को निर्देश दिया था कि वे नए होम लोन को एक्सटर्नल बेंचमार्क से लिंक करें, क्योंकि बैंक रेपो रेट में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों तक नहीं पहुंचा रहे थे।

#### यूपीआई में लेनदेन लिमिट बढ़ी



रिजर्व बैंक ने एनपीसीआई को यूजर्स की बदलती जरूरतों को देखते हुए पर्सन टू मर्चेंट पेमेंट के लिए यूपीआई में लेनदेन की सीमा को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यूपीआई या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस एक रियल टाइम पेमेंट सिस्टम है। इसका इस्तेमाल मोबाइल ऐप का उपयोग करके बैंक अकाउंट्स के बीच पैसे भेजने और प्राप्त करने के लिए किया जाता है। वर्तमान में यूपीआई के जरिये लेनदेन व्यक्ति से व्यक्ति और पर्सन से बिजनेस पेमेंट दोनों को कवर करती है ।

#### बार-बार केवाईसी की झंझट से राहत



आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि सी-केवाईसी को आसान बनाया जाएगा। हम बैंकों और अन्य रेगुलटरी संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इससे ग्राहकों को बैंक में जा कर हर चीज के लिए अलग-अलग केवाईसी कराने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

#### ऑटो लोन होगा सस्ता

रेपो दर को घटाकर 6 प्रतिशत किए जाने से कार और दोपहिया वाहन के लिए लोन लेने वालों को लाभ मिलने की उम्मीद है। यह रिटेल लोन सेगमेंट का हिस्सा हैं। यदि बैंक ब्याज दर में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देते हैं, तो ऐसे लोन ग्राहकों को उनकी ब्याज दरों में 25 आधार अंकों (0.25 प्रतिशत) की कमी देखने को मिल सकती है।



आरबीआई द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6 प्रतिशत करने के कदम से कार लोन अधिक किफायती हो सकते हैं। चूंकि बैंक और ऋणदाता आरबीआई से कम लागत पर उधार लेते हैं, इसलिए वे कंज्यूमर्स के लिए लोन रेट में कमी कर सकते हैं।

#### गोल्ड लोन के दिशानिर्देशों की होगी समीक्षा



संजीव मल्होत्रा ने कहा कि गोल्ड लोन देने के दिशानिर्देशों की समीक्षा करने का प्रस्ताव किया है। सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर विनियमित इकाइयों (आरई) द्वारा उपभोग और आय-सृजन दोनों उद्देश्यों के लिए कर्ज दिया जाता है। इन प्रकार के लोन के लिए विवेकपूर्ण और आचरण संबंधी विनियम समय-समय पर जारी किए गए हैं।

## आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका : मुख्यमंत्री



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री कुक्षी में स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33त्न आरक्षण के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। ला?ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज जनजातीय वर्ग की महिला देश की राष्ट्रपति हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रंजना बघेल, पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार, रेलम चौहान, जगदीप पटेल, चंचल पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने महावीर जयंती पर दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान महावीर ने तत्कालीन समाज को मानवता, अहिंसा और सद्भावना का संदेश दिया जो आज भी प्रासंगिक है।

### आरबीआई ने छह एनबीएफसी का पंजीकरण किया रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छह गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का पंजीकरण रद्द कर दिया है। आरबीआई ने बुधवार को कहा कि ने जिन कंपनियों का पंजीकरण रद्द किया गया है, उनमें थामिरापरनी इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अरामस्क इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, विश्वप्रिय गोल्ड हायर परचेज लिमिटेड , मैट्रिक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, यूनिटारा फाइनेंस लिमिटेड और वेल फिन सिक्योरिटीज लिमिटेड शामिल हैं।





**चूहा-सुनती हो-** कांग्रेस कह रही है कि- भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव धांधली करके जीता है।
**चुहिया- हां प्रिये-** जो होना था सो हो गया, अब चाहे जितनी लकीर पीटो, कुछ होने वाला नहीं।

## मोदी कैबिनेट ने तीन परियोजनाओं को दी हरी झंडी

# जीरकपुर बाईपास के निर्माण को भी मंजूरी

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें जीरकपुर बाईपास निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन का दोहरीकरण और कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य की यातायात सुविधाओं को सुधारना, जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।



### -तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन का किया जाएगा दोहरीकरण

कैबिनेट ने पंजाब और हरियाणा में स्थित जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी। यह बाईपास छह लेन का होगा और इसकी कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एकीकृत परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। बाईपास एनएच-7 (जीरकपुर-पटियाला) के जंक्शन से शुरू होकर एनएच-5 (जिरकपुर-परवाणू) के जंक्शन तक जाएगा। इसके निर्माण से जीरकपुर और पंचकूला के अत्यधिक शहरीकृत और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचा जा सकेगा। यह परियोजना पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से आने वाले यातायात को डाइवर्ट करके हिमाचल प्रदेश के लिए सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे इन क्षेत्रों में यातायात की भीड़-भाड़ कम होगी। इस परियोजना की कुल लागत 1,878.31 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य यात्रा समय को कम करना और मुख्य शहरी मार्गों पर यातायात के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करना है।

इसके अलावा कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के बीच तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण को भी मंजूरी दी। इस परियोजना पर 1,332 करोड़ रुपये खर्च होगा और इसका उद्देश्य रेलवे की लाइन क्षमता को बढ़ाकर ट्रेनों की गति और सेवा को सुधारना है।

## कांग्रेस अधिवेशन में भाजपा पर बरसे खड़गे

# धांधली करके महाराष्ट्र चुनाव जीती भाजपा

**अहमदाबाद, (एजेंसियां)।** गुजरात के अहमदाबाद में साबरबती नदी के तट पर कांग्रेस के दो दिवसीय अधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने चुनावों में धांधली, अमेरिकी टैरिफ, वक्फ संशोधन कानून और लोकतंत्र के मुद्दे पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि आज सरकार का हर तरफ दखल बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने धोखाधड़ी करके जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है। मगर हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह धोखाधड़ी है। वे हमसे इसे साबित करने को कहते हैं। आपने ऐसी तकनीक तैयार की हैं, जिससे सत्ताधारी पार्टी को फायदा होता। विपक्ष दलों को नुकसान उठाना पड़ता है।

### यह भी कहा

-हम आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रहे
-पूरी दुनिया बैलेट पेपर पर शिफ्ट हो रही
-विपक्षी दलों को जानबूझकर हराया गया
-पूंजीपतियों को पहुंचाया जा रहा फायदा



**सरकार हर चीज में दखल दे रही –** मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि चुनावी संस्थाएं भी सरकार के कब्जे में हैं। सरकार हर चीज में दखल दे रही है। चुनावों में स्कैम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तकनीक में विकास के साथ ही दुनिया के विकसित देशों ने ईवीएम को छोड़ दिया है और बैलेट पेपर को अपना लिया है। दुनिया में कहीं भी ईवीएम उपलब्ध नहीं है। देश के 140 करोड़ लोग लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं। आज या बाद में इस देश के युवा उठेंगे और आपका हाथ थामेंगे। कहेंगे कि हमारे पास ईवीएम नहीं, बैलेट पेपर होना चाहिए।

**महाराष्ट्र में 50 लाख वोट बढ़ गए –** खरगे ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र में क्या हुआ? राहुल गांधी ने संसद और प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह सवाल उठाया लेकिन सरकार पर इसका कोई असर नहीं हुआ। विधानसभा और संसद चुनाव के बीच में अगर वहां 50 लाख वोट बढ़ गए हैं तो ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे, मोदी चुप : राहुल

अधिवेशन में बुधवार को राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। राहुल ने कहा- बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।







## सेना 63,000 करोड़ रुपए से अधिक की डील मंजूर

# भारत को फ्रांस से मिलेंगे 26 राफेल मरीन जेट

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की बिक्री के लिए एक 'मेगा डील' को मंजूरी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर जेट के साथ-साथ चार ट्विन-सीटर वैरिएंट मिलेंगे। भारत को एक बड़ा पैकेज मिलेगा जिसमें बेड़े का रखरखाव, लॉजिस्टिकल सपोर्ट, कर्मियों की ट्रेनिंग और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग कंपोनेंट के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी।



राफेल मरीन जेट विमानों को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर तैनात किया जाएगा और इससे समुद्र में नौसेना की हवाई शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राफेल मरीन भारत में मौजूद राफेल फाइटर जेट्स से अधिक एडवांस्ड है। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। रिपोर्ट के मुताबिक राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति लगभग चार वर्षों में शुरू होने का अनुमान है। नौसेना को 2029 के अंत तक पहला बैच प्राप्त होने की उम्मीद है। पूरा बेड़ा 2031 तक शामिल होने की संभावना है।

एक बार आपूर्ति हो जाने के बाद, ये जेट विमान भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे, जो पुराने हो रहे मिग-29के बेड़े की जगह लेंगे। डील में जल्द डिलीवरी समयसीमा पर सुनिश्चित होगी और फ्रांसीसी निर्माता डसॉल्ट एविएशन से रखरखाव में सहायता भी देगा।

राफेल एम को विमानवाहक-आधारित मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें मजबूत लैंडिंग गियर, अरेस्टर हुक्स और शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (एसटीओबीएआर) ऑपरेशनों को अंजाम देने के लिए मजबूत एयरफ्रेम की सुविधा है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग नौसेना के विमानवाहकों पर विमान को लॉन्च करने और वापस लाने के लिए किया जाता है।

# प्राचार्य को नहीं पता क्या है आईटीआई, स्कूल चलें अभियान

## समग्र की शिकायत का निराकरण नहीं होने पर सीईओ- सीएमओ का कटेगा वेतन

**कलेक्टर रानी बाटड़ ने जिले के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के अधिक से अधिक प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर एक हफ्ते के भीतर जिले की ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को हुई बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, डीपीओ राजेन्द्र बांगरे, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।**



### टीएल बैठक में नाराज हुईं मैहर कलेक्टर

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर ने कहा कि गत सप्ताह सीएम हेल्पलाइन में पर्याप्त ध्यान नहीं देने से मैहर जिला फिलहाल बाटम के जिलों में आ गया है। अभी मासिक ग्रेडिंग के लिए 8-10 दिन का समय है। सभी विभाग संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर फोकस कर अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण करें और जिले की ग्रेडिंग में सुधार लायें। सीएम हेल्पलाइन में ऊर्जा विभाग की 1119, पंचायत ग्रामीण विकास 921, पीएचई 1133, राजस्व 587, स्वास्थ्य 228 शिकायतें लंबित पाई गईं। सूचना प्रोद्योगिकी की शिकायतों में कलेक्टर ने कहा कि अगली टीएल बैठक में समग्र से संबंधित शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर सीईओ जनपद और सीएमओ नगरीय निकाय का एक दिन का वेतन काटा जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शनिवार-रविवार अवकाश में भी सीएम हेल्पलाइन का कार्य देखें।

### प्रजेंटेशन देना होगा

कलेक्टर ने धरती आबा अभियान के चयनित गांवों में योजनाओं कार्यक्रमों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की समीक्षा जनपद वार की। प्राचार्य शासकीय आईटीआई को राज्य सरकार के संचालित अभियान आईटीआई चले अभियान की जानकारी नहीं होने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जताते हुए कहा कि अगली टीएल से कम से कम एक विभाग राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान से संबंधित विभाग कार्यक्रम की तैयारी और प्रगति की जानकारी का प्रजेंटेशन प्रस्तुत करेगा।

### डीपीसी की जिम्मेदारी

स्कूल चले हम अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि मैहर मंदिर के आसपास की बस्तियों के बच्चों का स्कूल में पंजीकरण सुनिश्चित कराएं। मंदिर परिसर में इधर-उधर घूमने वाले बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाएं यह सुनिश्चित करना डीपीसी की जिम्मेदारी होगी। पेयजल की स्थिति की समीक्षा में जल निगम के महाप्रबंधक ने बताया कि जिले के 127 गांव पेयजल आपूर्ति से फुली कवर्ड हैं जबकि 65 गांवों में परियोजना से प्रतिदिन पेयजल दिया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि 300 से ज्यादा हैण्डपंप जल स्तर नीचे जाने पर और 200 के लगभग हैण्डपंप साधारण खराबी से बंद है। अभी किसी गांव या नगरीय निकायों में पेयजल परिवहन की स्थिति नहीं बन रही है। कलेक्टर ने जिले के पेयजल समस्या मूलक 17 गांवों की पेयजल कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

### आंगनबाड़ी की गतिविधि देखें

कलेक्टर मैहर ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन कर रहा है। जिसमें अन्य विभागों के समन्वय से जीवन के 1000 दिवस पर केन्द्रित गतिविधियों की थीम पर आंगनवाडी केन्द्रों में विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। जिला स्तर सहित ब्लाक स्तर के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाकर इन गतिविधियों का निरीक्षण अवश्य करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राजेन्द्र बांगरे ने बताया कि पोषण पखवाड़ा में सभी विभागों के समन्वय से सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन के लिए लोगों को जागरूक करने की गतिविधियां आंगनवाड़ी केन्द्र पर भी की जा रही हैं।

### सभी अधिकारी किताबे करें दान

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चलाये जा रहे ज्ञानदान अभियान के तहत कलेक्टर रानी बाटड़ ने जिले के अधिकारियों से आजीविका मिशन को ज्ञानवर्धक और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अगली टीएल बैठक में कम से कम एक किताब लाने के लिए अधिकारियों को कहा है। मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक अंजुला झा ने बताया कि राज्य आजीविका मिशन द्वारा 7 अप्रैल से सभी जिलों में ज्ञानदान अभियान की पहल शुरू की गई है।

# 653 गर्भवती महिलाओं में 123 हैं हाईरिस्क

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हुई जांच

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच का आयोजन जिला अस्पताल के साथ- साथ विकासखण्ड के सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि शिविर में 653 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 123 गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन हाईरिस्क में किया गया। शिविर के दौरान जिला अस्पताल सतना में 55 महिलाओं की जांच में 15 हाईरिस्क, सिविल अस्पताल नागौद में 76 गभज़्वती महिलाओं की जांच में 21 हाईरिस्क, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी में 37 महिलाओं की जांच में 21 हाईरिस्क, सिविल अस्पताल उचेहरा में 98 महिलाओं में 12 हाईरिस्क, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां में 42 महिलाओं में 8 हाईरिस्क, सिविल अस्पताल रामपुर बघेलान में 50 महिलाओं में 10 हाईरिस्क, सिविल अस्पताल मैहर में 135 महिलाओं में 16 हाईरिस्क, सिविल अस्पताल अमरपाटन में 52 महिलाओं की जांच में 15 हाईरिस्क तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवराजनगर में 108 गभज़्वती महिलाओं की जांच में 19 हाईरिस्क की चिन्हित की गई।

## सिन्धी भाषा दिवस पर विचार गोष्ठी आज

**सतना, देशबन्धु।** भारतीय सिंधू सभा परिवार द्वारा गुरूवार को सिन्धी भाषा दिवस पर संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कि विचार गोष्ठी बाबा मेहरशाह दरबार में सुबह 9.15 बजे से 10 बजे तक होगी। संस्था के सतीश सुखेजा, विक्रम चौधरी, गोपी गेलानी, श्रीचंद मनवाणी, गोपीचंद कापड़ी, फेरूमल तोलवानी, विजय जग्यासी, मनोहर आरतानी आदि ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 25.02 डि.से. | 40.04 डि.से. | सुबह : 57 |
| | | शाम : 27 |

## सार-समाचार



### राज्यमंत्री आज सतना आएंगी

**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 10 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आएंगी।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना, देशबन्धु।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (ग्रामीण) एलआर जांगडे द्वारा दो व्यक्तियों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। धौरहरा निवासी धर्मशीला विश्वकर्मा को पुत्र की पानी में डूबने एवं ग्राम इटमा निवासी शिवकुमारी चौधरी को पति की अग्नि दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### फिजियोथेरेपी सेंटरों के पंजीयन अनिवार्य

**सतना, देशबन्धु।** जिले में संचालित निजी फिजियोथेरेपी संस्थानों का पंजीयन मध्यप्रदेश उपचर्या तथा रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम 1973 एवं नियम 1997 के प्रावधानों के अंतर्गत अनिवार्य किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने सतना एवं मैहर जिले के क्षेत्र में संचालित सभी निजी फिजियोथेरेपी सेंटरों को सूचित किया है कि बिना पंजीयन के संचालित कोई भी फिजियोथेरेपी सेंटर अवैध माना जायेगा और अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

### छात्रों ने लिया लॉन्गवॉल टेक्नोलॉजी का अनुभव



**सतना, देशबन्धु।** एकेएस विश्वविद्यालय के 14 छात्रों ने मूनिधी मैकेनाइज्ड माइन में लॉन्गवॉल टेक्नोलॉजी का अनुभव प्राप्त किया। यह माइन झारखंड के धनबाद जिले में स्थित है और भारत की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनियों में से एक है। माइनिंग के वरिष्ठ फैकल्टी प्रोफेसर अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि लॉन्गवॉल माइनिंग भूमिगत कोयला खनन का एक रूप है। लॉन्गवॉल विधि की तुलना शॉर्टवॉल, रूम एंड पिलर और कई अन्य विधियों से की जाती है । छात्रों ने माइन के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और लॉन्गवॉल टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने माइन के सुरक्षा उपायों और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी देखा। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करना था। यह दौरा छात्रों के लिए बहुत ही लाभदायक और कैरियर के लिए मदद मिली।

### आज शाम इन पानी टंकियों में नहीं आएगा पानी

**सतना, देशबन्धु।** फिल्टर प्लांट 41 एमएलडी में आवश्यक संधारण कार्य कराए जाने के कारण गुरूवार को इन पानी टंकियों की सायंकालीन सप्लाई एवं फीडर से शहर में होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। जिनमें बगहा, झंकार टॉकीज, अशोक बिहार टंकी, संतोषी माता टंकी, हनुमान नगर नई टंकी, हनुमान नगर पुरानी टंकी, टिकुरिया टोला, बायपास टंकी, सब्जी मंडी पानी की टंकी, कलेक्ट्रेट पानी की टंकी, जवाहर नगर पानी की टंकी, पतेरी पानी की टंकी, व्यंकट 2 पानी की टंकी, पौराणिक टोला एवं बरदाडीह फीडर आदि शामिल है।

### योगेश बने विप्र सेना के प्रदेश अध्यक्ष

**सतना, देशबन्धु।** विप्र सेना की आवश्यक बैठक बुधवार को रावेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विप्र सेना के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समाजसेवी योगेश शर्मा को अपना प्रदेश अध्यक्ष चुना। योगेश ने अपनी कार्यकारणी का भी गठन किया। जिसमें अविन शर्मा, संदीप भारती, शिव द्विवेदी एवं विकास मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष बने। संदीप गर्ग, प्रणय धाराधर, लोकेश द्विवेदी शब्द, अभिषेक पांडेय को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी मिली। डॉ. शैलेश पांडेय, सुनील मिश्रा गप्पी, उदित तिवारी, अभिषेक तिवारी को प्रदेश सहसचिव। दीपक मिश्रा प्रदेश कोषाध्यक्ष, रजनीश द्विवेदी प्रदेश प्रवक्ता एवं पंकज शुकुल को प्रदेश मीडिया की कमान सौंपी गई।



# मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा : सांसद

### सक्रिय सदस्यों का आयोजित हुआ विस सम्मेलन

**सतना, देशबन्धु।** भाजपा एक कार्यकर्ता व विचारधारा आधारित दल है। पार्टी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। सांसद गणेश सिंह आज जिला कार्यालय में आयोजित सतना विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा। आज हिन्दुस्तान बदल रहा है और यह आवाज भारत मे ही नही बल्कि विदेशो से आ रही है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प देखा है उसे पूरा करने की दिशा मे लगातार मजबूती के साथ कदम बढ़ रहे है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रमाकान्त गौतम और आभार जिला उपाध्यक्ष सुधा सिंह ने व्यक्त किया। सम्मेलन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद यादव, पूर्व विधायक ऊषा चौघरी, पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी, विमला पाण्डेय, पुष्कर सिंह तोमर, ममता पाण्डेय, पूर्व स्पीकर सुधीर सिंह तोमर, पं. कमलाकर चतुर्वेदी एवं विजय तिवारी मंचासीन रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की जड़ें जनसंघ के समय से हैं और 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में एक विशाल स्वरूप खड़ा किया। उन्होने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसकी विचारधारा और उस पर आधारित समर्पित कार्यकर्ता हैं। देश में लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सरकार का बहुमत से सत्ता में आना और प्रदेशों में चुनाव दर चुनाव जीत मिलना, इस जनविश्वास का प्रमाण है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण व निष्ठा भाजपा की पहचान है। करोड़ो लोगो ने अपने जीवन का कण-कण और प्रत्येक छण समर्पित किया तब यह पार्टी खड़ी हुई है। उन्होने कहा कि देश मे जाति व परिवारवाद की राजनीति करने वालो को जनता ने नकार दिया है। लेकिन बीच-बीच मे टुकड़े -टुकड़े गैंग काम करती नजर आती है।

कार्यक्रम में अनिल जायसवाल, रवीन्द्र सिंह सेठी, सतीश सूखेजा, अशोक गुप्ता, श्रीराम मिश्रा, मनीष तिवारी, जयप्रताप गुप्ता, अनिल सचदेव, अभिषेक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता, सौभाग्य केसरी, सीमा सिंह, बालकृष्ण शुक्ला, देवेन्द्र तिवारी, मनीषा सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## पूरी दुनिया में एक साथ मनाया गया विश्व नवकार महामंत्र दिवस

**सतना, देशबन्धु।** समस्त विश्व के कल्याण के लिए जितो फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस भारत समेत पूरी दुनिया में एक साथ मनाया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रप सीनियर के सभी दम्पत्ति सदस्यों ने बासुपूज्य जिनालय जैन मंदिर मे नमोकार महामन्त्र का एक साथ वाचन किया। इस अवसर पर कार्याध्यक्ष श्याम जैन, विजय जैन, सुभाष जैन, गौरव सेठ, डॉ. संतोष-मंजू जैन, भूपेन्द्र-क्रान्ती जैन, सचिव संजय-शालिनी जैन, डॉ. राजकुमार-ऊषा जैन, मुकुल-अनीता जैन, डॉ. अजीत-अनुराधा जैन व अन्य दम्पत्ति सदस्य उपस्थित रहे।

# शास्त्रीय संगीत की दसवीं संध्या पर कलाकारों की शानदार प्रस्तुति



**सतना, देशबन्धु।** मैहर मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खां साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत की दसवीं संध्या पर कलाकारों शानदार प्रस्तुति दी। उभरते नवोदित कलाकारों को मंच देने जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वावधान में बुधवार की शाम मैहर संगीत महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम हुआ। जिसकी मुख्य अतिथि मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शास्त्रीय संगीत संध्या का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में नवोदित कलाकार मानसी तिवारी ने कथक नृत्य तीन ताल, अंश सोनी ने सितार वादन विलंबित तीन ताल, रुचि सिंह शास्त्रीय गायन एवं अतिथित कलाकार शिवेश पांडेय ने तबला सोलो की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस मौके पर डॉ. के सी जैन, महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे, राजलालन मिश्रा, उत्तम पांडेय, अनिल जायसवाल, रमाकांत त्रिपाठी, नायब तहसीलदार सुनील द्विवेदी, प्रेमलाल चौधरी, जयंत जैन, मंजू सर, संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्रा सहित संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।



## भगवान महावीर जन्म कल्याणक रथयात्रा आज

**सतना, देशबन्धु।** सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य के सिद्धान्तो से जिसने जगत को तारा है, ऐसे वीर त्रिशला नन्दन महावीर प्रभु के जन्म कल्याणक पर श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन गुरुवार को सुबह 6.45 बजे शुरू होगा। शक्रस्तव महाभिषेक सुबह 9.30 बजे गच्छाधिपति आचार्य श्री से मांगलिक श्रवण के बाद रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा श्री आदिनाथ जिनालय से प्रारम्भ होकर गांधी चौक श्री शांतिनाथ घर देहरासर बिहारी चौक, श्री महावीर भवन चौक बाजार, पन्नीलाल चौक, पॉवर हाउस चौक, हनुमान चौक, शास्त्री चौक से वापस आदिनाथ जिनालय में सम्पन्न होगी। श्री संघ के सभी श्रावक से अनुरोध किया गया है की श्वेत वस्त्र धारण कर समय से रथ यात्रा में शामिल होकर जिनशासन की शोभा में अभिवृद्धि करें। श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के अवसर पर नवयुवक मंडल द्वारा रथयात्रा के बाद दोपहर 12.30 बजे से श्री संघ स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी किया गया है । उक्त जानकारी प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने दी।

# उड़द-मूंग की कराई जाए गिरदावरी

### जिला पंचायत सदस्य ने समर्थन मूल्य पर खरीदी किये जाने की मांग

**सतना, देशबन्धु।** गीष्मकालीन उरद और मूंग फसल की गिरदावरी कराये जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू ने कलेक्टर को आवेदन दिया है। सौंपे गये आवेदन के माध्यम से मांग की है कि समर्थन मूल्य पर इन फसल की खरीदी की जाए साथ ही खरीदी केन्द्र भी बनाये जाए।

दिये गये आवेदन में उन्होने बताया है कि सतना जिले में विगत 3-4 वर्षों से ग्रीष्मकालीन मूंग और उरद की बोनी बड़े रकवे में की जा रही है। लेकिन कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख के रिकॉर्ड में उक्त फसलों की सम्पूर्ण जिले में गिरदावरी न होनें के कारण यह स्पष्ट नहीं हो पाता है कि वास्तविक रूप से इन फसलों की खेती कितनें रकवे में होती है और उत्पादन कितना होता है। इसी के चलते इन फसलों का उपार्जन समर्थन मूल्य पर नहीं हो पा रहा है और किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता है।

### लाया गया था प्रस्ताव

सौंपे गये आवेदन के माध्यम से यह भी बताया है कि वर्ष 2023 के माह अप्रैल में जिला पंचायत, सतना के सामान्य सम्मिलन के दौरान ग्रीष्म कालीन मूंग / उरद के उपार्जन को समर्थन मूल्य में खरीदनें प्रस्ताव लाया गया था। वर्ष 23-24 जायद हेतु प्रेषित गिरदावरी की जानकारी में सम्पूर्ण जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग / उरद की बोनी मात्र 177.202 हेक्टेयर बताई गयी थी। इसी तरह से सम्बंधित विभाग द्वारा वर्ष 24-25 जायद हेतु प्रेषित गिरदावरी की जानकारी में सम्पूर्ण जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग । उरद की बोनी 949 हेक्टेयर बताई गयी थी।

### उचेहरा विख में 400 किसान

सौंपे गये आवेदन में यह भी बताया है कि सतना / मैहर जिले में 8 विकासखण्ड हैं और मात्र उचेहरा विकासखण्ड में लगभग 400 से ज्यादा जागरूक कृषकों द्वारा 600 हेक्टेयर से ज्यादा रकवे में ग्रीष्मकालीन मूंग / उरद की बोनी की जाती है।

# औंधे मुंह गिरे विपक्ष के पंच, गीता कोरी बनी रहेंगी सरपंच

**कोठी, देशबन्धु।** कोठी के ग्राम पंचायत दिदौंध में पिछले कई दिनों से चल रही अविश्वास प्रस्ताव की गहमा गहमी पर पूर्ण विराम लग गया। अब 15 सदस्यों के समर्थन के साथ गीता कोरी सरपंच बनी रहेंगी। गांव के पंच आदित्य प्रताप सिंह, विकास सिंह, अनूप प्रजापति, दिनेश त्रिवेदी सहित अन्य तीन सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पर दस्तखत कर आवेदन दिया था। जिस पर बुधवार को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में तहसील के प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार कोठी कमलेश भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम पंचायत के 15 सदस्यों ने सरपंच गीता कोरी के समर्थन में बिना वोटिंग करते हुए ही उनके सरपंच पद पर बने रहने का पूर्ण रूप से समर्थन किया और कहा कि उनका कार्यकाल ठीक चल रहा है और सभी संतुष्ट भी हैं। स्थानीय लोगों में ऐसी चर्चा है कि गांव के ही पंच आदित्य प्रताप सिंह जो भाजपा मंडल कोठी की नवीन कार्यकारिणी के महामंत्री हैं, उनके ही इशारे पर अविश्वास प्रस्ताव आया था। विपक्ष के लोगों को अविश्वास प्रस्ताव पास करने के लिए 16 सदस्यों की आवश्यकता थी, जिसमें एक भी सदस्य ने खिलाफत नहीं की और उल्टे 15 सदस्यों ने सरपंच गीता कोरी का समर्थन कर दिया। जिससे पूरे गांव में जश्न का माहौल हो गया।



# अनुभूति फाउंडेशन कर रहा अनूठी पहल

**सतना, देशबन्धु।** अनुभूति फाउंडेशन की बैठक आज संस्था अध्यक्ष संजय बड़ेरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सचिव पीयूष गुप्ता ने बताया कि संस्था पिछले कुछ महीनों से पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। आने वाली भीषण गर्मी को देखते हुए यह तय किया गया है कि नगर के विभिन्न हिस्सों में पक्षियों के संरक्षण के लिए पानी की व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्थानों और पेड़ों के पास सकोरे लगाए जाएं। इसके अलावा घोंसले के अभाव में मरने वाले पक्षियों को राहत देने के लिए पेड़ों पर तैयार घोंसले लगाने का भी निर्णय लिया गया है। क्योंकि प्राकृतिक घोंसला बनाने में पक्षियों को तीन से चार माह का समय लगता है। ऐसे में तैयार घोंसले उन्हें तत्काल राहत देंगे। पशुओं के लिए भी समुचित पानी की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए नगर भर में सीमेंट के नाद रखवाए जाएंगे, जिनमें पानी भरने का कार्य नगरवासियों के सहयोग से किया जाएगा। बैठक में पशु-पक्षी संरक्षण प्रकोष्ठ के गठन की भी घोषणा की गई। जिनमें श्रीनिवास, भोला प्रसाद गुप्ता, संजय गुप्ता, संदीप गुप्ता एवं संदीप धूत को मनोनीत किया गया। बैठक में संजय अग्रवाल, पीडी कुचया, प्रदीप समदड़िया, अखिलेश कुचया, डॉ. डीके तिवारी, राममोहन सिंह, मुकेश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, मुकेश केसरवानी, श्यामलाल गुप्ता, उत्तम अग्रवाल, राजेश सराफ, केके कुमार, लक्ष्मीकांत सोनी, गणेश शंकर सरावगी, प्रमोद कुचया, हरीश सोनी, राजेश केसरवानी, पवन अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, राम पांडे, शैलेश केसरवानी, उत्तम प्रधान सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



## करहिया शराब दुकान के विरोध फिर उतरीं महिलाएं

**रीवा देशबन्धु।** करहिया शराब दुकान को लेकर एक बार फिर महिलाएं विरोध पर उतर आई है। उक्त शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग को लेकर विरोध कर रही महिलाओं ने प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है।

महिलाओं का कहना है कि प्रशासन ने एक सप्ताह का समय मांगा था, जिस बीच दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही गई थी, लेकिन एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी दुकान उसी जगह पर संचालित की जा रही है। ऐसे में महिलाएं एक बार फिर शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर विरोध पर उतर आई है। दरअसल मामला रीवा शहर के करहिया स्थित शराब दुकान का है जहां बीते 3 सालों से करहिया में संचालित शराब दुकान को हटाए जाने के लिए



महिलाएं आंदोलनरत हैं। महिलाओं ने कहा कि नया शराब ठेका होने के बाद से ही उनके द्वारा इस दुकान को हटाए जाने की मांग की जा रही है, जिसे लेकर उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया। जिस बीच जिला आबकारी के अधिकारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर इस दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी यह दुकान नहीं हटाई गई। जबकि वहां पर नए तरीके से दुकान को चलाने का काम किया जा रहा है।

- **प्रशासन पर लगाया वादा-खिलाफी का आरोप**
- **एक हफ्ते का प्रशासन ने मांगा था समय**

विरोध कर रही महिलाओं और लड़कियों ने कहा कि शराब दुकान होने के कारण उनका यहां से गुजरना दूभर हो रहा है। लड़कियों ने कहा कि वह इस मार्ग से होकर स्कूल कॉलेज के लिए आती और जाती हैं, जिस दौरान शराबियों के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। फिलहाल आज एक बार फिर शराब दुकान को हटाए जाने की मांग करते हुए महिलाएं दुकान के बाहर डेरा डाले हुई है और वह अपनी मांगों पर अड़ी हुई है।

## स्वीकृत आवासों की प्रथम किश्त तत्काल जारी करें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाण सागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संपर्कता सर्वे की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि आवास प्लस योजना के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत की प्रत्येक बसाहट में सर्वे करें। हर पात्र व्यक्ति का नाम सर्वे सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करें। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की बस्तियों पर विशेष ध्यान दें। जिन बस्तियों में बसोर परिवारों की बहुलता है वहाँ भी विशेष ध्यान दें। कोई भी पात्र हितग्राही जमीन के अभाव में आवास से वंचित नहीं होना चाहिए। स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों में प्रथम किश्त तत्काल जारी करें। इसी तरह दूसरी किश्त और तीसरी किश्त भी समय पर जारी करके स्वीकृत आवासों को पूरा कराएं।

## टीआरएस कॉलेज ने रानी तालाब मलिन बस्ती में सामाजिक जागरूकता की पहल

**रीवा देशबन्धु।** टीआरएस कॉलेज के समाज कार्य विभाग द्वारा आईक्यूएसी फ्लैगशिप स्कीम ''चेतना'' के अंतर्गत प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में छात्रों के लिए फील्ड वर्क एक्टिविटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कार्य के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की टीम ने रीवा शहर स्थित रानी तालाब मलिन बस्ती में पहुँचकर वहाँ के लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया। यह कार्यक्रम समाज कार्य विभाग की फील्ड वर्क एक्टिविटी के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य मलिन बस्ती में रह रहे लोगों को उनकी समस्याओं से अवगत होकर उन्हें समाधान के प्रति जागरूक करना था। वार्ड क्रमांक 39 की पार्षद आरती बक्सरिया का सहयोग एवं उपस्थिति उल्लेखनीय रही। छात्रों के 08 समूह बनाकर फील्ड वर्क एक्टिविटी के कार्यक्रम का संचालन किया गया।

मुख्य मुद्दों पर संवाद- बस्ती के लोगों से चर्चा के दौरान मुख्य रूप से स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विवाह, नशामुक्ति, बाल श्रम, महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं की जानकारी और बच्चों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया। समाज कार्य के छात्रों ने लोगों को



बताया कि किस प्रकार स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चों को स्कूल भेजने के फायदे बताए गए और महिलाओं को स्वयं सहायता समूह, स्वरोजगार व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों एवं महिलाओं में उत्साह- कार्यक्रम के दौरान बस्ती के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्हें साफ-सफाई रखने, पढ़ाई करने और अच्छे नागरिक बनने की सीख दी गई। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने बताया कि ऐसे प्रयासों से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है और समाज के वंचित वर्गों तक आवश्यक जानकारी पहुँचती है।

## सार-समाचार

### चित्रकूट गौरव दिवस पर सम्मानित हुई लोकप्रिय लोकगायिका मणिमाला सिंह



**रीवा देशबन्धु।** चित्रकूट में रामनवमी के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्राकट्य पर्व के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा बघेली लोकगायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रीवा की लोकप्रिय लोकगायिका मणिमाला सिंह को सम्मानित किया गया! उक्त आशय की जानकारी युवा समाजसेवी एवं कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने आज यहाँ पर जारी अपनी लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी है!श्रीवास्तव ने आगे बताया कि श्रीमती मणिमाला सिंह ने बघेली लोकगीतों को घर परिवार से निकाल कर मंचों तक ले जाने का कार्य किया! उन्होंने बघेली लोकगीतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बघेली लोकगीत संग्रह नदियाँ किनारे हवा का भी प्रकाशन किया, ताकि लोकगीतों की ये परम्परा अक्षुण रहे!

### नारी शक्ति की मिसाल दादीजी की आत्मा को भगवान शांति प्रदान करें

**रीवा देशबन्धु।** राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी जी ने अपना पूरा जीवन विश्व कल्याण में अर्पित कर दिया। यह अपने आप में बड़ी बात है। आप संस्था की स्थापना से लेकर आज तक सहभागी रहीं। आपने जीवन पर्यंत आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलते हुए लाखों लोगों को जोड़ा, सद्मार्ग और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। आपका जीवन योग-साधना की मिसाल रहा। उम्र के इस पड़ाव पर भी आप ब्रह्माकुमारीज़ के विश्वभर में संचालित छह हजार से अधिक सेवाकेंद्रों का कुशल संचालन कर रही थीं जो अपने आप में बड़ी बात है। यह अध्यात्म की शक्ति से ही संभव है। आपके नेतृत्व में युवा प्रभाग ने कई कीर्तिमान रचे। खासकर युवाओं में नैतिक मूल्य, आध्यात्मिकता की अलख जगाने में आपके योगदान को भुलाया जा नहीं सकता है। ब्रह्माकुमारीज़ संगठन से जुड़े लाखों सदस्यों, अनुयायियों और साधकों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदना है।

### समाधान ऑनलाइन के एजेंडा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों का निराकरण करें

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। इस माह प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन में स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा विभाग की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना एवं प्रसूति सहायता, गृह विभाग की एफआईआर लिखने में देरी तथा ऊर्जा विभाग की बिजली न आने एवं वोल्टेज संबंधी शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में राजस्व विभाग के खसरा ऑनलाइन अपडेट करने, नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरण, ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा सामग्री क्रय एवं अन्य भुगतानों से जुड़े आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।

## श्रीरामोत्सव का आयोजन प्रशंसनीय कार्य: डॉ शुक्ला

**रीवा देशबन्धु।** अयोध्या की तर्ज पर मानस मंडल की पहल और निर्देशानुसार हिन्दू धर्म परिषद महिला शाखा के तत्वाधान में श्री रामोत्सव का जो भव्य आयोजन मानस भवन में कराया गया है उसके लिये जितनी प्रशंसा की जाये कम है और इसमें रिदमम्यूजिकल ग्रुप ग्रामीण बाल प्रतिभा मंच मगुरहाई, प्रजापिता ब्रहमाकुमारी के कलाकारों द्वारा गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से जो खुशी के रंग भरे गये उसे कभी भुलाया नही जा सकेगा। यह उदगार बतौर मुख्य अतिथि संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ सीबीशुक्ला ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने धर्म परिषद को श्री राम जन्मोत्सव मनाने की दिशा में बधाई कार्यक्रम के लिये धन्यवाद एवं साधुवाद प्रेषित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा ने श्री रामजी का भजन गाकर अपनी बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों डॉ रश्मी शुक्ला, डॉ केके परौहा, डॉ एचपी सिंह, डॉ ज्योति सिंह, मणिमाला सिंह, डी.पी.सिंह परिहार, सुनील अग्रवाल



- **दीप प्रज्जवलित कर आतिशबाजी के साथ कलाकारों ने दी बधाइयॉ**

एड, प्रसिद्ध मंच संचालक राजकपूर, मुकुन्द्र प्रसाद मिश्रा, रामसहाय मिश्रा, बी.के.नम्रता उमेश सेन, सुरेश विश्नोई, सुरेश राय आदि उपस्थित रहे। हिन्दू धर्म परिषद की महिला शाखा अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह के साथ वरिष्ठ अध्यक्ष डॉ प्रवीरचंद्र दुबे, युवा अध्यक्ष शिव कुशवाहा, संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, पप्पू कनौजिया, संयोजक सुमित मॉंजवानी, उपाध्यक्ष राजेश साहू ने रामनामी पट्टा पहना कर अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन की शुरूआत भगवान श्री राम की आरती कर दीप प्रज्जवलन और आतिशबाजी के साथ की गई। इस अवसर पर मानस भवन में रंगोली और लाइट सज्जा कर कराई गई। प्रचार सचिव डॉ0 अरूणा पाठक, कोषाध्यक्ष स्नेहा त्रिपाठी ने सहयोग देकर व्यवस्था संभाली। कलम परिवार के डॉ0 राज कुमार शर्मा राज, अमित द्विवेदी, रामकृष्ण द्विवेदी की उपस्थित में रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी के सहयोग से मंच संचालक अवनीश शर्मा ने देर रात तक श्री रामोत्सव में कलाकारों को क्रमवार मौका देकर जन समुदाय को बांधे रखा। प्रसिद्ध लोक गायिका शकुंतला मिश्रा एवं ग्रुप द्वारा बघेली बधाई गीत गाकर खूब वाहवाही बटोरी गई। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाज सेवी जगन्नाथ साहू और अवधेश श्रीवास्तव को उनके समाज सेवी कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। अंत में हिन्दू धर्म परिषद महिला शाखा की तरफ से सभी कलाकारों को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। मिष्ठान वितरण करके सबका मुॅह मीठा कराया गया।

## आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएस-यूआई ने मनाया 55वां स्थापना दिवस



**रीवा देशबन्धु।** आज भारतीय राष्टीय छात्र संगठन एन एस यू आई के जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में घोघर स्थित कांग्रेस भवन में ध्वज बंधन कर संविधान की शपथ लेते हुए ह्स्ड्ढ का स्थापना दिवस मनाया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि आज एनएसयूआई का स्थापना दिवस है जो कि छात्र हित की लड़ाई सदैव लड़ता है और आगे भी इसी प्रकार छात्र हित की लडाई लड़ता रहेगा आज स्थापना दिवस के अवसर पर झंडा वंदन किया गया। वह सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति। निष्ठा की शपथ ली एवं एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। दीं उसके उपरांत एनएसयूआई कार्यालय में संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से एनएस यूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय,आर्यन सिंह पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सिद्धार्थ द्विवेदी महासचिव, अर्पित तिवारी शिवांशु शुक्ला,अभिषेक तिवारी, नीलेश द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष अनिकेत पयसी सचिव अजय सिंह, विश्वविद्यालय अध्यक्ष देवेश शुक्ला टीआरएस अध्यक्ष उत्कर्ष मिश्रा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों पर की कार्यवाही

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर 13 तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों पर जुर्माने की कार्यवाही की है। इसके साथ ही दो तहसीलदारों को चेतावनी भी जारी की गयी है। कलेक्टर ने समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, साधना सिंह नायब तहसीलदार तहसील मनगवां, वेदवती सिंह नायब तहसीलदार जवा, राजेश तिवारी नायब तहसीलदार सेमरिया तथा राजेश शुक्ला नायब तहसीलदार त्योंथर पर दो-दो हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। इसी तरह प्रकाश उपाध्याय नायब तहसीलदार त्योंथर, द्वारिका प्रसाद दहायत नायब तहसीलदार त्योंथर, सुमित गुप्ता तहसीलदार मनगवां, राजकुमार टाण्डिया नायब तहसीलदार जवा, विनय मूर्ति शुक्ला तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान, रमाकांत तिवारी नायब तहसीलदार सिरमौर, मनोज शुक्ला नायब तहसीलदार हुजूर एवं राजीव शुक्ला नायब तहसीलदार मनगवां पर एक-एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने नीलेश सिंह धुर्वे तहसीलदार त्योंथर तथा अर्जुन वेलवंशी तहसीलदार सेमरिया को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने पर चेतावनी जारी की है।

## टीएल प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की हुई समीक्षा

**रीवा देशबन्धु।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा 09 अप्रैल को निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक ली गई। इस दौरान निर्माण, राजस्व, स्वच्छता से संबंधित टीएल प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर में चल रहे प्रगतिरत निर्माण कार्यो की वार्डवार समीक्षा करते हुये कार्यो की प्रगति की जानकारी ली गई तथा जिन निर्माण कार्यो का कार्यादेश जारी हो चुका है एवं संविदाकार द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है उन्हें नोटिस जारी कर टेण्डर को निरस्त करने की कार्यवाही के निर्देश दिए गये। कायाकल्प योजना के तहत होने वाले निर्माण कार्यो की जानकारी ली गई साथ ही जिन निर्माण कार्यो की निविदा जारी की जा चुकी है, उनका कार्यादेश जारी किये जाने के निर्देश दिए तथा 15 जून तक कायाकल्प योजना के तहत कराये जा रहे सभी निर्माण कार्यो को गुणवत्ता



के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। अवैध कालोनी की समीक्षा करते हुये अवैध कालोनाइजर जो विकास शुल्क जमा नही कर रहे है उन्हें नोटिस जारी करते हुये राशि जमा कराये जाने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अवैध कालोनी की रिक्त भूमि का स्वामित्व नगर निगम को दिलाये जाने की बात कही। जिन अवैध कालोनियों को नोटिस जारी नही किया गया है उन्हें 03 दिवस के भीतर नोटिस तामील कराकर द्वितीय नोटिस जारी कर कुर्की कराये जाने के निर्देश दिए गये। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुये कहा कि शहर में मौजूद सभी कुओं की सफाई हेतु सेफ्टी उपकरण के साथ सफाई कार्य कराया जाय। अजब कुवरी की बावडी के जीर्णोद्धार हेतु निविदा कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, श्रीमती शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री एसके गर्ग, संतोष पाण्डेय, पीएन शुक्ला, एसएन द्विवेदी, राजेश मिश्रा, अम्बरीश सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, संभागीय अधिकारी पीआईयू धीरेन्द्र दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी एवं उपयंत्री व स्वच्छता कंसलटेंट श्री अमित सिंह, आईईसी हेड विवेक परमार मौजूद रहे।

## यात्री बसे बस स्टैंड होकर गुजरे, बीएसएस की मांगों का विधायक गुढ़ ने किया समर्थन

**गुढ़ विधायक ने की अधिकारियों से बात आज से सभी बसे बस स्टैंड होकर आएगी**



**गुढ/देशबन्धु।** गुढ़ नगर परिषद बस स्टैंड होकर बसे कई वर्षों से नहीं गुजर रही थी। जिस कारण यात्रियों को गुढ़ बायपास में उतर कर पैदल अपने घर आना पड़ता था जिसमें माताओं,बहनों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इतना ही नहीं रात्रि में आए दिन छीना छपती की आशंका बनी रहती थी।उक्त समस्या के निदान हेतु भारतीय सर्व सेवा संगठन के अध्यक्ष उमेश पिढ़िहा के नेतृत्व में बिगत तीन दिनों से धरना दिया जा रहा था। गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के संज्ञान में मामला लाने पर गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के द्वारा मांगो का समर्थन करते हुए तत्काल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी,थाना प्रभारी गुढ़ शैल यादव,मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद गुढ़ के.एन.सिंह से चर्चा कर तत्काल आज से सभी बसों को बस स्टैंड से गुजरने की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया है।साथ ही मध्यप्रदेश विद्युत विभाग द्वारा जो भी खुले तार सड़कों के ऊपर लटक रहे है उस पर नाराजगी व्यक्त की साथ ही उसे तत्काल व्यवस्थित कर सुचारू रूप से बसों का आवागवन सुनिश्चित करने हेतु कहा है। बी एस एस अध्यक्ष उमेश पिढ़िहा ने सभी अधिकारियों से सहयोग करने के विधायक के निर्देश को पालन करने का आग्रह किया है।

**इनका कहना**



उक्त संबंध में गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि बसों के बस स्टैंड से नहीं गुजरने की समस्या को मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर मेरे द्वारा उक्त संबंध में अधिकारियों से बात की गई है आज से ही बसों का आवागवन सुनिश्चित किया जाएगा।

**नागेंद्र सिंह** विधायक गुढ़

## भगवत् शरणागत ही मोक्षोपाय है: श्रीधराचार्य महाराज

**रीवा देशबन्धु।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के दर्शन विभाग के सभागार में 'षरणागति ही भगवत् प्राप्ति का चरमोपाय है' विषय पर जगद्गुरु विष्णु प्रपन्नाचार्य व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीधराचार्य महाराज, प्रयागराज (उ.प्र.) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जिससे जीवन का मार्ग दृष्टिगोचर हो वही दर्षन है। समग्र विष्व में एक मात्र मोक्षोपाय मानव तन में ही सम्भव है। मानव जीवन में जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त संस्कारों कि व्यवस्था निहित है जो वेदों से अनुप्राणित है। उन्होंने आगे कहा की मनुष्य का जीवन सफल हो जाये इसी हेतु मोक्ष का उद्घाटन किया गया और इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शरणागति को अंतिम उपाय माना गया। शरणागति के छः उपायों की चर्चा करते हुये परहित एवं परोपकार की भावना को प्रपश्रि के उदभव का कारण बताया और अपने सभी कर्मो को भगवत् अर्पण करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास तभी हो सकता है जब षिक्षा और समाज का लक्ष्य समान हो। नई षिक्षा नीति इसी दिषा में एक पहल है, जो हमारे जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करता है। आगे उन्होंने कहा की व्यक्ति का व्यक्तित्व तब बनता है, जब वह स्वयं में व्यक्त हो और






वह तत्व आत्मतत्व है। आत्मतत्व के स्तर पर हम सभी एक है। अतः भेद पूर्ण जीवन से ऊपर उठकर साधन और साध्य का एक हो जाना ही शरणागति है। ईष्वर के शरणागत होते ही सभी समृद्धियाँ एवं विषय अनायास ही उपलब्ध हो जायेगी।

विशिष्ट अतिथि जगद्गुरु प्रपन्नाचार्य ने कार्यक्रम की महश्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से न केवल विद्यार्थी बल्कि प्राध्यापक भी लाभान्वित होते हैं जो हमें खुषहाल जीवन के साथ मोक्षोपाय के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में दर्षन विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु बी.ए.(आनर्स) दर्षनषास्त्र षष्ठम् सेमेस्टर के सुश्री अमिता पाण्डेय, सुश्री साक्षी पटेल, सुश्री सबीहा अंसारी, विवेक मिश्रा, चतुर्थ सेमेस्टर के सुश्री किरण सतनामी एवं द्वितीय सेमेस्टर के सुश्री आरती सेन, श्री हर्ष सिंह परिहार को मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रषस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

सतना, गुरूवार 10 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अहमदाबाद में मजबूती पाती कांग्रेस

गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में बुधवार को समाप्त हुई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की दो दिवसीय बैठक संगठन को कई कारणों से मजबूती प्रदान करेगी। इस राज्य की विधानसभा में वह 17 सीटों के साथ क्षीण विपक्ष की भूमिका निभा रही है और लोकसभा में भी उसका यहां से एकमात्र प्रतिनिधि है। फिर भी महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मभूमि होने के कारण गुजरात उसके लिये प्राण वायु का काम करती रही है। हालांकि जब से गुजरात में नरेन्द्र मोदी का उद्‌भव हुआ है और बाद में उन्हें अमित शाह का साथ मिला, कांग्रेस इस राज्य में लगातार पिछड़ती गयी है। इसके बावजूद उसने अपने 84वें अधिवेशन के लिये गुजरात को चुनकर मजबूत इरादे जाहिर किये हैं। केन्द्र में तीन बार से और 18 राज्यों में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के साथ सतत लड़ती हुई कांग्रेस का संदेश साफ है कि वह लोकतंत्र की रक्षा में पीछे नहीं हटेगी। अधिवेशन में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने भाषण के जरिये जहां स्पष्ट किया कि कांग्रेस अपनी विरासत की रक्षा के प्रति सतर्क है और वह इस पर किसी अन्य का अधिकार नहीं होने देगी, वहीं राहुल गांधी का उद्‌बोधन बतलाता है कि अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित वर्गों की आवाज वह उठाती रहेगी।

खड़गे ने कांग्रेस के नेतृत्व में छेड़े गये स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास के कई पन्ने पलटते हुए भाजपा की कलई खोलकर रख दी। उन्होंने अनेक दृष्टांत उद्धृत करते हुए भाजपा और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बतलाया कि जिन भाजपा-संघ के पास आजादी की लड़ाई में अपने योगदान के रूप में दर्शाने के लिए कुछ भी नहीं है, वे ही स्वतंत्रता संग्राम की विरासत पर दावा कर रहे हैं जो हास्यास्पद है। उन्होंने यह विसंगति भी सामने लाई कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी, परन्तु उन पर भी भाजपा अपना दावा करती है। दरअसल वह पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विरोध में पटेल को खड़ा कर रही है। भाजपा सरदार पटेल और नेहरू को एक-दूसरे के खिलाफ़ दिखाने की साजिश करती है जबकि सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे।

खड़गे का आरोप था कि भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी तमाम संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें विपरीत विचारधारा के लोगों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ, गुजरात विद्यापीठ आदि के उदाहरण दिये जिनमें आज गांधी विरोधी लोग प्रमुख पदों पर बैठे हुए हैं। उनका कहना था कि 'गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। उन्होंने तंज कसा कि ऐसी सोच रखने वाले गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं लेकिन उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते।' उन्होंने भाजपा-संघ पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार करने का भी आरोप लगाया जिसका 140 वर्षों का देश-सेवा और स्वतंत्रता की लड़ाई का इतिहास है।

राहुल गांधी ने जो कहा वह उनके हालिया विमर्श का ही एक तरह से पुनर्प्रस्तुतीकरण था। पिछले दिनों उन्होंने यह ईमानदार स्वीकारोक्ति की थी कि 'कांग्रेस ने अन्य पिछड़े वर्गों की उपेक्षा की जिसके कारण उसकी यह स्थिति हुई है।' अधिवेशन में उन्होंने इसे पुनर्प्रतिपादित करते हुए कहा कि 'पिछले कुछ वक्त से हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है। मुद्दे उठाते रहने हैं।' राहुल का बयान बताता है कि भाजपा-संघ के इस तरह के आरोपों से वह विचलित होने वाली नहीं है। लोकसभा में वे कह ही चुके हैं कि वे पिछड़ों की बात उठाते हैं इसलिये उन पर हमले होते हैं। याद हो कि अनुराग ठाकुर ने उन पर तंज कसा था कि 'जिसकी अपनी जाति का पता नहीं वह जातिगत जनगणना की मांग कर रहा है।'

उदयपुर (राजस्थान) में मई 2022 और रायपुर (छत्तीसगढ़) में फरवरी 2023 में हुए सीडब्ल्यूसी अधिवेशनों के परिप्रेक्ष्य में अहमदाबाद सम्मेलन को देखें तो कुछ बातें साफ होकर सामने आती हैं। पहली तो यही कि 2022 और 2023 के अधिवेशन जिन राज्यों में हुए थे वहां कांग्रेस की सरकारें थीं जो 2023 के अंत में हुए चुनावों में जाती रहीं, जबकि गुजरात भाजपा का सबसे मजबूत गढ़ है। यह एक तरह से मोदी-शाह को ललकारने जैसा है। कह सकते हैं कि राहुल जो 'डरो मत' का नारा देते हैं, उसे आगे बढ़ाने के लिये ही गुजरात में यह अधिवेशन आयोजित किया गया था। दूसरे, राजनीति में धर्म को लेकर जो ऊहापोह कांग्रेस में थी, वह भी अब जाती दिखी। वैसे भी 2024 के लोकसभा चुनाव में उसकी ताकत दोगुनी हुई है जो यह बतलाता है कि धीमे-धीमे ही सही लेकिन कांग्रेस के विमर्श को जन स्वीकृति मिल रही है।

सब कुछ एक ही अधिवेशन में तो तय होने से रहा, परन्तु उदयपुर से अहमदाबाद तक की कांग्रेस की यात्रा देखें तो उसका नैरेटिव व एजेंडा पहले के मुकाबले लगातार मजबूत होता जा रहा है। यदि किसी की शिकायत हो कि उसकी गति धीमी है, तो उसे यह ख्याल में रखना होगा कि उसकी लड़ाई किससे है। धर्म व नफ़रत पर आधारित भाजपा चुनाव जीतने के हर तरह के पैंतरे अपनाती है। फिर, कांग्रेस की लड़ाई दो-दो मोर्चों पर है- पहली तो भाजपा व संघ से और दूसरी आंतरिक, यानी अपने भीतर के भाजपायी स्लीपर सेल्स से। इसके बावजूद यह सच है कि कांग्रेस को इन्हीं परिस्थितियों में आगे बढ़ना है। अपने संदेश को लोगों तक साफ-साफ पहुंचाना और इस विमर्श के आधार पर चुनावी सफलताएं हासिल करना उसकी प्रमुख चुनौती अब भी बनी हुई है। संगठन यहां से क्या संदेश लेकर जाता है- यह तो भविष्य बतलाएगा।

# अमृतकाल में आभासी करोड़पति

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुसीबत थी हमारे ही लिए क्यूं।
ये माना हम जिए लेकिन जिए क्यूं।।

19 वीं सदी में मिर्ज़ा मोहम्मद हादी अज़ीज़ लखनवी के लिखे इस शेर को पढ़कर 20वीं सदी में लिखे शकील बदायूंनी के अमर गीत की पंक्तियां याद आ गईं- दुनिया में हम आए हैं तो जीना ही पड़ेगा, जीवन है अगर जहर तो पीना ही पड़ेगा। फिल्म मदर इंडिया का यह गीत जैसे आज भी करोड़ों भारतीयों की हकीकत ही है। गुलामी के लंबे दौर के बाद हम आजाद हो गए, और अब तो आजादी के अमृत महोत्सव को मनाकर आगे भी निकल चुके हैं, लेकिन जीवन के प्याले में जहर खत्म होने की जगह बढ़ता ही जा रहा है।

गरीबी अभिशाप है, यह वाक्य कहने के लिए ठीक है, मगर हकीकत है कि गरीबी मानवनिर्मित त्रासदी है। इंसानी सभ्यता के शुरुआती दौर में सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट यानी जो सर्वाधिक योग्य रहेगा, वो बचेगा, पनपेगा, ऐसी धारणा मानी जा सकती थी, भारत की आदि संस्कृति में इसी बात को दूसरे तरीके से कहा गया है कि -'दैवो दुर्बलघातक:' यानी भगवान भी दुर्बल को ही मारते हैं। लेकिन आज के युग में ऐसी बातें कतई स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। खासकर भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां आजादी के बाद लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को अपनाया गया, जिसमें राज्य पर लोककल्याणकारी होने की जिम्मेदारी तय की गई। अगर इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया जाए तो फिर न किस्मत को दोष देने की नौबत आएगी, न गरीबी को पिछले जन्म के कर्मों का परिणाम समझकर उसे अभिशाप कहा जाएगा। आज भारत में अगर 80 करोड़ लोग गरीबी के कारण पांच किलो अनाज लेने पर मजबूर हैं तो यह सवाल सरकार से बनता है कि आखिर पांच सालों से चल रही इस योजना को और कितने साल चलाया जाएगा। कब हालात ऐसे बनेंगे कि हर हाथ को काम होगा ताकि आत्मसम्मान के साथ अपने भोजन-पानी का इंतजाम नागरिक खुद करें। अफसोस की बात है कि इस बुनियादी सवाल पर लगभग शून्य चर्चा होती है। अगर कहीं सवाल उठे तो मोदी महामानव हैं, अवतारी हैं, ऐसे कसीदे गढ़कर उन जवाबों को खारिज किया जाता है। हाल ही में भाजपा सांसद कंगना रानौत ने नरेन्द्र मोदी को अवतारी कहा है और ये अकेला या पहला उदाहरण नहीं है। जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, उन्हें प्रात:स्मरणीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। हालांकि ऐसी प्रशस्तियों से कोई इंसान वाकई भगवान का अवतार नहीं बन जाता, नरेन्द्र मोदी इंसान हैं और वहीं रहेंगे। और इंसान नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री की कुर्सी पर जब बैठे हैं तो स्वाभाविक तौर पर उनसे ही सवाल किए जाएंगे कि अगर उनके शासन में लोगों को किसी भी किस्म का कष्ट है तो उन्हें दूर करने के लिए वे क्या उपाय कर रहे हैं।

मगर ऐसे सवाल करने की जगह हिंदू-मुस्लिम विमर्शों में वक्त जाया किया जा रहा है, या फिर ऐसी खबरें प्रसारित-प्रचारित हो रही हैं, जिनका जनसामान्य से कोई लेना-देना नहीं है। अभी पिछले साल मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी के पहले के भव्य जलसे और बाद में शादी की धूमधाम कितने वक्त तक मीडिया में छाई रहीं ये पाठकों को याद होगा। फिर उन्हीं अनंत अंबानी के निजी जंगल वनतारा पर ऐसी खबरें बनने लगीं, हालंकि यहां भी जो सवाल उठाया जाना चाहिए था कि कैसे किसी व्यक्ति को जंगल बनाकर उसमें जंगली जानवरों को पालतुओं की तरह रखने की छूट दी गई, वो लगभग गुम ही रहा। अब अनंत अंबानी की एक और खबर कई दिनों तक दिखाई जाती रही। जामनगर से द्वारकाधीश तक की पदयात्रा उन्होंने की। रोजाना लगभग 20 किमी की यात्रा अनंत अंबानी 5-6 घंटे में करते थे।

> गरीबी अभिशाप है, यह वाक्य कहने के लिए ठीक है, मगर हकीकत है कि गरीबी मानवनिर्मित त्रासदी है। इंसानी सभ्यता के शुरुआती दौर में सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट यानी जो सर्वाधिक योग्य रहेगा, वो बचेगा, पनपेगा, ऐसी धारणा मानी जा सकती थी, भारत की आदि संस्कृति में इसी बात को दूसरे तरीके से कहा गया है कि -'दैवो दुर्बलघातक:' यानी भगवान भी दुर्बल को ही मारते हैं।

एक व्यक्ति की निजी उद्देश्यों के लिए गई पदयात्रा किस तरह बाकी समाज का सरोकार बन सकती है, ये समझ से परे है। मगर पत्रकारिता के नाम पर चाटुकारों की मंडली ने इसमें कई किस्म की खबरें ढूंढ निकाली। जैसे अनंत अंबानी रोजाना हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पढ़ते हुए चलते थे। अच्छी बात है, लेकिन इस देश में करोड़ों हिंदू रोजाना ऐसे ही पाठ करते हैं, तो क्या ये खबर बन गई। फिर बताया गया कि अनंत अंबानी कुशिंग सिंड्रोम नामक एक दुर्लभ हार्मोनल बीमारी से जूझते हैं, उन्हें मोटापा, अस्थमा जैसे कई रोगों की दिक्कत है। उनके अच्छे स्वास्थ्य लाभ की कामना है, लेकिन एक व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित है और वो भक्ति और आस्था के साथ पदयात्रा कर रहा है, इसमें भी कौन सी खबर है। क्योंकि इस देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जो टीबी, अस्थमा, कैंसर, हेपेटाइटिस बी जैसी घातक बीमारियों के साथ-साथ बुखार, जुकाम आदि साधारण समझी जाने बीमारियों से भी जूझते हुए रोजाना काम करते हैं, ताकि जीवनयापन हो सके। ये काम लाव लश्कर के साथ की जाने वाली पदयात्रा से कहीं ज्यादा कठिन है। अगर घर में झाड़ू पोंछा, बर्तन करने वाली महिलाएं खुद की या बच्चों की बीमारी के कारण एक से दूसरे दिन की छुट्टी कर लें, तो लाखों कमाने वाले लोग उनके 2-3 हजार मासिक वेतन में से सौ-पचास रूपए काट लेते हैं। इस पर क्या कभी कोई खबर बनी है। पांच साल पहले लॉकडाउन के वक्त श्री मोदी ने मजबूरी में कितने लोगों को सैकड़ों किमी की पदयात्रा करने पर मजबूर कर दिया था, क्या उसे भूला जा सकता है। असली खबरें तो वहां थीं, लेकिन मीडिया में अनंत अंबानी अचानक ध्यानाकर्षण का नया किरदार बन गए हैं। इसकी असली वजह शायद आने वाले वक्त में सामने आए।

वैसे मुकेश अंबानी ने हाल ही में एक अवार्ड समारोह में कहा कि अब जमाना सर्वाइवल ऑफ द काइंडेस्ट का है, ये बात उन्होंने अपनी बेटी ईशा अंबानी को इंगित करके कही, ईशा को भी इस समारोह में अवार्ड मिला था। उनके मुताबिक दुनिया अब ज्यादा उदारता, सहानुभूति और सहृदयता की तरफ बढ़ रही है, इसलिए जमाना सबसे भले लोगों का है। अब पाठक खुद सोचें कि क्या वाकई ऐसा है। इजरायल गज़ा पर जो कहर बरपाया जा रहा है, उसकी खबरें यहां तक भी पहुंच रही हैं, मान लिया कि दूर होने के कारण लोग वहां के कष्ट को महसूस नहीं कर पा रहे। लेकिन क्या मणिपुर भी हमसे दूर है, क्या बिलकिस बानो भी हमसे दूर हैं, क्या गरीबों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, आदिवासियों पर रोजाना जो अत्याचार हो रहे हैं, वो भी किसी दूसरे ग्रह पर हो रहे हैं। लेकिन समाज को इन खबरों से अब पीड़ा कहां होती नजर आ रही है, क्योंकि समाज इन खबरों पर जब तक विचार करे, उसका ध्यान भटकाने के लिए नए मुद्दे खड़े कर दिए जाते हैं।

इसलिए हत्या, बलात्कार जैसे अपराधों में बंद गुरमीत राम रहीम जैसे अपराधी को बार-बार जेल से बाहर आने की इजाज़त मिल जाती है और उमर खालिद जैसे लोग बिना अपराध साबित हुए लंबे वक्त तक सलाखों के पीछे रखे जाते हैं। अभी 29 अप्रैल को डेरा सच्चा सौदा का स्थापना दिवस है, और मजे की बात है कि 13 बार फरलो पर बाहर आ चुका गुरमीत राम रहीम फिर 21 दिन के लिए बाहर है। कहने को उसे 20 साल की सजा मिली है, लेकिन असल में ये सजा के नाम पर मजाक बना कर रख दिया गया है।

मीडिया में सवाल इस पर भी होने चाहिए, मगर पूरा यकीन है कि इसे दबाने के लिए फिर कोई कब्र खोदने, मजार तोड़ने जैसी धमकियों वाली खबर आ जाएगी। या फिर खड़गे जी को कांग्रेस अधिवेशन में अलग कुर्सी पर क्यों बिठाया गया और क्यों राहुल गांधी, सोनिया गांधी सोफे पर बैठे, ऐसे अनावश्यक मुद्दों पर माथापच्ची की जाएगी।

भारत के आम लोग जी तो रहे हैं, लेकिन जिंदा रहना जरूरी है, केवल इसलिए जी रहे हैं, इस जीने में सम्मान, खुशी, आराम, चैन ये सिरे से गायब है। बाकी लोगों को इन भावनाओं का अहसास कराने का एक और खेल सामने आया है, मुकेश अंबानी के जियो फाइनेंस लिमिटेड ने एक नई सुविधा शुरू की है, जिसके तहत डीमैट खाते में रखे शेयर और म्यूचुअल फंड को गिरवी रखकर कर्ज लिया जा सकता है। बताया गया है कि 10 मिनट में एक करोड़ का कर्ज मिल जाएगा। तो आभासी करोड़पति होने का जश्न मनाइए और जीते जाइए।

# संशोधित वक्फ अधिनियम को लागू करना मोदी सरकार के लिए बड़ी चुनौती

■ कल्याणी शंकर

वक्फ संपत्ति संशोधन अधिनियम-2025 को लेकर काफ़ी चिंता है, जिसे गत बुधवार को लोकसभा ने पारित कर दिया था। यह विवादास्पद विधेयक 1995 के वक्फ अधिनियम को आद्यतन करता है और केंद्र सरकार को वक्फ संपत्तियों पर ज़्यादा नियंत्रण देता है। अगले दिन राज्यसभा ने इसे मंज़ूरी दे दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले हफ़्ते इसे स्वीकृति प्रदान की और इस प्रकार यह विधेयक अब क़ानून में तब्दील हो गया है।

वक्फ इस्लाम के उद्देश्यों के लिए चल या अचल संपत्ति का समर्पण है और इतिहास में इसका एक महत्वपूर्ण स्थान है। इनमें मस्जिदें, मदरसे, आश्रय गृह और मुसलमानों द्वारा दान की गयी हज़ारों एकड़ ज़मीन शामिल हैं। इनका प्रबंधन बोर्ड द्वारा किया जाता है, तथा कुछ को अपनी संपत्तियों पर अतिक्रमण के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 (उमीद) पारदर्शिता, जवाबदेही, आधुनिकीकरण तथा दक्षता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन प्रस्तुत करता है। इसमें गैर-मुस्लिम प्रतिनिधित्व, सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं तथा वित्तीय सुधार के प्रावधान शामिल हैं। इन परिवर्तनों में अतिक्रमण को रोकना तथा संसाधनों का उपयोग समुदाय के कल्याण के लिए सुनिश्चित करना शामिल है।

> संशोधन वक्फ न्यायाधिकरण को बहुत अधिक लचीलापन प्रदान करता है, क्योंकि इसमें विलंब के लिए 'पर्याप्त कारण' नहीं बताया गया है। यह विस्तार के लिए अधिकतम समय भी निर्धारित करता है तथा अनुरोध करने के लिए चरणों की रूपरेखा भी बताता है। सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन ने अल्पसंख्यकों के लिए लाभकारी बताते हुए इस कानून का दृढ़तापूर्वक बचाव किया।

संशोधन वक्फ न्यायाधिकरण को बहुत अधिक लचीलापन प्रदान करता है, क्योंकि इसमें विलंब के लिए 'पर्याप्त कारण' नहीं बताया गया है। यह विस्तार के लिए अधिकतम समय भी निर्धारित करता है तथा अनुरोध करने के लिए चरणों की रूपरेखा भी बताता है।

सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन ने अल्पसंख्यकों के लिए लाभकारी बताते हुए इस कानून का दृढ़तापूर्वक बचाव किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया, 'संसद द्वारा पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ावा देगा तथा लोगों के अधिकारों की भी रक्षा करेगा,' उन्होंने सोशल मीडिया एक्स में लिखा।

सरकार का कहना है कि 1995 के कानून में वक्फ संपत्तियों, शीर्षक विवादों तथा वक्फ भूमि पर अवैध कब्जे को विनियमित करने के संबंध में कुछ खामियां हैं। केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'अगर सरकार यह विधेयक नहीं लाती है, तो संसद भवन और हवाई अड्डे को वक्फ संपत्ति माना जायेगा।' यह संदर्भ हमें उन विशिष्ट मुद्दों को समझने में मदद करता है, जिन्हें संशोधन संबोधित करने का लक्ष्य रखता है।

इस सप्ताह संसद में लगभग 12 घंटे तक चली बहस के दौरान विपक्ष ने इसे मुस्लिम विरोधी कदम बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि निचले सदन में 288 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया, जबकि 232 ने इसका विरोध किया। 'इससे हम अनुमान लगा सकते हैं कि विभिन्न दलों के विरोध के बावजूद, यह विधेयक मोदी सरकार द्वारा मनमाने ढंग से लाया गया।' विचारों की यह विविधता इस मुद्दे की जटिलता और महत्व को दर्शाती है।

कांग्रेस सदस्य इमरान मसूद ने सरकार से पूछा कि वह 'अभ्यास करने वाले मुसलमान' को कैसे परिभाषित करेगी। उन्होंने पूछा, 'आपकी परिभाषा क्या है? सभी मुसलमान पांच बार नमाज़ नहीं पढ़ते हैं, और सभी मुसलमान रोज़ा नहीं रखते हैं। मानदंड क्या होंगे?'

मुस्लिम समूहों ने तर्क दिया है कि वक्फ विधेयक का उद्देश्य वक्फ कानूनों को कमजोर करना है। उनका मानना है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। यह अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता को कमजोर करेगा। उन्होंने बढ़ते सरकारी नियंत्रण और व्यापक परामर्श की कमी का भी विरोध किया। ये चिंताएं मुस्लिम समुदाय पर विधेयक के संभावित नकारात्मक प्रभाव और आगे की चर्चा और परामर्श की आवश्यकता को उजागर करती हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों का मानना है कि यह सरकार को बहुत अधिक शक्ति देता है और वर्तमान कानून में कई बदलावों का सुझाव देता है। लोकसभा में बोलते हुए, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि यह विधेयक 'संविधान को कमजोर करेगा, अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करेगा, भारतीय समाज को विभाजित करेगा और अल्पसंख्यकों को वंचित करेगा।'

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने विधेयक का बचाव करते हुए कहा कि विपक्ष अल्पसंख्यकों को डरा रहा है और 'यह भ्रम पैदा कर रहा है कि यह विधेयक मुस्लिम भाइयों की धार्मिक गतिविधियों और उनकी दान की गयी संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा।' सरकार का दावा है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी बनायेगा।

इस विधेयक को पहली बार पिछले साल अगस्त में संसद में पेश किया गया था। कड़े विरोध के कारण इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने संशोधित संस्करण प्रस्तुत किया जिसमें समिति द्वारा सुझाये गये 25 बदलाव शामिल हैं। जेपीसी में विपक्ष और सत्ताधारी पार्टी दोनों के सदस्य थे।

समर्थकों का दावा है कि वक्फ बोर्ड भारत के सबसे बड़े भूस्वामियों में से हैं। कम से कम 872 51 वक्फ संपत्तियां हैं, जो 940,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली हुई हैं। इन संपत्तियों का मूल्य लगभग 12खरब रुपये या लगभग 14.22अरब डॉलर है।

मुसलमानों के लिए एक चिंताजनक संशोधन सरकार को राज्य स्तरीय वक्फ बोर्डों में दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। यह वक्फ बोर्डों की सामान्य संरचना को बदल देता है, जिसमें आमतौर पर केवल मुसलमान शामिल होते हैं क्योंकि वक्फ संस्थाएं इस्लामी कानून पर आधारित होती हैं।

संशोधन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह वक्फ न्यायाधिकरण को बहुत लचीलापन देता है, क्योंकि यह निर्दिष्ट नहीं करता है कि देरी के लिए 'पर्याप्त कारण' क्या है। जे.पी.सी. ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के संशोधन को स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया है कि नियुक्त सरकारी अधिकारी संयुक्त सचिव स्तर का होना चाहिए, जिसे वक्फ मामलों में विशेषज्ञता हासिल हो। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बोर्ड में जानकार लोग शामिल हों।

संशोधित विधेयक में वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम प्रतिनिधित्व का प्रावधान बरकरार रखा गया है। फिर भी, यह न्यायाधिकरण में इस्लामी कानूनी विशेषज्ञता की आवश्यकता के साथ इसे संतुलित करता है। यह शामिल विभिन्न पक्षों के बीच एक समझौते का प्रतिनिधित्व करता है।

वक्फ (संशोधन) विधेयक, जो अब एक अधिनियम है, एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। फिर भी, इसकी सफलता अंतत: सावधानीपूर्वक निष्पादन, हितधारक जुड़ाव और सभी समुदायों के लिए निष्पक्षता पर निर्भर करेगी।

## आपके पत्र

### शहरों में जानवरों की बढ़ती उपस्थिति : एक चेतावनी

वन्यजीव संघर्ष क्यों बढ़ रहा है? एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल औसतन 100 से अधिक लोग हाथियों के हमलों में मारे जाते हैं, और दर्जनों बाघ-मानव संघर्ष की घटनाएं सामने आती हैं। मगर इन घटनाओं के पीछे की सच्चाई यह है कि वन्यजीवों का घर सिकुड़ता जा रहा है। जंगलों में भोजन और पानी की कमी उन्हें मानव बस्तियों की ओर खींचती है। कभी-कभी वे रास्ता भटक जाते हैं, तो कभी उन्हें मजबूरी में खेतों और घरों में घुसना पड़ता है। यह संघर्ष उनके लिए भी घातक है—हर साल सैकड़ों जानवर इंसानी जवाबी हिंसा में मारे जाते हैं।

बंदरों का शहरों में आना आज एक आम दृश्य बन गया है। दिल्ली, वाराणसी, जयपुर, और देहरादून जैसे शहरों में बंदरों की आबादी तेज़ी से बढ़ी है। कारण स्पष्ट हैं—कम होती हरियाली, अधिक होता कूड़ा, और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन। इसी तरह, आवारा कुत्तों की संख्या भी शहरों में नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। भारत में लगभग 3.5 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, और हर साल हजारों लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। मगर यह समस्या केवल स्वास्थ्य या सुरक्षा की नहीं है; यह समस्या हमारे कुप्रबंधन और लापरवाह विकास की है। हमने कूड़ा फेंकने के तरीकों को सुधारा नहीं, सार्वजनिक पशु-नियंत्रण कार्यक्रमों को प्राथमिकता नहीं दी, और अब जब जानवर हमारी बस्तियों में दिखते हैं, तो उन्हें 'संकट' कह कर खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करते हैं।

असल में हम ही उनके घरों में घुसे थे, उनकी ज़मीन छीनी, और अब जब वो अपनी जगह पाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें दोषी ठहराते हैं।

**क्या हो सकता है समाधान?**

भारत में Wildlife Protection Act 1972 और Forest Conservation Act 1980 जैसे सशक्त कानून हैं, लेकिन उनके लागू करने में अनेक समस्याएं हैं। वन विभाग अक्सर संसाधनों और जनबल की कमी से जूझता है। इसके अलावा, जब विकास परियोजनाओं और वन्यजीव संरक्षण में टकराव होता है, तो अक्सर विकास को तरजीह दी जाती है, भले ही उसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी हों। इस संकट से उबरने के लिए केवल नीतियां नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन ज़रूरी है। कुछ संभावित उपाय इस प्रकार हैं-शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र सुनिश्चित किया जाए— पार्क, बाग़-बगीचे, और वृक्षारोपण को केवल सजावटी पहलू नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी के हिस्से के रूप में देखा जाए। वन्यजीव गलियारे विकसित किए जाएं— जिससे जानवरों को सुरक्षित आवागमन का रास्ता मिले। कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए ताकि जानवर शहरी कूड़े पर निर्भर न हों। मीडिया और शिक्षा में संवेदनशीलता लाई जाए — जानवरों को 'आतंकवादी' बताने के बजाय उनके संघर्ष को समझने और सहानुभूति की भाषा अपनाई जाए। स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाए — उन्हें संरक्षण के साझेदार बनाना होगा, विरोधी नहीं।

अंतिम बात, इंसान अकेला नहीं है इस धरती पर। हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। जंगलों, नदियों, पहाड़ों, और समंदरों के साथ-साथ हर जीव-जंतु का इस पर उतना ही अधिकार है जितना हमारा। जब हम शहरों का विस्तार करते हैं, जब हम मॉल और एक्सप्रेसवे बनाते हैं, तब हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी न किसी की ज़मीन छीनी जा रही है—कभी किसी हिरन की, कभी किसी हाथी की। हम अगर प्रकृति से लड़ते रहेंगे, तो अंतत: हार हमारी ही होगी

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### चीन, ओबोर और भारत

'लगभग चार साल पूर्व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वाणिज्यिक महत्व के दो प्रकल्प घोषित किए- सिल्क रोड इकानॉमिक बेल्ट तथा ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी मेरीटाइम सिल्क रोड (इक्कीसवीं सदी सामुद्रिक रेशम मार्ग)। इन दोनों को संयुक्त रूप से वन बेल्ट वन रोड याने ओबोर के नाम से अब जाना जाता है। चीन के ही कुछ अर्थशास्त्रियों की राय है कि विगत वर्षों में चीन ने अपनी औद्योगिक उत्पादन क्षमता जिस गति से बढ़ाई है, उसमें उसे नए बाज़ार ढूंढने की आवश्यकता महसूस हो रही है, जहां वह अपने यहां उत्पादित सामग्रियां खपा सके। बाज़ार में माल खपेगा तो आर्थिक शक्ति बढ़ेगी जिससे विश्व में खासकर एशिया में चीन का दबदबा बढ़ेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को दुनिया के सामने औपचारिक रूप से रखने के लिए उसने गत 14-15 मई को बीजिंग में बेल्ट रोड इनीशिएटिव या बीआरआई शीर्षक से एक अंतरराष्ट्रीय शीर्ष सम्मेलन का आयोजन किया। 29 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इसमें शिरकत की, 30-35 अन्य देशों ने उच्चस्तरीय शिष्ट मंडल भेजे, 130 वैश्विक संगठनों ने भी भागीदारी निभाई, किंतु भारत ने ज़ाहिर तौर पर महत्वपूर्ण इस आयोजन में अनुपस्थित रहना बेहतर समझा।'

**(देशबंधु में 25 मई 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/05/blog-post_26.html

## महावीर जयन्ती आज

### भगवान महावीर और उनकी सर्वोदय दृष्टि

दुनिया के किसी भी धर्म में हिंसा की स्थान नहीं है फिर भी आज हिंसा का बोलबाला है। आज मानव जीवन के मूल्य क्षीण होते जा रहे हैं। रक्त की नदियां बह रही हैं। आज धर्म की ओट में अधर्म सक्रिय है। समस्याओं के घेरे में विश्व घिरा हुआ है, इसका मुख्य कारण है समस्या प्रति दृष्टिकोण की अपरिपक्वता तथा अस्वस्थता।

भगवान महावीर ने साधना की ऊंचाइयों को छुआ तब उजालों के प्रति जन जन में विशेष अनुराग न था, प्रसुप्ति की गोद में स्थित अनेकानेक आत्माएं अंधकार में भटक रही थीं। आज भी यन्त्रणा का वही दौर चल पड़ा है।

सीधे-साधे यह कहा जाये कि महावीर जयन्ती मनाना निरर्थक है तो इस कथन के पीछे कोई दुर्भाव नहीं है। केवल यह भाव है कि जब महावीर को अपने जीवन में अपनाना नहीं है, उनके कालजयी सिद्धान्तों का परिपालन ही नहीं करना है तो सि यह लोक दिखावा भला क्या मूल्य रखता है?

जयन्ती के दिन विशाल आयोजनों में बड़े-बड़े मंचों से भगवान महावीर के जो कुछ भावना व्यक्त की जाती है, उससे तो यही लगता है कि ये लोग भगवान महावीर के प्रति सर्वात्मना समर्पित हैं।

आज विश्व में जितनी भी हिंसा है, परिग्रह है, असत्य है, लूटपाट है अब्रह्मचर्य है उसके पीछे मात्र एक ही कारण है और वह है प्रभु महावीर की अवहेलना। जब हम किसी की बात नहीं मानना चाहते हैं, तो उसे पूजनीय बनाकर कहीं एक ओर स्थापित कर देते हैं और फिर उसी के नाम पर अपनी राजनीति की, स्वार्थ की रोटियां सेंकते हैं।

महावीर के अनुपम सिद्धान्तों के कारण उस युग में मानव की करुण भावना जगी थी। वह अनेक सन्दर्भों में करुणाशील हो गया था परन्तु लगता है बाद में भयंकर अपरिमेय अवस्था से तालमेल नहीं बिठा सका। असीम उपलब्धियों का बोझ वहन नहीं कर सका। वह अशान्त तो हो गया पर उसे स्वीकारने के संकोच में बाहर मे वह यही दर्शाता रहा कि उसके बराबर कोई भी सक्षम नहीं है। उसी का यही छुपाव, दुराव हमारी आयोजना को कमजोर बनाता है।

आज वैमनस्य प्रसार पा रहा है। वास्तव में वह मनुष्य के मन का अपना ही विकार है क्योंकि जिस विशुद्धता का वातावरण भगवान महावीर ने दिया था उसमें न कोई वर्ग था, न ही कोई भेद। भगवान महावीर ने प्राणीमात्र से मैत्री का स्वर उच्चारा था। वे पापी से नहीं पाप से घृणा करने की सीख देते थे। यह घृणा भी केवल उस सीमा तक थी जब तक पापी उस पाप के प्रति पश्चाताप की मुद्रा में न आ जाए, उससे निवृत्ति न पा ले।

क्रूरकर्मा अर्जुनमाली ने कभी जीवन में सोचा भी न होगा कि उसके जीवन में जो प्रतिकूलता आई है वह पूरी तरह से अनुकूल हो जायेगी, परन्तु जब सेठ सुदर्शन को उसने अभय मुद्रा में पाया तो वह भी उनके साथ हो गया। प्रभु महावीर ने उसे विलकुल सहज रूप में देखा और स्वीकारा। प्रभु के इस अनुग्रह से वह कृतकृत्य हो गया। उसने प्रभु की शरण में आने की भावना प्रकट की।

**-कांतिकुमार माडोत**

# सरभंगा टाइगर सफारी बनाए जाने की मांग

## बुंदेलापुर में लगी चौपाल, कराये गये हस्ताक्षर, 2 से 3 दर्जन बाघ करते हैं खुले में विचरण

- **सरभंगा टाइगर रिजर्व बनेगा तो दुनिया चित्रकूट का नाम जानेगी**



**मझगवां, देशबन्धु।** सरभंगा में टाइगर सफारी बनाने की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेती जा रही है। इस मांग के समर्थन में बुधवार को चित्रकूट विधानसभा के कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव आशुतोष द्विवेदी ने सरभंगा में टाइगर सफारी बनाए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत चितहरा के बुंदेलापुर में जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर सर्वप्रथम आशुतोष ने जनता के बीच चौपाल लगाकर हस्ताक्षर अभियान शुरूकरते हुए कहा की अगर सरभंगा टाइगर रिजर्व बनेगा तो दुनिया चित्रकूट का नाम जानेगी। हमारे बच्चों व आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति का अनमोल ज्ञान प्राप्त होगा। स्थानीय भाई-बहनों को काम और सम्मान मिलेगा इसलिए आइए और हम सब मिलकर इस सपने को सच बनाएं सरभंगा को टाइगर रिजर्व बनाएं।

### क्षेत्र की बदलेगी दशा

आशुतोष ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे क्षेत्र में बिल्लियों की तरह तेंदुवे गली-गली में विचरण कर रहे हैं। 2 से 3 दर्जन बाघ खुले में विचरण करते हैं आए दिन गाय बैलों के अवशेष उनके शिकार किए हुए मिलते हैं। कभी भी किसी प्रकार की कोई बड़ी दुर्घटना इस क्षेत्र में घटित हो सकती है । अगर इस रामवन गमन पथ के मार्ग पर सरभंगा टाइगर सफारी की स्थापना होती है तो निश्चित ही इस क्षेत्र की दिशा और दशा बदलने में देर नहीं लगेगी।

### ये रहे मौजूद

आयोजित चौपाल में मुख्य रूप से रूप से शिवम अग्रवाल जैतवारा, कैलाश सिंह बुंदेला, रमेश मिश्रा अमीरती, ठाकुर प्रसाद मिश्रा अमीरती, दद्दू सिंह खोरड़ी, मंटी मिश्रा नोगवां, कुलदीप सिंह पगार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मैनहा तालाब में जल चौपाल, सभी ने ली शपथ

- **हम पानी की बूंद-बूंद बचाएंगे**



**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जन-जन को जागृत करने और जल हितों के संरक्षण को लेकर 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान का आव्हान किया गया है। इसी के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उचेहरा में वसुंधरा जन सेवा समिति द्वारा आदर्श ग्राम मैनहा के तालाब में जल चौपाल एवं साफ -सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जल के महत्व और उसके संरक्षण पर विशेष चर्चा की गई । प्रस्फुटन समिति के सदस्य ने जल चौपाल के माध्यम से शपथ लिया कि हम पानी की बूंद- बूंद बचाएंगे और जल हितों को संरक्षित रखते हुए निरंतर उसकी सफाई और सुरक्षा करेंगे। जल चौपाल के उपरांत उपस्थिति समस्त प्रतिभागियों द्वारा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान डॉ. राजेश तिवारी, श्याम सुन्दर मिश्रा, विश्राम प्रसाद सिंगरौल, संतोष सिंगरौल, शिक्षक, रामप्यारे लोधी, वरिष्ठ समाज सेवी बद्री प्रसाद लोधी, उत्तम कुमार गर्ग, राजाराम सिंगरौल, कैदीलाल कोल, संतोष केवट, वसुंधरा जन सेवा समिति संस्था मैनहा के संस्था प्रमुख ब्रजेन्द्र प्रकाश दहायत, वीरेंद्र प्रताप सिंह काकी फाउंडेशन लोहरौरा, दीपक दहिया, जय सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रिया सिंह, विकासचंद, चंद्रप्रकाश, जयप्रकाश, अरुण सेन, ओमकार बुनकर, रावेन्द्र प्रसाद, चंद्रिका पाल, हनुमान सिसोदिया, सतवंत सिंह, लक्ष्मी प्रजापति, पुष्पांजलि सिंह परिहार, अनिलेश सतनामी, राजनारायण सेन, अनिल वर्मा सहित काफी संख्या में लोग रहे।

## सार-समाचार

### दहेज हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**सतना, देशबन्धु।** दहेज हत्या के फरार चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सतना ने पांच- पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार, ससुराल वालों से प्रताड़ना मिलने पर खुशबू द्विवेदी पति अतुल द्विवेदी की 8 जनवरी 2025 को मृत्यु हो गई थी। इसी मामले में थाना जैतवारा के अपराध क्रमांक 37/25 धारा 103(1), 80(2), 85, 3(5) बीएनएस, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में फरार आरोपी अतुल द्विवेदी पिता सुमन द्विवेदी, सुमन द्विवेदी पिता गोविंद प्रसाद द्विवेदी, मिथलेश द्विवेदी पति सुमन द्विवेदी, काजल पुत्री सुमन द्विवेदी पति विद्यानिधि शुक्ला सभी निवासी ग्राम अमिलपुर थाना जैतवारा घटना घटित कर घटना के बाद से ही फरार हैं। तमाम प्रयास के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इन चारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सतना ने पांच- पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

### फोटोग्राफी ट्रेड एशोसियेशन भी हुआ सम्मिलित




**सतना, देशबन्धु।** हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें सतना फोटोग्राफी ट्रेड एशोसियेशन भी सम्मिलित हुआ। शंकर वर्मा मीडिया प्रभारी ने बताया कि शोभायात्रा में बड़ी संख्या में फोटोग्राफर साथियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा का पूरा वातावरण राममय रहा। शोभायात्रा में फोटोग्राफर अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सचिव विनोद पंडित, कोषाध्यक्ष कुलदीप चौरसिया, सह सचिव विनोद सेन, सुशील सेन, प्रमोद विश्वकर्मा, महेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता सोहावल, महेंद्र चौरसिया, अरविंद कुशवाहा, रामचंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता, मुकेश मिश्रा, मुकेश मौर्या, राजीव तिवारी, रोहित सिंह, डिंपल खरे, दीपक रैकवार, भरत शाह, शिव सिंह, मनीष पटेल, शिवम सोनी, केसी गुप्ता, अमित गुप्ता, राजा भैया, मयंक गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि शामिल रहे।

### कश्यप ऋषि की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**सतना, देशबन्धु।** श्रीरामनवमी शोभायात्रा में श्री कसौधन वैश्य समाज द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि की दिव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समाज की झांकी को क्रमांक 56 प्राप्त हुआ था। झांकी के आगे समाज के पदाधिकारी और सामाजिक बंधु श्रद्धा और अनुशासन के साथ भक्तिमय धुनों पर जयकार करते हुए नृत्य करते चल रहे थे। मीडिया प्रभारी महेश गुप्ता ने बताया कि शोभायात्रा में समाज के युवाओं, वरिष्ठजनों व महिलाओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। पुराना पावर हाउस चौक स्थित धर्मशाला के सामने समाज की ओर से सभी श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा के साथ ठंडाई की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में राधिका प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, गणेश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, राजेश गुप्ता, श्रीनाथ गुप्ता, रामपाल गुप्ता, डॉ. रामलाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, कमलेश गुप्ता, महेश प्रसाद गुप्ता शिक्षक, राजेंद्र गुरु, धीरेंद्र गुप्ता, सविता गुप्ता, शोभना गुप्ता, आरती गुप्ता, रचना गुप्ता, गायत्री गुप्ता, वंदना गुप्ता, रेनू गुप्ता, शशि गुप्ता, प्राची गुप्ता, जगदीश कश्यप, अशोक गुप्ता, दौलत गुप्ता, हरचरण दास, सतीश गुप्ता, आलोक गुप्ता, दयाल दास, जितेंद्र गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, राहुल गुप्ता, विकास गुप्ता, योगेश गुप्ता, शिवम गुप्ता, राज गुप्ता, नीरज गुप्ता, सागर गुप्ता, संजय गुप्ता, छवी गुप्ता, शरद गुप्ता, सुरेश गुप्ता, शिवांशु गुप्ता, दीपक गुप्ता आदि शामिल रहे।



# सरकार शासन वही है काम करने की नीयत साफ होनी चाहिए





भाजपा सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**मैहर, देशबन्धु।** कस्बे के आरपी पैलेश में भाजपा का सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता कैलाश गौतम एवं अध्यक्षता रामकृपाल पटेल द्वारा किया गया आज तीन सत्र में आयोजित हुआ ये सम्मेलन मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, अरुण द्विवेदी, कैलाश गौतम, रामकृपाल पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार पूरे मध्य प्रदेश में 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल डॉ अंबेडकर जयंती तक संगठन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। जिसको भारतीय जनता पार्टी बूथ लेवल तक कई कार्यक्रमों को संचालित करने के दिशा निर्देश दिए गए थे। बुधवार को आयोजित सम्मेलन में तीन सत्र का आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता कैलाश गौतम एवं अध्यक्षता राम कृपाल पटेल द्वारा किया गया। वहीं द्वितीय सत्र में अरुण द्विवेदी मुख्य वक्ता एवं अध्यक्षता मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने की। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने एवं अध्यक्षता विष्णु चौरसिया द्वारा किया गया। प्रथम सत्र में कैलाश गौतम ने भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की एवं कार्यकर्ताओं के अंदर उर्जा का मूल मंत्र भरा।

इस अवसर पर कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के मैहर मंडल नगर के अध्यक्ष विकास तिवारी द्वारा किया गया एवं इस अवसर पर सतीश मिश्रा, फूल सिंह टेकाम, देवेंद्र पाण्डेय, अंबुज द्विवेदी, संजय राय, ओमवाला सिंह, कामता सोनी, सुजीत शिवहरे, जगदीश, अनूप बुंदेला, सविता शर्मा, जितेंद्र पाण्डेय, भक्ति शर्मा, सविता अग्रवाल, गीता सोनी, मणिदीप तिवारी, जयंती तिवारी, मोनिका दहिया, संतोष सोनी, सुबोध मिश्रा, अमित राय, सुरेश तिवारी, चंदा सिंह, प्रिंस शर्मा, बेटा लाल सिंह, सचिन मिश्रा, पद्मा शुक्ला, आदित्य नारायण शुक्ला, अभिषेक जायसवाल, विनोद चौरसिया, अखिल गोयल, काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आजादी के बाद भी गुलामी की जिंदगी जी रहे थेः अरुण

इस दौरान द्वितीय सत्र में अरुण द्विवेदी द्वारा भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा चलाया गया परिवर्तन संदर्भ में विस्तार पूर्वक पार्टी के कार्यकर्ताओं को जानकारी उपलब्ध कराई कि किस तरह भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक एकता का एक बड़ा प्रतीक है।

### हर हाथ कामः कमलेश

इस अवसर पर कमलेश सुहाने ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों में विकसित भारत की ओर यात्रा संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि आज भारत एक ऐसी विशाल शक्ति के रूप में जाना जाने लगा है कि विश्व के पटल में भी लोग मोदी मोदी नाम के नारे लगाते हैं सरकारें वही है काम करने की नियत साफ होनी चाहिए । पूर्व की कांग्रेस सरकार शासन में होने के बावजूद आज सत्ता से बाहर हुई है क्योंकि उनकी नीति और नियत ही खराब थी(



### शंखधर ने लिया देहदान का संकल्प

**सतना, देशबन्धु।** मुख्तयारगंज निवासी शंखधर सिंह चौहान महंत स्वामी खिम्यादास की प्रेरणा से मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया। देहदान का संकल्प लेने पर स्वामी ने समाज को प्रेरणा देते हुए कहा निश्चित ही देहदान से समाज को अच्छे चिकित्सक और नेत्रहीनो को दृष्टि मिलती है। स्वामी के प्रेरणा से प्रेरित होकर अभी तक 10 लोगों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया है। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि शंखधर को स्वामी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर भाई प्रह्लाद, डॉ. ललित गुप्ता, गोपीचंद कापड़ी, नमो नारायण खत्री, बिमल मित्रा, मुकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# आजाद अध्यापक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**सतना, देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने प्रांताध्यक्ष भरत पटेल व प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया के निर्देश पर बुधवार को ज्ञापन डीईओ टी पी सिंह को दिया गया। दिये गये ज्ञापन में सतना जिले में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है इस कारण सभी विद्यालयों का समय सुबह साढ़े सात से साढ़े बारह बजे किया जाये। क्रमोन्नति से छूटे शिक्षकों के आदेश किये जायें। क्रमोन्नति प्राप्त शिक्षकों के वेतन फिक्सेशन करवा के एरियर एवं डी ए एरियर्स का भुगतान करने के आदेश सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी व संकुल प्रार्चायों को दिया गया। लोकायुक्त के प्रकरण को हल करके राज्य शिक्षा सेवा में सामिल करके आदेश जारी किया जाये। सभी शिक्षकों के कार्योत्तर अनुमति के आदेश एक साथ किया जाये। उक्त समस्याओं को जिलाशिक्षा अधिकारी टी पी सिंह ने जल्द से जल्द हल करने के लिये आश्वस्त किये हैं। बताया गया है कि सौंपे गये ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह, विनय कनौजिया, श्रद्धा सिंह, महेश तिवारी, लवकुश कोरी, मुकेश सिंह, अमित दुबे, राजेश सिंह, केपी साहू आदि मौजूद रहे।

# दीपयज्ञ के साथ हुआ यज्ञोपवीत संस्कार



**रामनगर, देशबन्धु।** दीपयज्ञ के साथ यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन हुआ। बताया गया है कि यह कार्यक्रम वार्ड नम्बर तेरह स्थित पत्रकार अशोक तिवारी के चिरंजीव सुपुत्र बटुक श्रियांश तिवारी के आयोजित ब्रतबन्ध संस्कार के उपरांत अखिल विश्व गायत्री परिवार युग निर्माण योजना शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आचार्य श्रीराम शर्मा ,वंदनीया भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म सानिध्य में सत्य सनातन वैदिक एक कुंडीय यज्ञ हवन पूर्णाहुति व दीप यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ सीधी पडखुरी आश्रम से आये हुए गायत्री परिजन पूर्व कृषि विकास अधिकारी के.आर सिंह, शिक्षक, विनोद पटेल, पूर्व शिक्षक के.डी. शर्मा , शिक्षक अरविंद निगम ने दैविक दिव्य वैदिक आचार्यों के माध्यम से उपस्थित जनों के साथ विभिन्न समिधाओं से वातावरण परिष्करण में महती भूमिका निभाई, युग ऋषि का पावन सन्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की उपेक्षा के चलते उत्तपन्न विपरीत परिस्थितियों से हमें सत्य सनातन संस्क्रति ही बचा सकती है, गायत्री की उपासना, आराधना, प्रार्थना करके शास्वत व साकार देव सविता की पूजा, उगते देव को अर्ध्य व नित्य बलि वैश्य यज्ञ अगर हर घर मे होने लगे तो, जो भी वैचारिक प्रदूषण से नुकसान हो रहा है, उससे संतति बच सकती है।

# संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 17 को होगा कलेक्ट्रेट का घेराव

- **न्यूनतम 21 हजार रुपए वेतन करने के लिए अड़ा मोर्चा**

**सतना, देशबन्धु।** नियमित रोजगार एवं न्यूनतम 21 हजार रुपए वेतन करने की मांग को लेकर अस्थाई, आउटसोर्स कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 17 अप्रैल को कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। बताया गया है कि प्रदेश के शासकीय विभागों, विभिन्न योजनाओं में काम करने वाले तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारी न्यूनतम वेतन से वंचित हैं, उनसे 3 से 5 हजार रुपए में काम कराया जा रहा है, उनकी नौकरी में भी सुरक्षा नहीं है, कभी भी उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाता है जबकि यह सरकार का महत्वपूर्ण काम करते हैं, इन कर्मचारियों में स्कूलों छात्रावासों के अस्थाई अंशकालीन चतुर्थ श्रेणी के भृत्य, सफाईकर्मी, रसोईयाकर्मी, ग्राम पंचायतों के चौकीदार, नल जल चालक, ग्राम पंचायतों के मनरेगा मेठ श्रमिक, स्कूलों के अतिथि शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, मध्यान्ह भोजन कार्यकर्ता, सहायक पटवारी सर्वेयर सहित विभिन्न विभागों के आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी शामिल हैं। इन्हीं सवालों को लेकर 17 अप्रैल को आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, पंचायत चौकीदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजभान रावत के नेतृत्व में कामगार क्रांति आंदोलन के तहत कलेक्ट्रेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा, इससे पहले सिविल लाइन चौपाटी पर धरना देकर सभा की जाएगी जिसे कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा संबोधित करेंगे। कामगार क्रांति आंदोलन में सतना, मैहर, रीवा, सीधी के अस्थाई कर्मचारी भी शामिल होंगे। कर्मचारी नेता डॉ. अमित सिंह ने कहा कि शासन की मुफ्त में काम कराने, उपयोग करो और हटा दो वाली नीति से तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के अस्थाई कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है, इसी अन्याय को समाप्त कराने यह पहल की गई है।





# बड़े अतिक्रमण नजर अंदाज कर बाड़ी हटाकर दिखाई सख्ती

- **रामनगर नप की कार्रवाई बनी चर्चा का विषय**

**रामनगर, देशबन्धु।** रामनगर नगर परिषद की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जहां शहर में बड़े-बड़े अतिक्रमण वर्षों से जमे हुए हैं, वहां नगर परिषद ने अपनी सख्ती एक गरीब पशुपालक की लकड़ी की बाड़ी पर ही दिखाई। दरअसल मामला है रामनगर के वार्ड नंबर 14 का है। जहां एक व्यक्ति ने सड़क किनारे गायों को बांधने के लिए लकड़ी की बाड़ी बनाई थी। वर्षों से ये बाड़ी वहां थी और स्थानीय लोगों को इससे कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन बुधवार को नगर परिषद के मुख्य नगर परिषद अधिकारी सुरेश सोनवानी ने कर्मचारियों को जेसीबी मशीन लेकर मौके पर भेजा और बाड़ी को ढहा दिया।

### यहां भी नजर डालिए साहब

हैरानी की बात यह है कि इसी वार्ड में राजन सोनी ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान खड़ा कर दिया, लेकिन वहां प्रशासन का बुलडोजर नहीं चला। इतना ही नहीं थाना चौराहे से लेकर अस्पताल चौराहे तक कई जगह अतिक्रमण पसरा पड़ा है। नगर परिषद के ही वार्ड 12 के पार्क में सब्जी मंडी चल रही है वही अवैध तरीके से जैसवाल बंधू ने भी अतिक्रमण किया है और लकड़ी की टाल स्थापित कर कब्जा किया हुआ है। इसके साथ ही वार्ड नंबर 5 अखाड़ा मंदिर के सामने एक रिटायर्ड पुलिस कर्मी ने पक्का मकान बनाया हुआ है। वही नगर परिषद के ही वार्ड नंबर 1 और 3 में बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा है, लेकिन नगर परिषद को यह सब नजर नहीं आता नगर परिषद क्षेत्र में भी पक्के निर्माण और दुकानों का सामान सड़क तक फैला हुआ है, लेकिन नगर परिषद के सूरवीर अफ्सरों की नजर सीधे गरीब पशुपालक की लकड़ी की बाड़ी पर ही पड़ी।

# सदर विस के सक्रिय सदस्यों का भाजपा ने कराया सम्मेलन



**चित्रकूट, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। सम्मेलन का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के प्रथम सत्र में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रपाल पटेल ने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की शुरुआत प्राथमिक सदस्यता अभियान से हुई। प्राथमिक सदस्यता से ही सक्रिय सदस्य बनकर सभी कार्यकर्ताओं ने सभी वर्गों को समाहित कर पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया।

भाजपा ने 11 वर्षों में पार्टी संगठन को निचले स्तर से लेकर शीर्ष तक लगातार मजबूत किया। पार्टी को वर्तमान स्थिति तक पहुंचाने में 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना अहम भूमिका थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने अपने दम पर बहुमत प्राप्त किया। द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्षा रंजना उपाध्याय ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक समृद्ध, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है।

तीसरे व अंतिम सत्र में पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि कश्मीर की क्यारियों में केसर की जगह बारूद उगाने व संकट की घड़ी में पश्चिम का दरवाजा खटखटाने की जो परंपरा को 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद समाप्त कर दिया गया। जब भारत वर्ष की राजनीति के पटल में सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादि चेतना व कुशल नेतृत्व के रूप में नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में पदार्पण हुआ। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, कार्यक्रमम संयोजक आलोक पांडेय, सहसंयोजक रामसागर चतुर्वेदी, आनन्द पटेल, फूलचंद राजपूत, देव त्रिपाठी, हरिओम करवरिया, ब्रजेश पांडेय, विपुल प्रताप सिंह, हीरो मिश्रा, दिव्या त्रिपाठी, रणबीर सिंह चौहान, बाबूलाल पटेल, प्रेमलाल बाल्मीकि, राजेश्वरी द्विवेदी, साधना सिंह, ज्योति सिंह चौहान, हेमंत सिंह, दिनेश पटेल, धीरेन्द्र सेंगर, संजय पांडेय, अर्पित जायसवाल, आभेष मिश्रा, अशोक पांडेय, विनीता द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



### विहिप व बजरंग दल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**अमरपाटन, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान में बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बताया गया है कि यह शोभायात्रा रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में दुर्गावाहिनी की बहनें भी शामिल हुईं। तो वहीं सजीव झांकी आकर्षण केन्द्र रही। बताया गया है कि यह शोभायात्रा राजा मैरिज गार्डन से शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, इस दौरान शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन शामिल रहे।

## दस साल की सजा काट कर लौटे अधेड़ ने फिर किया नाबालिग से दुष्कर्म, गिरफ्तार



**शहडोल, देशबन्धु।** यहां एक 13 वर्ष की छात्रा के साथ अधेड़ व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने इस घटना को पूर्व मंत्री के पांडवनगर में निर्माणाधीन मकान में अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते सुबह पांडव नगर स्थित एक अशासकीय स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा घर से साइकिल से स्कूल जा रही थी। तभी स्कूल के पास पंकज कटारे उम्र 54 बर्ष ने उसे रोका और उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ पूर्व मंत्री के पांडव नगर स्थित निर्माणाधीन मकान में ले गया और उसके साथ उसने दुराचार किया।

बताया जा रहा है कि घटनास्थल के समीप रहने वाले किसी व्यक्ति ने छात्रा को उक्त मकान के अंदर ले जाते देख पुलिस को इसकी सूचना दे दी। लेकिन जब तक पुलिस वहां पहुंचती आरोपी छात्रा की अस्मत लूट चुका था। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी वारदात को अंजाम देकर भागने की फिराक में था लेकिन उसे वहीं दबोच लिया गया।

ऐसा बताया जा रहा है कि आरोपी पंकज कटारे पूर्व में भी दुराचार व पॉक्सो एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। उसे 10 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया था और वह गत वर्ष ही जेल से रिहा हुआ है। इसके बाद एक बार फिर आरोपी ने हैवानियत दिखाते हुए छात्रा के साथ फिर वैसी ही वारदात को अंजाम दिया।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर काम किया

**पन्ना, देशबन्धु।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारीयों ने एक बार फिर सरकार की बादा खिलाफी के चलते आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है। कर्मचारीयों की पुन: विभाग में वापिसी एवं संविदा नीति 2025 में पुनर्विचार जैसे बिंदुओं को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश व्यापी आंदोलन के प्रथम चरण में अपने-अपने कार्य स्थल पर कार्य करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करना था जिसमें जिले के समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने अपने कार्य स्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज कर रहे हैं एवं आगामी 16 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकाल कर कलेक्टर पन्ना के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मचारियों के लिए कई सौगातें घोषणा के रूप में दी थी जिसमें मुख्य नियमित कर्मचारियों के समान सभी सुविधाएं देने का वादा किया था परंतु स्वास्थ्य विभाग की तानाशाही के चलते संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए 2025 की एक नीति बनाई गई जिसमें पूर्व में दी जा रही कुछ सुविधा भी काट दी गई।

## तेज रफ्तार वाहन पेड़ से टकराया, चालक की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कारीमाटी के पास देर रात एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। हादसे में सागर सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा यात्री नीलेश धुर्वे गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो अत्यधिक तेज गति से चल रही थी, जिससे वाहन चालक का नियंत्रण खो गया और गाड़ी सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और सागर सिंह वाहन में ही फंस गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे। घंटों की मशक्कत के बाद मृतक सागर सिंह के शव को वाहन से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

घायल की हालत नाजुक- गंभीर रूप से घायल नीलेश धुर्वे को 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक बताई है। उसे सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, और चेहरे पर भी गहरे जख्म हैं।

इधर हादसे के समय वाहन चला रहा व्यक्ति कौन था, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस यह जांच कर रही है कि चालक भी किसी अन्य वाहन से टकराकर घायल हुआ है या मौके से फरार हो गया। कोतवाली पुलिस वाहन के मालिक और चालक की जानकारी जुटा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## सार-समाचार



### फुटबॉल खिलाड़ियों को मिलेगा पीने का ठंडा पानी

**शहडोल, देशबन्धु।** उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा सागर द्वारा विचारपुर फुटबॉल मैदान में वाटर कूलर और वाटर टैंक खिलाड़ियों के पीने के पानी के लिए उपलब्ध कराया गया है।

जिसका शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष सुश्री सविता सोहाने पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल रेन्ज एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी शहडोल अभिषेक दीवान, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राघवेंद्र द्विवेदी थाना प्रभारी शहर कोतवाली शहडोल, एसडीओपी, ट्रस्ट के सदस्य सहायक संचालक खेल (एन आई एस)फुटबॉल कोच रईस अहमद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सोहागपुर अजय कुमार सोंधिया खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दयानंद सोंधिया की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बेल वेदर इंटरनेशनल स्कूल के संचालक सफदर हुसैन बोहरा, फुटबॉल कोच अनिल सिंह, नरेश कुंडे, शंकर दहिया, लक्ष्मी सहीश, युवराज बीवी कांबले भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की कलश शोभायात्रा आज

**मझौली, देशबन्धु।** मझौली की पावनधरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत ज्ञानयज्ञ दंडी संन्यासी बालयोगी परमहंस परिब्राजकाचार्य निर्भयानंद सरस्वती प्रतिवाद भयंकर आचार्यश्री काशी सम्पति सीधी के सानिध्य में वार्ड क्रमांक 12 नगर परिषद मझौली थाना के पीछे आयोजित की जा रही है। कथा का संचार कथा व्यास नागेंद्र किंकर ध्रुव के मुखारविंद से सुमधुर ध्वनि में होगा। कथा आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। यहां ऐतिहासिक सुंदर सुशोभित यज्ञशाला का निर्माण कराया गया है। कथा का शुभारंभ आज 10 अप्रैल गुरुवार को सुबह 8 बजे विशाल कलश शोभायात्रा निकाल किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र वासियों से कलश शोभा यात्रा में शामिल हो कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने तथा प्रतिदिन कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा विश्राम 17 अप्रैल गुरुवार को हवन पूजन ब्राह्मण भोज एवं भंडारा संपन्न किया जाएगा कथा का पूजन ,पारायण प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 तक संपन्न होगा।

### अधिवक्ता संघ के साथ की बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के लिए बुधवार को जिला न्यायालय के व्हीसी कक्ष में अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अभिभाषकगण से उनके पक्षकारों के राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में प्रि-सिटिंग में लेकर निराकरण करवाने का आह्वान किया गया। साथ ही राजीनाम योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को न्यायालयों द्वारा शीघ्र नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। विद्युत, क्लेम, नगर पालिका टैक्स व चेक अनादरण इत्यादि प्रकरणों को भी न्यायालय में प्रस्तुत करने के पूर्व प्रि-लिटिगेशन में रखवाकर लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराने की अपील की गई। राजीनामा व मीडिएशन के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण पर न्याय शुल्क वापसी संबंधी लाभ की जानकारी भी दी गई। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी एवं सचिव उदय त्रिपाठी सहित अभिभाषक आशा खरे, राघव त्रिवेदी, लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, धर्मेन्द्र पाण्डेय, बी.के. शुक्ला, राकेश कुमार तिवारी, साक्षी दुबे, सृष्टि त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, पवन पाण्डेय, करन सिंह, रोहित नायक व शशांक चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में जिलाध्यक्ष ने कहा, संगठन की व्यापकता से मिली सत्ता

**शहडोल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस साप्ताहिक पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार 9 अप्रैल को जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्य का सम्मेलन संभागीय मुख्यालय अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुआ। सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विषय पर विस्तार से अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में 97 हजार सक्रिय सदस्य तथा 1 करोड़ 73 लाख प्राथमिक सदस्य हैं। जिला अध्यक्ष श्रीमती चपरा ने

कहा कि संगठन के व्यापक विस्तार से ही सत्ता प्राप्ति का मार्ग खुलता है, आज हम सत्ता में संगठन की व्यापकता की वजह से ही हैं। भारतीय जनता पार्टी स्थापना 1980 की है किंतु हमारी राजनीति यात्रा 1951 जनसंघ की स्थापना के साथ प्रारंभ होती है तथा उससे भी पहले अगर अगर देखें तो हमारी मूल विचारधारा आजादी से पहले 1925 में विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से प्रारंभ होती है। हम ये कह सकते हैं कि 1925 से आज 2025 में हम सैद्धांतिक मापदंड पर 100 वर्ष पूरे कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष ने कहा हमारे सिद्धान्तों में सत्ता केवल जन सेवा और देश को गौरवशाली बनाने का माध्यम मात्र है। पूर्व भाजपा






### जयसिंहनगर विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन

जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा ले गए परिवर्तन के विषय पर विस्तार से चर्चा की। जयसिंहनगर विधायक व भाजपा प्रदेश मंत्री मनीषा सिंह ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी साथ के लगभग 11 वर्ष विकसित भारत की ओर यात्रा के विषय पर अपना उद्बोधन दिया। मंच का संचालन जिला महामंत्री कार्यक्रम के जिला प्रभारी संतोष लोहानी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सह प्रभारी रविन्द्र वर्मा ने किया। सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष शहडोल प्रियम त्रिपाठी, सोहागपुर धर्मेंद्र सिंह मीनू, सिंहपुर राकेश कुशवाहा, चूहरी राजीव तिवारी और गोहपारू मंगलेश्वर सिंह मंचासिन रहे। सम्मेलन प्रमुख रूप से राजेंद्र भारती, दुर्गा प्रसाद तिवारी, मनोज गुप्ता, योगेंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, राकेश सोनी, अनिल द्विवेदी, सुदीप शुक्ला, सुरेश शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा, शीतल पोद्दार, सुशील शर्मा, संजीव प्रताप सिंह, दिनेश दीक्षित उर्मिला कटारे, सत्यभामा गुप्ता, निभा गुप्ता और मीडिया प्रभारी विनय केवट सहित जयसिंहनगर विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## परिवहन घोटाले के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में परिवहन घोटाले को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार सरकार के खिलाफ हमलावर बनी हुई है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार नौरोजाबाद नगर के हृदय स्थल पीपल चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए और मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप कर पुतला दहन को नाकाम कर दिया और स्थिति को नियंत्रण में रखा।

मध्यप्रदेश में परिवहन घोटाले का मामला गरमाया हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश सरकार के संरक्षण में परिवहन विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। इस घोटाले



को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार पर हमलावर बनी हुई है और अलग-अलग जिलों में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में नौरोजाबाद में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और सरकार को घेरने की कोशिश की।

कांग्रेस का आरोप, सरकार बचा रही भ्रष्टाचारियों को- विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा सरकार घोटालेबाजों को बचाने का प्रयास कर रही है। उनका आरोप है कि परिवहन विभाग में हुए इस भ्रष्टाचार में बड़े अधिकारियों के साथ-साथ सरकार के कुछ प्रभावशाली नेताओं की भी संलिप्तता है। कांग्रेस ने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

सरकार और भाजपा का जवाब- वहीं, भाजपा और सरकार की ओर से इन आरोपों को निराधार बताया गया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस केवल झूठा प्रचार कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि यदि किसी तरह की अनियमितता हुई है तो उसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री के उपयोग पर होगी कार्रवाई

**पन्ना, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड इत्यादि की सघन जांच के संबंध में जारी निर्देशों के तहत समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को वांछित कार्यवाही पूर्ण कर खाद्य सामग्री विक्रय के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अभिहित अधिकारी द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को एफएसएसएआई पंजीयन व लाईसेंस बनवाकर तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी डिस्प्ले बोर्ड लगाकर कारोबार संचालित करने के लिए सूचित किया गया है। साथ ही समस्त आवश्यक उपायों का पालन कर खाद्य सामग्री में आवश्यक होने पर ही अत्यंत अल्प मात्रा में फूड एडिटिव्स का उपयोग करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## दुधारु गायों की पुरस्कार स्पर्धा आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दो पृथक श्रेणियों में क्रमश: प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की पुरूस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता के पूर्व जिले के पशुपालकों से प्राप्त आवेदन का जिला स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण किया गया एवं पात्र पाए गए पशुपालकों की गायों का अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष दुग्ध क्षमता का परीक्षण भी कराया गया।

प्रदेश की मूल गौवंशीय केनकठा नस्ल प्रतियोगिता की श्रेणी में अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम बाराकगरेका के पशुपालक द्वारका प्रसाद अवस्थी का 51 हजार रूपए के प्रथम पुरूस्कार, पन्ना विकासखण्ड के ग्राम भवानीपुर के अनूप मिश्रा का 21 हजार रूपए के द्वितीय पुरूस्कार एवं पवई विकासखण्ड के ग्राम करही के पुण्य प्रताप सिंह का 11 हजार रूपए के तृतीय पुरूस्कार के लिए चयन किया गया।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सौ अधिकारी-कर्मचारियों की कमी

### 341 की जगह सिर्फ 243 कर्मचारी, एसीएफ से लेकर वनरक्षक तक के पद खाली

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कर्मचारियों की भारी कमी से वन्य जीवों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 341 कर्मचारियों की आवश्यकता के विरुद्ध केवल 243 कर्मचारी ही कार्यरत हैं।

रिजर्व में एसीएफ के 3 पद, वनपाल और वन क्षेत्रपाल के 27 पद, वनरक्षक के 40 पद रिक्त हैं। इसके अलावा महावत,




हेड महावत और सहायक महावत के 13 पद तथा एक वायरलेस टेक्नीशियन का पद भी खाली है। कर्मचारियों की कमी से फील्ड में तैनात स्टाफ को सुरक्षा कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बीट केवल बीट गार्ड के भरोसे चल रही हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधन सुरक्षा श्रमिकों के सहारे काम चला रहा है। कर्मचारियों की कमी के चलते पार्क के प्रबंधन में दिक्कत आ रही है।हाल ही में शहडोल सर्कल के मुख्य वन संरक्षक द्वारा सामान्य वन मंडल से कर्मचारियों को बांधवगढ़ में स्थानांतरित किया गया था। लेकिन कुछ ही दिनों में वे कर्मचारी वापस अपने पूर्व स्थान पर लौट गए। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पी.के. वर्मा के अनुसार, रिक्त पदों की जानकारी हर माह की पहली तारीख को वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाती है। वे लगातार फील्ड स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए पत्राचार कर रहे हैं।

## पंचायत सचिव चतुर्वेदी निलंबित

### प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का मामला

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता और लापरवाही के आरोप में ग्राम पंचायत बल्हौड़ के सचिव हेतराम चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जांच के बाद यह कार्रवाई की। प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत कमिश्नर शहडोल से की गई थी। इसके बाद कमिश्नर के निर्देश पर सहायक परियोजना अधिकारी ने जांच की, जिसमें पंचायत सचिव हेतराम चतुर्वेदी दोषी पाए गए। जांच प्रतिवेदन के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उनका जवाब असंतोषजनक पाया गया।

कागजी हेरफेर से दिया योजना का लाभ-मामले की जांच में सामने आया कि पंचायत सचिव ने अपात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिलाने के लिए कागजी हेरफेर किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (प्लस-2) के तहत पूनम चतुर्वेदी को 2024-25 में आवास स्वीकृत किया गया था, जिसके तहत उन्हें पहली किश्त के रूप में 25 हजार की राशि जारी की गई, लेकिन जांच में यह तथ्य सामने आया कि पूनम चतुर्वेदी का विवाह चार वर्ष पूर्व मानपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 निवासी विकास शुक्ला से हुआ था और वह वर्तमान में वहीं निवास कर रही हैं। पंचायत सचिव ने योजना का लाभ दिलाने के लिए पूनम चतुर्वेदी की आईडी मानपुर नगर पंचायत से स्थानांतरित कर ग्राम पंचायत बल्हौड़ में दर्ज करवाई। इस तरह, नियमों को दरकिनार कर उन्हें योजना का लाभ दिया गया।

## रामनवमी पर विहिप ने निकाली शोभायात्रा

**मझौली, देशबन्धु।** हिंदू नव वर्ष के प्रथम पर्व राम नवमी के शुभ अवसर पर 6 मार्च रविवार को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मझौली के तत्वाधान में प्रभु श्री राम जी की विशाल शोभा यात्रा प्रभु श्री राम जी की सुशोभित झांकी एवं डीजे गाजे बाजे के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में निकली गई।

यह शोभा यात्रा नगर परिषद मझौली के पूर्वी छोर महान नदी के तट पर स्थित शिव -पार्वती मंदिर से प्रारंभ की जाकर लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय कर जय श्री राम का उद्घोष करते हुए चुवाही छादा पहुंची जहां विशाल मन्दिर में विराजमान दुर्गा माता की पूजा अर्चना कर वापस तहसील कार्यालय मझौली प्रांगण स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंच भक्ति गीत,

### तहसील प्रांगण स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित



हनुमान चलीसा पाठ,स्तुति, प्रार्थना व आरती संपन्न किया जाकर चावल कढ़ी का प्रसाद वितरित किया गया।इस शोभायात्रा में लगभग 500 की संख्या में विश्व हिंदू परिषद के सदस्य ,क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक शामिल रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था ।जहां पर निकली गई शोभा यात्रा के दौरान प्रभारी थाना प्रभारी मझौली दीपक सिंह व पुलिस बल की तैनाती रही।

# बस-ऑटो की भिड़ंत में तीन की मौत, पांच घायल

## मृतक एक ही गांव के, बस चालक गिरफ्तार




**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र के किरर गांव में बस और ऑटो की जोरदार भिड़ंत से ऑटो में सवार दो महिला एवं एक पुरूष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। घटना की सूचना पर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान जिला चिकित्सालय पहुंच कर घायलों का हालचाल जाना और चिकित्साको को इलाज के निर्देश दिये।

जानकारी अनुसार 9 अप्रैल की सुबह 11 बजे नफीस बस क्रमांक एमपी 18 जेड एफ 9786 जो शहडोल से डिंडौरी जा रहीं थी, इसी दौरान ग्राम किरर के पास ऑटो क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3401 ग्राम बडहर से अनूपपुर मंडी में अनाज बेचने जा रहे थे। तभी ऑटो सामने से बस से जा टकराई। ऑटो में 8 लोग सवार थे। घटना में 3 लोगों जिनमें 40 वर्षीय राम कुमार पिता दशरथ सिंह गोड़, 40 वर्षीय मोहबती पति जगन्नाथ गोड़ निवासी ग्राम बडहर एवं 50 वर्षीय सुखिया बाई पति मोतीलाल सिंह गोड़ निवासी ग्राम भमराहा राजेन्द्रग्राम

की मौक पर ही मृत्यु हो गई। वहीं 5 घायलों जिनमें 65 वर्षीय माधव सिंह पिता रामा, अमित चौधरी पिता कतकु, दुगावती पति बालकरण गोड तीनो निवासी ग्राम बड़हर, 45 वर्षीय छोटेलाल उर्फ लल्लू यादव ग्राम पिता कठा ग्राम खोह एवं राजबती निवासी धनपुरी शहडोल निवासी को जिला अस्पतताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को अनूपपुर से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। वहीं पुलिस ने बस चालक 65 वर्षीय संतार अहमद निवासी रीवा के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक बस चलाने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना की सूचना पर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान तत्काल पहुंच मरीजों एवं उनके परिजनों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता दिखाते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान कलेक्टर ने घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सकीय और पैरामेडिकल स्टाफ को दिये।

कलेक्टर ने अधिकारियों को मृतकों एवं घायल मरीजों के परिजनों को शासन द्वारा निर्धारित सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर मृतकों एवं घायलों के परिजनों को रेडक्रास मद से तात्कालिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.सी.राय, तहसीलदार अनुपम पांडेय, थाना प्रभारी कोतवाली अरविन्द जैन सहित प्रशासन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## यात्री बसों में स्पीड गवर्नर लगाना अनिवार्य : कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने जिले में यात्री बसों के तीव्र गति से चलाने व दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा उपायों के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार जिले में चलने वाली समस्त यात्री बसों में स्पीड गवर्नर का लगाना अनिवार्य होगा। स्पीड गवर्नर में उक्त यात्री बसों की अधिकतम गति 60 किमी प्रति घंटा से अधिक नहीं होनी चाहिए। यात्री बसों के सभी चालकों को मेडिकल की दृष्टि से फिट होना चाहिए तथा वाहन चालकों के लाइसेंस जारी करने एवं नवीनीकरण करने के समय उनके 60 वर्ष की आयु व चिकित्सा प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में विशेष ध्यान दिया जावे।

आदेश में यह भी कहा गया है कि यात्री बस के सभी वाहन चालक अपने साथ लाइसेंस एवं चिकित्सा प्रमाण पत्र रखेंगे। वाहन चालकों को शराब का सेवन कर यात्री बसों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यात्री बसों के चालक दृष्टिदोष कलर ब्लाइंडनेस न हो इस संबंध में नेत्र चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र वाहन चालक अपने साथ रखेगें। सभी यात्री वाहन के चालकों/परिचालकों को निर्धारित वर्दी में होना चाहिए।

वाहन चालक को अपने साथ वाहन का वैध लाइसेंस, वैध पंजीयन, बीमा, फिटनेस परमिट, प्रदूषण से संबंधित प्रमाण पत्र की प्रति रखना अनिवार्य होगा। सभी यात्री बसों में आपात कालीन द्वार चालू हों एवं वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगा होना अनिवार्य होगा।

## सार-समाचार

### जिले के नौ मेडिकल स्टोर्स में अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ एनकोर्ड के तहत दिए गए गाइडलाइन के पालन हेतु तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग को रोकने हेतु एवं मेडिकल स्टोर्स के नियमानुसार सुचारु रूप से संचालन हेतु जिले में मेडिकल स्टोर्स का सतत् रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिले के 9 मेडिकल स्टोर्स में विभिन्न अनियमितताएं पाई गईं। इस हेतु संबंधित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियम 66 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में संचालकों को कहा गया है कि तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय सीमा में नियमानुसार जवाब प्रस्तुत न करने पर ड्रग लाइसेंस निरस्त/निलंबन की प्रक्रिया की जावेगी।

### अमरकंटक में दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 13 को

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** नगर परिषद अमरकंटक में 13 अप्रैल को दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जिनको कृत्रिम अंग उपकरणों की आवश्यकता है आवश्यक दस्तावेज जैसे यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड सहित उपस्थित हो सकते हैं। दिव्यांगजनों को उनकी पात्रता एवं आवश्यकता के आधार पर कृत्रिम अंग एवं सहायक अंग उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविर में दिव्यांगता परीक्षण हेतु मेडिकल बोर्ड भी उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिरण विभाग के उप संचालक के.के. सोनी ने दी है।

### 15 वर्षीय नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द

**अनूपपुर, देशबन्धु।** राजेन्द्रेग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हबनी निवासी नन्दकुमार कन्नौजिया पिता रामप्रसाद कन्नौजिया उम्र 40 वर्ष निवासी रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बालिका जो 28 मार्च की रात बिना किसी को कुछ भी बताये कहीं चली गई है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साइबर सेल की मदद से नाबालिग बालिका को पुलिस ने 6 अप्रैल को पुणे महाराष्ट्र से दस्तइयाब कर थाना राजेंद्रग्राम लाकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया है। वहीं प्रकरण में 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी को ग्राम देवरा से दस्तयाब कर मेडिकल परीक्षण उपरांत उसे किशोर न्याय बोर्ड अनूपपुर पेश किया गया है, जहां से विधि विरुद्ध बालक को बाल संप्रेक्षण गृह रीवा भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में राजेन्द्र ग्राम थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार बरकरे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राम सिंह कोर्चाम, सहायक उपनिरीक्षक यादवेन्द्र सिंह, आनंद प्रकाश बेक, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, राजेश पाव, आरक्षक छोटेलाल साहू, महिला आरक्षक रितु अहिरवार एवं चालक आरक्षक प्रदीप बारेला की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### गोवंश का अवैध परिवहन करते एक ट्रक जब्त, 64 मवेशी मुक्त

**पन्ना, देशबन्धु ।** 07.08.25 की दरमियानी रात को सूचना प्राप्त हुई थी एक ट्रक के अंदर अवैध रूप से गोवंश का परिवहन किया जा रहा है ट्रक क्रमांक स्ब्क09 ॥ ॥3411 में निर्दयीपूर्वक नर गोवंश को ठूस ठूस कर भरकर पवई तरफ से नागौद तरफ ले जाया जा रहा है जिससे थाना गुनौर में रात्रि गस्त में तैनात कर्मचारियों के द्वारा स्थानीय जन सहयोग से ट्रक को रोक कर चेक करने पर ट्रक में अवैध रूप से 64 नर गोवंश भरे होना पाए गए।

ट्रक का ड्राइवर अंधेरे में खेतों तरफ भाग गया। जिससे मौके पर ट्रक एवं उसमें भरे हुए अवैध गोवंशों को जप्त किया गया। गोवंशों को गौ सदन गुनौर में दाखिल किया गया एवं पशु चिकित्सक द्वारा उनका चिकित्सीय परीक्षण किया जा रहा है। थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 100/25 धारा 11 घ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, धारा 4,6,9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है जिसकी विधिवत विवेचना की जा रही है।

उल्लेखनीय भूमिका* उक्त संपूर्ण कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन एवं स्थानीय जन सहयोग से थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम , प्रधान आरक्षक सुरेश चंद्र पांडे, आरक्षक देवराज पटेल, आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रतिबंध के बावजूद हाईटेंशन लाइन के नीचे जारी है भवन निर्माण



**मामला नपा का, दर्जनों नोटिस के बावजूद धड़ल्ले से होता निर्माण कार्य, प्रशासन उदासीन**

**अनूपपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 9 में हाईटेंशन 220/132 केव्ही टॉवर लाइन के नीचे अवैध निर्माण पर नगर पालिका राजस्व सहित जिला प्रशासन ने चुप्पी साधी हुई है। उक्त स्थाल पर भवन निर्माण के लिए कई बार नपा सहित जिला प्रशासन ने रोक लगाई है। बावजूद इसके भवन स्वाअमी द्वारा अवैध निर्माण कार्य को बार-बार धीमी गति से करते हुए खुलेआम दुर्घटनाओं को निमंत्रण देते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि पूर्व में हाई टेंशन लाईन के नीचे अवैध तरीके से भवन निर्माण के दौरान मुख्यालय में बिजली के झटका लगने या कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो चुके है। जो दुर्घटनाएं जिला मुख्योलय में चिंताजनक रही, फिर भी संबंधित विभाग नगर पालिका अनूपपुर, राजस्व विभाग और कार्यपालन यंत्री म.प्र. पूर्व क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी अनूपपुर द्वारा शहर भर में एचटी तारों के नीचे अवैध रूप से निर्माणाधीन इमारतों में काम कर रहे मजदूरों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

नगर के वार्ड 9 में राय ऑयरन ट्रेडर्स के बगल से किरण सोनी पिता बिहारीलाल सोनी द्वारा अति उच्चदाब 220/132 केव्ही लाईन के नीचे प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध तरीके से भवन का निर्माण कराया रहा है। जिसको लेकर नपा अनूपपुर द्वारा म.प्र. नपा अधिनियम 1961 की धारा 187 के तहत दर्जनों नोटिस जारी करते हुए कई बार निर्माण कार्य को बंद कराते हुए पंचनामा तैयार कर निर्माण सामग्री को जब्त किया जाकर उक्त निर्माण कार्य को तत्काकल तोड़ने का आदेश दिया गया। वहीं तत्त्कालीन कलेक्ट र द्वारा भी उक्तण प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण नही किये जाने वा उस पर रोक लगाये जाने नपा को निर्देश जारी कर काम बंद करवाया गया था।

**आधी रात शुरू होता निर्माण कार्य-** जानकारी के अनुसार अजय सोनी एवं किरण सोनी द्वारा उक्त प्रतिबंधित क्षेत्र में फिर एक बार अवैध तरीके से भवन निर्माण का कार्य जोरो पर शुरू कर दिया गया है। जहां 7 एवं 8 अप्रैल को भवन निर्माण कार्य आधी रात से प्रारंभ कर दिया गया है। जो सुबह 3बजे से 4 बजे तक निर्माण कार्य को करवाते हुए जिला प्रशासन के आंखों में धूल डालने का कार्य किया जा रहा है। इस अवैध निर्माण पर नगर पालिका अनूपपुर की मौन स्वीकृति दिये हुये है। जबकि इस अवैध भवन निर्माण पर रोक लगाए जाने के लिए 15 मई को कार्यपालन यंत्री म.प्र. विद्युत वितरण केन्द्र अनूपपुर को भी पत्र लिखा गया , लेकिन अब विद्युत विभाग के तरफ से भी कोई कार्यवाही नही की गई।

**सार्वजनिक गंदे पानी की निकासी बंद**

पूरे मामले में वार्ड क्रमांक 9 में वार्डवासियों ने 9 मई को कलेक्टर सहित मुख्य नपाधिकारी अनूपपुर को लिखित शिकायत की गई थी कि अनूपपुर-वेंकटनगर मुख्य मार्ग वार्ड 9 राय आयरन ट्रेडर्स के बगल से किरण सोनी पिता बिहारी लाल सोनी द्वारा सार्वजनिक पुल से गंदे पानी की निकासी द्वार को बंद कर 132 केव्ही हाईटेंशन टॉवर लाईन के नीचे अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण बारिश के दिनों में पानी की निकासी रूक जाएगी, जिससे वार्ड के रहवासियों के घरों में पानी भरने की संभावना है, जिस पर कार्यवाही की मांग की गई थी, लेकिन इस पूरे मामले में अब तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है।

शहर के निवासियों के जीवन के प्रति नगर पालिका की घोर उदासीनता सामने आई है, जहां नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 9 के उक्त अवैध भवन निर्माण को रोकने के लिए सिर्फ पंचनामा नोटिस जारी कर अपनी कागजी कोरम पूरा किया गया है। नगर पालिका अनूपपुर द्वारा 8 मई को किरण सोनी पिता बिहारीलाल सोनी को हाईटेंशन टॉवर लाईन के नीचे से अवैध निर्माण को रोकने के लिए नोटिस जारी किया गया, जिसमें 24 घंटे के अंदर अवैध निर्माण को तोड़कर निकाय को सूचित करने अन्यथा उक्त अवैध निर्माण को नपा द्वारा तोड़ने की कार्यवाही तथ होने वाली खर्चे की वसूली बकाया राजस्व की भांति की जाने का नोटिस दिया गया। लेकिन सिर्फ दिखावे के नोटिस के कारण उक्त अवैध भवन का निर्माण मकान स्वामी द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं उक्त स्थल तहसील कार्यालय अनूपपुर से महज 500 मीटर दूर होने के बाद भी राजस्व विभाग ध्यान नही दे रहा है।

**दुर्घटनाओं को निमंत्रण, विभाग बना अंजान**

अति उच्च दाब लाईनों के नीचे या निकटवर्ती प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की स्थाई अथवा अस्थाई निर्माण कार्य जिसमें मकान, भवन, झोपड़ी, रोड़, शेड सहित वृक्षोरोपण संबंधित कार्य नही किया जा सकता है। लेकिन अति उच्चदाब वाले टॉवरों या केबिल के नीचे अवैध निर्माण को खुलेआम अंजाम दिया जा रहा है। जिन पर इन अवैध भवन निर्माण पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक हो गया है।

## ऑल इंडिया ओपन शतरंज प्रतियोगिता में कल्याणिका के छात्रों को मिली सफलता



**अनूपपुर, देशबन्धु।** शहडोल में आयोजित पांच दिवसीय ऑल इंडिया ओपन शतरंज प्रतियोगिता में कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय अमरकंटक के दो छात्रों ने सफलता अर्जित की है । शहडोल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता मे लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया था। जिसमे कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय से सात प्रतिभागी छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया था। अंतिम चक्र के परिणाम में विद्यालय के सत्यम कुमार जायसवाल ने द्वितीय स्थान तथा सौरभ मिश्रा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

सत्यम कुमार जायसवाल एवं सौरभ मिश्रा के क्रमशः द्वितीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध ट्रस्टी हिमाद्री मुनी जी महाराज, शिव गोपाल आश्रम के प्रमुख हनुमान दास जी महाराज, विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## सरपंच तथा उसके पुत्र ने सचिव पर किया प्राणघातक हमला

**पन्ना, देशबन्धु ।** जिले की शाह नगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रावल में सरपंच राममिलन प्रजापति तथा उसके बेटे द्वारा पंचायत कार्यालय में घुसकर सचिव ज्ञानेंद्र द्विवेदी के साथ लाठी डंडों से जमकर मारपीट की गई तथा कार्यालय में रखे दस्तावेज भी फाड़ दिए गए ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित कुछ लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया उसके बावजूद सचिव श्री द्विवेदी को अनेक अंगों में चोट आई हैं सचिव श्री द्विवेदी ने पुलिस चौकी हरदुआ खमरिया पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है तथा आरोपी सरपंच एवं उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है आखिर किन कारणों के चलते सचिव के साथ सरपंच द्वारा मारपीट की गई है अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है ज्ञात हो की ग्राम पंचायत में सरपंच सचिवों के बीच निर्माण कार्य की कमीशन को लेकर ही विवाद होते हैं।

# नपा जैतहरी का बजट सर्वसम्मति से पारित



**बजट में स्वच्छता, शिक्षा, जल निकासी, हरित क्षेत्र विकास, डिजिटल सुविधा विस्तार और युवा कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल**

**जैतहरी, देशबन्धु।** नगर परिषद जैतहरी की परिषद सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की अध्यक्षता मं- आयोजित इस बैठक में सभी उपस्थित पार्षदों ने भाग लिया और नगर के सर्वांगीण विकास हेतु प्रस्तुत बजट का समर्थन करते हुए इसे पारित करने की स्वीकृति प्रदान की।

बैठक के दौरान बजट प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें नगर के पिछले वर्ष के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभी पार्षदों ने बीते वर्ष में हुए सड़कों के निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार, जल आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विस्तार जैसे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष में नगर के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान की जाएगी। बजट में स्वच्छता, शिक्षा, जल निकासी, हरित क्षेत्र विकास, डिजिटल सुविधा विस्तार और युवा कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सम्मिलित किया गया है।

नपाध्यरक्ष ने सभी पार्षदों और अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगर के विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पारित बजट के अंतर्गत प्राप्त निधियों का पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर सदुपयोग करते हुए नगर परिषद जैतहरी को एक आदर्श नगर परिषद के रूप में स्थापित किया जाएगा। बैठक में सीएमओ भूपेंद्र सिंह, नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर नगर के समेकित विकास के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखने का संकल्प लिया।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 10 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी नक्षत्र- पू.फा.।**

**मेष** आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ** आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

`क-

**कर्क** आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा।

**सिंह** आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**कन्या** शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला** गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**धनु** आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर** आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ** प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन** दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

## पुलिस अधीक्षक ने 90 से अधिक फरियादियों की सुनी फरियाद, तत्काल किया निर्देशित



**सीधी देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई मे पुलिस कप्तान शिकायतें सुनकर वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के यथाशीघ्र निराकरण हेतु करते हैं निर्देशित। बताया गया कि विगत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 90 से अधिक फरियादी अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये थे, शिकायतों का सम्बन्ध लड़ाई.झगड़ा, जमीनी विवाद, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन फ्रॉड इत्यादि से था। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर यथाशीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया।

## 6 वर्षों बाद भी गोपालदास मंदिर पहुंच मार्ग का नहीं हुआ सुचारू संचालन

- **मिनी स्मार्ट प्रोजेक्ट यथार्थ की धरातल पर आज भी काफी पीछे**



**सीधी देशबन्धु।** तत्कालीन सीधी विधायक की विशेष पहल पर वर्ष 2019 में सीधी शहर को मिनी स्मार्ट सिटी का तमगा तो प्राप्त हुआ किन्तु यर्थाथ के धरातल पर आज भी सर्वागिंण विकास की दिशा में सीधी काफी पीछे जान पड़ता है। प्रशासनिक लचर व्यवस्था के चलते लोग आज भी मूल भूत सुविधाओं की पूर्ति के लिये आरजू मिन्नत करते नजर आते हैं। अब देखिए न शहर के मध्य स्थल पर स्थित गोपालदास मंदिर जो धर्म और आध्यात्म की मुख्य धुरी है, उक्त पहुँच मार्ग में लगभग सौ मीटर का मार्ग वर्षो बाद भी निर्माण नही हो सका है। जबकि स्थानीय जनो के द्वारा जन प्रतिनिधि एवम जिला प्रशासन तक कई बार उक्त आवश्यक मांग को पहुँचाने का कार्य किया जा चुका है।

सीधी प्रवास के दौरान तत्कालीन लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा शहर को वर्ष 2019 में मिनी स्मार्ट सिटी की सौगात दी गयी थी। जिसके तहत अन्य निर्माण कार्यो के साथ ही शहर में लगातार बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए शहर के मध्य स्थल से कलेक्ट्रेट मार्ग के सूखा पुल से गोपालदास मंदिर के सूखा पुल तक मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया किन्तु प्रशसनिक लापरवाही के चलते आज दिनांक तक गोपालदास मंदिर के समीप उक्त मार्ग को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले स्थल का निर्माण नही कराया जा सका है। जबकि शहर में दिनो दिन वाहन को संख्या में लगातार इजाफा दर्ज हो रहा है। उक्त स्थल पर पहुँचने पर पहाड़ जैसा दृश्य देखने को मिलता है जहॉ सैकड़ो सड़क दुर्घटनायें भी आंशिक रूप से घटित हो चुकी हैं। उक्त मार्ग का सुचारू संचालन न होने से नगर पालिका परिषद के प्रति लोगों में अत्यधिक आक्रोश पनप रहा है।

### सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण

सीधी शहर को भले ही मिनी स्मार्ट सिटी का दर्जा मिल चुका है, लेकिन यहां मिनी स्मार्ट सिटी जैसी सुविधाएं विकसित नहीं हो पाई हैं। शासकीय मद से जो निर्माण कार्य किये भी गयें वे देख रेख के अभाव एवम अवैध अतिक्रमणकारियों के चलते आमजनो को मुहैया नही हो पा रहा है। अब देखिए न शहर के ज्यादातर यात्री प्रतीक्षालयों में अवैध कब्जा जमा हुआ है शहर के टैक्सी स्टैंडों एवं चौराहों सहित विभिन्न स्टॉपेज में यात्रियों को सडक़ में खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। बैठने एवं छांव की उचित व्यवस्था न होने से महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। मिनी स्मार्ट सिटी के तहत शहर में बने ज्यादातर सार्वजनिक स्थल नगर पालिका की लापरवाही के भेंट चढ़ गए।

## सार-समाचार

### बनकुइयां मंडल में भाजपा ने सौंपा पूजा को महामंत्री व रवि को कार्यसमिति सदस्य का दायित्व



**रीवा देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बनकुइयां में श्रीमती पूजा पाठक को महामंत्री एवं रवि पाठक को बनकुइयां मंडल का कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। बताते चलें की बनकुइयां मंडल में पत्नी को महामंत्री व पति को बनकुइयां मंडल में ही कार्यसमिति सदस्य का दायित्व सौंपा गया है। इसके पूर्व पूजा व रवि भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे। जिन पर पार्टी ने विश्वास करते हुए बनकुइयां मंडल में महत्वपूर्ण पद से नवाजा है। अपनी नियुक्ति पर श्रीमती पूजा पाठक व रवि पाठक ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एवं सेमरिया के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शासकीय कन्या विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं कर्मचारी

**चाकघाट देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आए दिन अनेक कर्मचारी एवं अध्यापक नदारत रहते है। जिसके चलते विद्यालय की कक्षाएं नहीं चल पा रही हैं। शासन के निर्देशानुसार अप्रैल माह में कक्षाओं का संचालन किया जाना चाहिए किंतु एक भी कक्षाएं नहीं चल रही है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य आई.डी. सिंह से दूरभाष पर हुई चर्चा के अनुसार उन्होंने कहा है कि हम विद्यालय में लापरवाह अध्यापकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध शक्ति से कार्यवाही करेंगे। यह कार्रवाई कब से प्रारंभ होगी और इसका क्या प्रभाव पड़ेगा अभी कहा नहीं जा सकता। फिलहाल कन्या विद्यालय में न तो संपूर्ण कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित रहते और न हीं कक्षाएं चल रही है।

### जिला विकास संघर्ष परिषद् ने सौंपा ज्ञापन



**मऊगंज देशबन्धु।** मऊगंज जिले के मुख्यालय को रेल सेवा से जोड़ने हेतु रीवा मिर्जापुर रेल लाइन के निर्माण, मऊगंज जिले के गठन के 18 माह के उपरांत भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना न होने से उसके परिपेक्ष्य में शासन को पत्राचार किये जाने, मऊगंज जिले के अधीन केन्द्रीय विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना कराये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा केन्द्रीय शासन को प्रस्ताव भेजने सहित मऊगंज जिले में रिक्त पड़े अपर कलेक्टर न्यायालय में अपर कलेक्टर की पदस्थापना कराने, मऊगंज जिले के अधीन चिन्हित उद्योगों के लिये जमीन में उद्योग समूहों की स्थापना कराने जाने की मांग पत्रों के साथ जिला विकास संघर्ष परिषद् के प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कार्यालय मऊगंज में पहुंचकर उक्त मांगो के संबंध में मांगपत्र जिला कार्यालय मऊगंज के कार्यालय में प्रस्तुत किये।

## विश्व की सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है देश: टेकाम




**सीधी देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी का धौंहनी विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह टिकरी सर्किट हाउस में संपन्न हुआ।

जिसे भाजपा जिला अध्यक्ष, धौंहनी विधायक और कार्यक्रम के संयोजक इंद्र शरण सिंह चौहान ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। भाजपा की चुनावी सफलता एवं संरचनात्मक विस्तार विषय पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पार्टी बूथ जीता चुनाव जीता, मेरा बूथ सबसे मजबूत, त्रिदेव और पंच परमेश्वर के सिद्धांत पर सभी चुनाव मे ऐतिहासिक ढंग से विजयश्री अर्जित करती है। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 11 वर्षों में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है।

इस अवसर पर पार्टी के सैकड़ो सक्रिय सदस्य और पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोदी के राज्य में भारतीय राजनीति में हुए क्रांतिकारी बदलाव : इंद्र शरण

भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कार्यक्रम के संयोजक और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय राजनीति पहले तुष्टिकरण और अलगाववाद के इर्द.गिर्द घूमती थी। किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार नेतृत्व में जहां एक ओर विकास हुआ है वही सांस्कृतिक उत्थान भी हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ.साथ हमारी प्राचीन मानवीय मूल्य, प्रभु श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर, महाकाल कॉरिडोर, काशी विश्वनाथ जैसी विरासत को भी संभालने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने देश में चल रही अलगाववाद की राजनीतिक को समाप्त कर, जातिवाद, परिवारवाद, भाई भतीजा बाद को समाप्त कर, एक नई राजनीति और सुचित्रा पूर्ण राजनीति को जन्म दिया है।

## वृंदावन धाम के सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज पहुंचे चाकघाट



### भाजपा वरिष्ठ नेता कौशलेश तिवारी ने सैकड़ों लोगों के साथ किया स्वागत

**त्योंथर देशबंधु ।** श्री आनंद धामपीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर सदगुरु ऋतेश्वर महाराज पहुंचे चाकघाट चाकघाट मंत्री चौराहे पर पूर्व मंत्री स्व. रमाकांत तिवारी के सुपुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता कौशलेश तिवारी उर्फ तिवारीलाल ने सैकड़ों लोगों के साथ स्वागत वंदन किया गया वही श्री तिवारी जी के निज निवास चाकघाट पहुंचकर सपरिवार को आशीर्वाद प्रदान किया गया इन दिनों महाराज जी पूरे भारत में भ्रमण कर सनातन का प्रचार कर रहे हैं इसी क्रम में रीवा पहुंचे थे और चाकघाट होते हुए प्रयागराज की तरफ रवाना हुए वही इस दौरान सरोज तिवारी,सुमन तिवारी ने महाराज जी की आरती उतारी वही मनभाकर तिवारी, वेद द्विवेदी,दीपक द्विवेदी,सचिन तिवारी, शिवम तिवारी, मनोज मिश्रा,अलख केशवानी , अनिकेत मिश्रा, शगुन केशवानी, मुन्ना लाल, सहित सैकड़ों की संख्या में महाराज श्री ऋतेश्वर महाराज जी के भक्त मौजूद रहे

## विवाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म, 2 माह से फरार आरोपी को रामपुर नैकिन पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सीधी देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विगत 2 माह से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रूपए का इनाम उद्घोषित किया गया था। बताया गया कि फरियादिया नाबालिग किशोरी द्वारा थाना रामपुर नैकिन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि आरोपी दीपेंद्र कोल पिता देवेंद्र कोल निवासी सेहरा थाना देवलोंद के द्वारा शादी का झांसा देकर जबरदस्ती गलत काम किया गया है। मामला गंभीर होने के कारण थाना प्रभारी रामपुर नैकिन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं उनके निर्देशानुसार रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा प्रकरण के आरोपी का पता तलाश किया गया जो फरार होने के कारण तत्समय गिरफ्तार नहीं हो पाई एवं लगातार फरार रहा। जिस पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा 5000 रुपए का ईनाम भी उदघोषित किया गया। बीते दिनो मुखबिर से मिली सूचना पर थाना प्रभारी रामपुर नैकिन ने आरोपी दीपेंद्र कोल को ग्राम जनकपुर थाना देवलोंद जिला शहडोल से पकड़ कर थाना लाई, जिसे वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**इनका रहा सराहनीय योगदान –**

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, उनि. कप्तान सिंह, चक्रधर प्रजापति संतोष वैश्य, संजय सोनी, रजनीश बघेल, केशव सिंह, संदीप वर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा, महेन्द्र तिवारी, संदीप चन्दन, विवेक राठौर, दिवाकर तिवारी, अंजली सिंह, शशिशेखर का कार्यवाही मे अहम भूमिका रही ।

## देश के लिए आत्मघाती है जंगल पर प्रहार: डॉ. मुकेश



### पर्यावरण सुरक्षा मामले में एनजीटी एवं सरकार को अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए

**रीवा देशबन्धु।** तेलंगाना राज्य के हैदराबाद यूनिवर्सिटी से सटे घने जंगल को काटकर उसके व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए किया जा रहे दुष्प्रयासों से हजारों पक्षी मोर हिरण सहित अन्य जीवों के आशियाने तो उजाड़ ही दिए गए ,साथ ही हैदराबाद के फेफड़ों के रूप में पहचाने जाने वाले गचीबोवली के कांचा जंगल के 100 एकड़ घने वनीय क्षेत्र को लगभग 30 से अधिक जेसीबी मशीन लगाकर दो दिनों की राष्ट्रीय अवकाश रात्रि में सपाट कर दिया गया। इरादा तो पूरे 400 एकड़ के घने जंगल को साफ करने का रहा है । यह अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सहित पूरे विश्व में पर्यावरण पर गहराते जा रहे संकट से बचाव के लिए आधिकारिक पौधारोपण के साथ नदी, झीलों, तालाबों को बचाने की बात की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर इस समाज की कुछ षड्यंत्रकारी लोगो द्वारा पेड़ पौधों पक्षियों एवं वन्य प्राणियों सहित मानवीय सभ्यता की हत्या की जा रही हैं । यह देश एवं मानवीय सभ्यता के लिए आत्मघाती कदम है। जंगलों पर प्रहार को आत्मघाती कदम बताते हुए विंध्य क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ मुकेश येंगल ने कहा है कि हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं द्वारा तीव्र विरोध किए जाने के बाद तेलंगाना हाईकोर्ट के द्वारा जंगल की कटाई एवं वहाँ के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है । फिलहाल संकट डाला हुआ नजर आ रहा है, पर्यावरणविद् डॉ मुकेश येंगल ने कहा कि आज से लगभग 85 साल पहले दूरदृष्टा महात्मा गांधीजी ने पर्यावरण सम्मत विकास की बात की थी। जिसे भारत सहित पूरे विश्व में समय के साथ अपनाया गया और आज इन्हीं नीतियों पर अपने ही देश में कुठाराघात किया जा रहा है ।भीषण गर्मी के इस दौर में पूरी दुनिया में पक्षियों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सुरक्षित आशियाने और दाना- पानी की व्यवस्था की बात की जा रही है, तो वही मानवता विरोधी गतिविधियां का बेलगाम होते चले जाना बेहद चिंताजनक है।

## प्रधानमंत्री की नीतियों से आया जन-जन में सकारात्मक परिवर्तन: जनार्दन





### भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सिरमौर में सम्मेलन

**सिरमौर देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्यों का सिरमौर विधानसभा में यूकेएस पैलैस सिरमौर में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन सांसद जनार्दन मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला महामंत्री श्रीमती ममता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, सिरमौर जनपद अध्यक्ष श्रीमती रवीना साकेत व भाजपा के वरिष्ठ नेता महाबली गौतम उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा आज 13.5 करोड़ से अधिक लोग भाजपा की नीति और सिद्धांतो से जुड़े है और 10 लाख से अधिक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता है। पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों से जन जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज के अवसर पर हम सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं ने विकसित म0प्र0 व विकसित भारत संकल्प को पूर्ण करने का संकल्प दोहराया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता ही प्रमुख होता है, कार्यकर्ता के ही श्रम त्याग और परिश्रम के बल पर पार्टी उसका मुल्यांकन करती है और उसी मुल्यांकन के आधार पर वह पार्टी के उच्च व सर्वोच्च पद पर पहुंचता है। प्रधानमंत्री इस तथ्य के ज्वलंत उदाहरण है। यह उनके त्याग व परिश्रम का ही परिणाम है कि वे एक प्रचारक जैसे कार्यकर्ता के दायित्व से उठकर गुजरात के मुख्यमंत्री और आज देश के प्रधानमंत्री है। वे यह कभी नही भूले कि वे प्रधानमंत्री बाद में और कार्यकर्ता सबसे पहले है। उनके सामने देश सर्वोच्च व कार्यकर्ता होना गर्व की बात है। 1951 में जनसंघ से लेकर आज तक भाजपा के कार्यकर्ता अपने मेहनत और त्याग के बल पर ही पार्टी सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाया है। यही वजह से पंच सरपंच से भारत के प्रधानमंत्री के पद तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। और यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर देश और विश्व की सर्वोच्च बड़ी राजनैतिक पार्टी है।सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष सिरमौर सुदामा कोल, बैकुण्ठपुर चन्द्रशेखर कुश्वाहा, डभौरा राजेन्द्र अग्निहोत्री, जवा अखिलेश सिंह, अतरैला सालिकराम साहू एवं राकेश सिंह, मुद्रिका तिवारी, सत्यप्रकाश पाण्डेय, रावेन्द्र द्विवेदी, रामसज्जन शुक्ला, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रविराज विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा मो. इमरान गुलाब आदि उपस्थित रहे।

रीवा विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन अटल कुंज में 10 को उपमुख्यमंत्री म0प्र0 शासन श्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में होगा। रीवा भारतीय जनता पार्टी रीवा विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन 10 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे अटल कुंज भाजपा कार्यालय में होगा। रीवा विधानसभा के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि सम्मेलन में समय पर पहुंचने का कष्ठ करें। उक्त सक्रिय सदस्य सम्मेलन के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री म0प्र0 शासन श्री राजेन्द्र शुक्ला होंगे। उक्त सम्मेलन मा. सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महमंत्री श्रीमती ममता गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय मुख्य रूप से रहेंगे। इसी तरह सेमरिया विधानसभा का सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन 10 अप्रैल को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मा. सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी, जिला महमंत्री श्रीमती ममता गुप्ता की उपस्थिति में होगा।




## पार्टी कार्यालय में आयोजित हुआ सक्रिय सदस्यता सम्मेलन

**मऊगंज देशबन्धु।** भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं है भाजपा भारत की आत्मा का अमर स्वर है भाजपा करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति है देश हित में की गई बातें और उक्त बातों का समर्थन करने वाले व्यक्तियों के समूह को संगठन कहते हैं भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है जो देश हित में काम करने का गौरव हासिल है उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी जिला मऊगंज कार्यालय में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक गिरीश गौतम ने कही सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी के द्वारा यूथ के साथ बूथ तक का सफर और सरकार बना लेने की क्षमता का नाम कार्यकर्ता है सभी के द्वारा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की बात कही गई कार्यकर्ता पार्टी का कर्ताधर्ता प्रमुख सदस्य और बड़ी ताकत के रूप में बताया गया है कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा संतोष सिंह सिसोदिया मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा रचना मिश्रा मृगेंद्र सिंह उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह गोड़ मऊगंज मंडल अध्यक्ष अमित सिंह प्रकाश चौरसिया माया गुप्ता जगदीश शुक्ला भाजपा के वरिष्ठजन पदाधिकारी गण एवं हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत को फ्रांस से मिलेंगे 26 राफेल मरीन जेट, 63,000 करोड़ रुपये से अधिक की डील मंजूर

**नई दिल्ली, ( आईएएनएस )।** भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की बिक्री के लिए एक %मेगा डील को मंजूरी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर जेट के साथ-साथ चार ट्विन-सीटर वैरिएंट मिलेंगे। भारत को एक बड़ा पैकेज मिलेगा जिसमें बेड़े का रखरखाव, लॉजिस्टिकल सपोर्ट, कर्मियों की ट्रेनिंग और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग कंपोनेंट के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी। राफेल मरीन जेट विमानों को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर तैनात किया जाएगा और इससे समुद्र में नौसेना की हवाई शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राफेल मरीन भारत में मौजूद राफेल फाइटर जेट्स से अधिक एडवांस्ड है। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। रिपोर्ट के मुताबिक राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति लगभग चार वर्षों में शुरू होने का अनुमान है। नौसेना को 2029 के अंत तक पहला बैच प्राप्त होने की उम्मीद है।

# चीन पर अमेरिका का दोहरा वार, टैरिफ प्लान से उड़ी नींद

## अब नए प्लान से कांपेगा ड्रैगन



**वाशिंगटन।** जब से अमेरिका में सत्ता बदली तब से चीन की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले पा रही हैं। नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आर्थिक और रणनीतिक नीतियों से चीन के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी है। भारी टैरिफ लगाने के बाद अब डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के लिए एक और सिरदर्दी बढ़ा दी है। अमेरिका ने हाल ही में एक ऐसा प्लान तैयार किया जिससे चीन को काफी मुश्किलें होंगी। हाल ही में पानामा नहर को लेकर एक बार फिर अमेरिका ने कड़ा रुख अपनाया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पिट हेजसेथ ने साफ शब्दों में कहा है कि अमेरिका, पनामा के साथ मिलकर चीन के प्रभाव को खत्म करेगा और इस रणनीतिक जलमार्ग पर फिर से अपना प्रभाव स्थापित करेगा।

दरअसल, बीते कुछ दिनों में पिट हेजसेथ पनामा के दौरे पर थे। पिछले कई दशकों में ऐसा पहली बार हुआ जब कोई अमेरिकी रक्षा मंत्री पनामा पहुंचा। वहां उन्होंने पनामा के राष्ट्रपति होसे राउल मुलिनो से बंद कमरे में बातचीत की। इस मीटिंग में खासतौर से चीन की तरफ से पनामा नहर में हो रहे निवेश और बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जताई गई। चर्चा के बाद पिट ने ऐलान किया कि अमेरिका और पनामा की सेनाएं मिलकर सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगी।

### पनामा नहर को लेकर फिर आक्रामक अमेरिका

लेकिन डोनाल्ड ट्रंप जब दोबारा राष्ट्रपति बने तो उन्होंने इस नहर को लेकर एक बार फिर आक्रामक रुख दिखाया। उन्होंने पनामा पर अमेरिकी जहाजों से जबरन शुल्क वसूलने का आरोप लगाया था और साफ किया था कि अमेरिका इस नहर को फिर से अपने नियंत्रण में ले सकता है। फरवरी में पनामा ने अमेरिकी दबाव के चलते चीन के बेल्ट एंड रोड परियोजना से खुद को अलग कर लिया था। अब अमेरिका इस मौके को भुनाकर पनामा नहर में अपनी वापसी की राह तलाश रहा है।

### चीन का प्रभाव खत्म करने की तैयारी

हेजसेथ ने कहा, हम चीन के प्रभाव से पनामा नहर को मुक्त कराएंगे। चीन ने नहर बनाई नहीं है और न ही वो इसका संचालन करता है। ऐसे में उसे इसे एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि अगर 1999 के बाद अमेरिका और पनामा के बीच एक नया समझौता होता है तो चीन के प्रभाव से नहर को आजाद किया जा सकता है। गौरतलब है कि पनामा नहर अमेरिका के लिए हमेशा से रणनीतिक महत्व की रही है। 20वीं सदी की शुरुआत में अमेरिका ने ही इस नहर का निर्माण किया था जो अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ती है। दशकों तक अमेरिका इसका संचालन करता रहा, लेकिन 1977 में तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर के समय हुए समझौते के तहत 1999 में इसका नियंत्रण पनामा को सौंप दिया गया।

## आज का इतिहास

1824–भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों में से एक राम सिंह पठानिया का जन्म।
1825–हवाई में पहला होटल खोला गया।
1868–इथियोपिया में ब्रिटिश और भारतीय सेना ने टेवॉड्रोज़ द्वितीय की सेना को हराया और इस युद्ध में 700 इथियोपियन मारे गये, जबकि सिर्फ़ दो ब्रिटिश–भारतीय सैनिक शहीद हुए।
1875–स्वामी दयानंद सरस्वती ने मुबंई में आर्य समाज की स्थापना की।
1889–रामचंद्र चटर्जी गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बने।
1894–भारत के उद्योगपति, स्वतंत्रता–संग्राम सेनानी तथा बिड़ला परिवार के एक प्रभावशाली सदस्य घनश्यामदास बिड़ला का जन्म।
1909–भारतीय वैज्ञानिक नौतम भट्ट का जन्म।
1917–महात्मा गाँधी ने बिहार में 10 अप्रैल, 1917 को %चंपारण सत्याग्रह% की शुरुआत की।
1928–परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर धनसिंह थापा का जन्म।
1988–महान सेटो ब्रिज जापान में यातायात के लिए खोला गया।
1995–भारत के एक स्वाधीनता सेनानी और छ्ठे प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का निधन।

## बांग्लादेश : आवामी लीग का यूनुस सरकार पर हमला, 80 वकीलों की गिरफ्तारी को बताया अन्यायपूर्ण

**ढाका, ( आईएएनएस )।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग ने अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पार्टी ने हाल ही में 80 वकीलों को जमानत देने से इनकार कर जेल भेजने के अदालत के फैसले की कड़ी आलोचना की है। आवामी लीग ने कहा कि ये वकील हमेशा पीड़ित और शोषित लोगों की आवाज बने रहे हैं और उन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। सरकार उन्हें इसलिए निशाना बना रही है, क्योंकि वे अंतरिम सरकार की धोखाधड़ी और सत्ता के अवैध कब्जे को उजागर कर सकते थे। पार्टी ने आरोप लगाया कि यूनुस सरकार ने न्यायपालिका में भी दखल देना शुरू कर दिया है। अपने पसंदीदा लोगों को जज बनाकर, हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को जबरदस्ती हटाकर, अदालतों का दुरुपयोग किया जा रहा है। बयान में कहा गया, इन वकीलों ने हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद निचली अदालत में आत्मसमर्पण किया, लेकिन फिर भी उन्हें जेल भेज दिया गया। यह न केवल उनके साथ अन्याय है, बल्कि न्याय व्यवस्था का भी मज़ाक है। अवामी लीग ने आगे कहा कि यूनुस सरकार ने न सिर्फ उनके पार्टी नेताओं को, बल्कि खिलाड़ियों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को भी झूठे और मनगढ़ंत मुकदमों में फंसाया है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि जमानत मिलने के बाद भी लोगों को दूसरी फर्जी मामलों में फिर से गिरफ्तार किया जा रहा है, जिससे पूरा देश एक तरह से 'जेलखाना' बन गया है। अवामी लीग ने मांग की है कि सभी राजनीतिक कैदियों को बिना शर्त रिहा किया जाए और सभी झूठे केस वापस लिए जाएं। पार्टी ने दोहराया कि वह देश में लोकतंत्र और लोगों के अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। बांग्लादेश में हाल ही में सरकार के खिलाफ जमकर विरोध–प्रदर्शन हुए हैं और यूनुस सरकार पर कई आरोप लगे हैं।

## गुटेरेस को आशंका ट्रेड वॉर से आएगी मंदी

**संयुक्त राष्ट्र, ( आईएएनएस )।** ट्रेड वॉर से पैदा होने वाली मंदी के खतरों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा, क्योंकि इसके दुष्परिणाम गरीबों को झेलने पड़ेंगे। उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ लागू करने से कुछ घंटे पहले कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे यहां मंदी नहीं आएगी, क्योंकि मंदी के गंभीर परिणाम होंगे, खासकर दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ट्रेड वॉर बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसमें कोई भी नहीं जीतता, सभी हारते हैं। उन्होंने कहा, मैं खासकर सबसे कमजोर विकासशील देशों को लेकर चिंतित हूं, क्योंकि इसका असर उन पर ज्यादा बुरा होगा। ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो बुधवार आधी रात से लागू होगा। इसके जवाब में बीजिंग ने 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) ने कहा कि व्यापार में सुधार की जरूरत साफ नजर आ रही है। यूएनसीटीएडी की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने कहा, वैश्विक व्यापार नियमों को आज की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बदला जाना चाहिए, लेकिन इन बदलावों में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करें और विकास को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा, यह एकजुट होने का समय है, न कि तनाव बढ़ाने का विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की उप महानिदेशक एंजेला एलार्ड ने कहा कि संगठन के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि अमेरिका और अन्य देशों द्वारा हाल में उठाए गए टैरिफ उपायों से इस वर्ष वैश्विक वस्तु व्यापार में लगभग एक प्रतिशत की कमी आ सकती है। यह तीन प्रतिशत की वृद्धि के पूर्व अनुमान से लगभग चार प्रतिशत की महत्वपूर्ण गिरावट होगी।

# रूस के ऐतिहासिक दिन पर भारत की मौजूदगी, पुतिन ने भेजा पीएम मोदी को न्यौता

रूस के लिए 9 मई का दिन बेहद खास है, वह हर साल इसे विजय दिवस के रूप में मनाता है। इस बार रूस की व्लादिमीर पुतिन सरकार ने इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी एक बार फिर सुर्खियों में है। रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर 9 मई को मास्को में होने वाले भव्य 'विजय दिवस' समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी सरकार के लिए 9 मई का दिन बेहद खास है। वह हर साल इस दिन को सेलिब्रेट करता है। रूसी उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने बातचीत में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री को निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है। मास्को को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर दोनों देशों के मजबूत रिश्तों को नई ऊंचाई देंगे।



**रूस के लिए बहुत खास 9 मई का दिन–** रूस हर साल 9 मई को 'विजय दिवस' मनाता है, जो 1945 में जर्मनी पर सोवियत सेना की जीत की याद में आयोजित किया जाता है। यह दिन रूस के लिए गौरव और सम्मान का प्रतीक है, और इस अवसर पर मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित करना मास्को की खास परंपरा रही है।

**भारत–रूस के रिश्तों की खास बात–** प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2024 में रूस की यात्रा की थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली रूस यात्रा थी। उस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण भी दिया था, जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उनकी भारत यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। पुतिन और मोदी के बीच नियमित संवाद बना रहता है। दोनों नेता हर दो महीने में एक बार फोन पर बातचीत करते हैं और वैश्विक सम्मेलनों के दौरान आमने–सामने मुलाकात भी करते हैं।

### राजनयिक संकेतों से आगे बढ़ती दोस्ती

रूस की ओर से मोदी को विजय दिवस जैसे विशेष मौके पर न्यौता देना यह दर्शाता है कि भारत को अब भी रूस अपने भरोसेमंद और रणनीतिक सहयोगी के रूप में देखता है। ऐसे समय में जब विश्व राजनीति में अनेक ध्रुव बनते जा रहे हैं, भारत–रूस के बीच लगातार गर्मजोशी बनी रहना वैश्विक संतुलन के लिहाज से भी अहम है।

# यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 6 लोगों की मौत, 15 घायल

**सना, ( आईएएनएस )।** हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित अल–मसीरा टीवी और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को यमन में कई अमेरिकी हवाई हमले हुए, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन , लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेइदाह में छह लोगों की मौत हुई है और 13 घायल हुए हैं। हमला, अमीन मुकबिल इलाके के एक रिहायशी इलाके पर हुआ। वहीं, धमार प्रांत में दो अन्य लोग घायल हुए, जहां एक खेत पर हमला हुआ था।

हूती टेलीविजन और स्थानीय निवासियों के अनुसार, पश्चिमी–मध्य प्रांत अमरान और मध्य प्रांत इब्ब के दूरसंचार बुनियादी ढांचे पर जबरदस्त बमबारी हुई। हूती टेलीविजन ने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल लक्षित सुविधाओं में आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिका ने मंगलवार को हूती विद्रोहियों के ठिकानों के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज कर दिया। उन्होंने कुल 50 हवाई हमले किए। इन हमलों को लेकर अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसने पहले बयानों में कहा था कि वह तब तक प्रतिदिन हवाई हमले करना जारी रखेगा, जब तक कि हूती लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों पर हमला करना बंद नहीं कर देता। अमेरिका के लगातार हवाई हमलों का असर हूती समूह पर पड़ता नहीं दिख रहा है, जो इस क्षेत्र में अमेरिकी और इजरायल की शिप्स पर हमले जारी रखे हुए है। हूती विद्रोहियों का दावा है कि उनके हमले अमेरिका समर्थित इजरायल पर दबाव डालने के लिए हैं, ताकि वह गाजा पट्टी पर हवाई हमले बंद करे और वहां मानवीय सहायता पहुंचने दे। इससे पहले अमेरिका ने मंगलवार को यमन में हूती बलों के ठिकानों के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई तेज कर दी और उत्तरी यमन में 22 हवाई हमले किए। इन हमलों ने राजधानी सना के पूर्वी और दक्षिणी इलाकों लाल सागर में कमरान द्वीप और तेल से समृद्ध मारिब प्रांत को निशाना बनाया। यह जानकारी हूती द्वारा संचालित अल–मसीरा टीवी और स्थानीय निवासियों ने दी।

# पाकिस्तान की रेव पार्टी में हो गया बड़ा कांड, रेड करने वाली पुलिस टीम ही सस्पेंड

पाकिस्तान में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां लाहौर डिविजन के कसूर जिले में पुलिस की टीम एक हाई प्रोफाइल रेव पार्टी पर रेड करने पहुंची, लेकिन वहां पहुंचकर कुछ ऐसा हुआ जिसने पाकिस्तान की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था को ही हिलाकर रख दिया। इस हाई प्रोफाइल रेव पार्टी में कई सैन्य अधिकारियों, सुरक्षा बलों और सत्तारूढ़ नेताओं के बेटे–बेटियां पकड़े गए थे। हुआ ये कि रेड के कुछ ही घंटों में मामला पूरा पलट गया और रेड करने वाले पांच पुलिस अधिकारी ही सस्पेंड हो गए।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने रेव पार्टी में मौजूद 55 युवाओं को हिरासत में लिया, जिनमें कई सैन्य अधिकारियों, सुरक्षा बलों के अफसरों और सत्तारूढ़ नेताओं के बेटे–बेटियां शामिल थे। हालांकि, इस कार्रवाई के कुछ ही घंटों के भीतर पूरा घटनाक्रम पलट गया। एसएचओ सकलेन खान समेत पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और अब एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

**वीडियो लीक बना विवाद की जड़**

पुलिस ने छापे के दौरान सबूत के तौर पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें नशे में धुत युवक–युवतियों और जब्त किए गए मादक पदार्थों की झलक साफ दिखाई दे रही थी। यह वीडियो कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## सुडोकू 6878

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | 5 | | | 9 |
| 5 | | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 9 | 7 | | | | 3 |
| 7 | | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | 4 | 2 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6878

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**

१. पराधीनता, गुलामी
४. जिस पर नजर न पड़ी हो, जो देखा न गया हो
६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव
७. विनती, आवेदन पत्र
८. युद्ध संबंधी
१०. यज्ञ करना
११. भलामानस, सज्जन
१३. तृण, घास–फूस
१४. कठिन
१५. शांत, नीरव, निर्जन, सन्नाटा
१७. स्वर्ण, धतूरा
१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य
२१. एक राक्षसी
२२. अस्वीकार या असहमति जताना
२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:–**

१. पैदल चलने वाला
२. शरीर के भीतर पायी जाने वाली श्वेत चमकदार डोरी जैसी संरचना
३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
४. मृत्यु, समाप्ति, अंत
५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु
९. तकलीफदेह
११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद
१२. युक्ति, प्रयत्न
१३. केसर–चंदन आदि से ललाट पर बनाया गया चिन्ह,टीका
१४ किसी व्यापारिक संस्थान में लेन–देन का लेखा–जोखा रखने वाला
१५. देवता और दैत्य
१६. संग–संग, एक साथ
१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)
१९. कामदेव
२०. कसना, तान कर बांधना
२३. ध्वनि, शब्द

## वर्ग पहेली–6877

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दृ | ष्टि | २ गो | च | ३ र | ■ | ४ सु | प्र | ५ सि | द्ध |
| ढ़ा | ■ | पा | ■ | ६ ज | न्मां | ध | ■ | पा | ■ |
| ७ यु | ग | ल | ■ | नी | ■ | र | स | ८ ही | ९ न |
| ध | ■ | ■ | ■ | १० क | स | ना | ■ | ■ | र्त |
| ■ | ११ अ | धि | १२ भा | र | ■ | ■ | १३ अ | र्त | न |
| ■ | चं | ■ | जि | ■ | १४ कु | मु | द | ■ | प्रि |
| १५ प्र | भा | १६ वि | त | ■ | मा | ■ | १७ ब | १८ जा | य |
| ति | ■ | ष | ■ | १९ प | री | २० क्षा | ■ | य | ■ |
| २१ यो | ज | क | ■ | ह | ■ | २२ र | ह | ज | २३ नी |
| गी | ■ | २४ न्या | या | ल | य | ■ | ■ | ■ | चे |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

बैठक

*मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 13 अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई*

# निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री की अगुवाई में स्पेन-स्वीडन जाएगी झारखंड की टीम

**रांची, (एजेंसियां)।** निवेशकों और उद्यमियों को झारखंड में निवेश के लिए आकर्षित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की एक उच्चस्तरीय टीम 19 अप्रैल से 26 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन का दौरा करेगी।

विदेश यात्रा के प्रस्ताव को को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 13 अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बताया गया है कि दो देशों में राज्य सरकार की उच्चस्तरीय टीम का यह दौरा झारखंड में रोजगार के अवसर पैदा करने और पूंजी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विदेश जाने वाली टीम में नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल और उद्योग निदेशक सुशांत गौरव शामिल रहेंगे। यह टीम दोनों देशों की सरकारों, उद्योग जगत की हस्तियों और संस्थाओं के साथ बातचीत करेगी। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के अनुसार, झारखंड में डीजल की थोक खरीदारी पर वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) को 22 फीसदी से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे राज्य में माइनिंग एवं औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही, सरकार के वाणिज्य कर विभाग को अनुमान है कि वैट की दर में कमी होने से डीजल की बिक्री में खासा इजाफा होगा और इससे प्रतिवर्ष राज्य को इस मद में 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है।




**दो देशों में राज्य सरकार की उच्चस्तरीय टीम का यह दौरा झारखंड में रोजगार के अवसर पैदा करने और पूंजी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : हेमंत सोरेन**

राज्य की खनन कंपनियां और औद्योगिक इकाइयां अक्सर झारखंड की बजाय उत्तर प्रदेश, बंगाल और ओडिशा से डीजल की खरीदारी करती रही हैं, क्योंकि उन राज्यों में वैट की दरें अपेक्षाकृत कम हैं। संभावना है कि झारखंड में वैट दर कम होने से यहां काम करने वाली कंपनियां ट्रांसपोर्टिंग में होने वाले खर्च को बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर इसकी खरीदारी करेंगी। कैबिनेट ने राज्य के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप नामक योजना को स्वीकृति दी है।

गर्मी की छुट्टियों के दौरान कराई जाने वाली इस इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 17,830 छात्र चुने जाएंगे, जिन्हें 10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्र राज्य भर की ग्राम पंचायतों में जाकर इंटर्नशिप ट्रेनिंग लेंगे।

# खेल जगत

## जैक ड्रेपर मोंटे कार्लो के तीसरे दौर में



**पेरिस।** ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने सीजन के अपने पहले क्ले कोर्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में जगह बना ली हैं। ड्रेपर ने एक घंटा एक मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। ड्रेपर ने मैच के दौरान पांच ऐस और 21 विनर लगाये। पहले दौर में बाई पाने वाले 23 वर्षीय ड्रेपर का अगले दौर में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# आरसीबी अब दिल्ली कैपिटल्स का विजयरथ रोकने के इरादे से उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (देशबन्धु)। अलग अंदाज और नई सोच के साथ खेल रहे भारत और दुनिया के धुरंधर क्रिकेटर विराट कोहली और नए कप्तान रजत पाटीदार के अब तक जड़े दो दो अर्द्धशतकों की बदौलत अपने शुरू के चार में तीन मैच जीत चुकी रॉयल चैलेजर्स बेंगलोर (आरसीबी) अब बृहस्पतिवार को आईपीएल 2025 में अपने घर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑलराउंडर अक्षर पटेल की अगुआई में गेंद और बल्ले से एक इकाई के रूप में बेहतरीन आगाज कर अपने शुरू के तीनों मैच जीतने वाली दिल्ली कैपिटल्स के विजयरथ को रोकने के इरादे से उतरेगी। आरसीबी की खुशकिस्मती है कि उसके पास फिनिशर के रूप में अर्द्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टन ,विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा और टिम डेविड हैं।



■ आरसीबी व दिल्ली कैपिटल्स के बीच रोचक संघर्ष की उम्मीद

आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स से अपने पिछले पांच में से चार मैच जीते और मात्र एक हारा है। दिल्ली कैपिटल्स तीन मैचों में तीन जीत के साथ छह अंक ले शीर्ष पर है। वहीं आरसीबी के गुजरात टाइटंस की तरह चार मैचों में तीन जीत और एक हार से साथ छह अंक हैं लेकिन अपनी कमतर रन रेट के कारण तीसरे स्थान पर है। दोनों टीमों की गेंदबाजी खासी मजबूत है और से में आरसीबी व दिल्ली कैपिटल्स के बीच रोचक संघर्ष की उम्मीद है। आरसीबी अब बृहस्पतिवार को भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना यही दबदबा जारी रखने के मकसद से उतरेगी। आरसीबी ने केकेआर को उसके घर कोलकाता में सात विकेट से हरा अपना अभियान शुरू करने के बाद मजबूत सीएसके को उसके घर मे 50 रन से तथा पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को उसके घर वानखेड़े में करीबी मैच में

### हमारी योजना अब तक कामयाब रही : अक्षर

कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि तीन मैचों में हमारी दिल्ली कैपिटल्स के तीन जीत वाकई शानदार है। हम अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं। हमारी योजना अब तक कामयाब रही। मैंने सीएसके के खिलाफ खुद को बचाकर रखा और एक ही ओवर फेंका क्योंकि मेरी उंगली में चोट लग गई थी। हमारे लिए सब कुछ बढ़िया चल रहा है। कप्तान के रूप में मैं यही कहूंगा कि हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन हम कुछ कैच टपका रहे हैं। किसी भी समय बाजी पलट सकती है

### हमारे गेंदबाजों ने योजना को अमली जामा पहनाया : रजत

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ हमारा मैच वाकई गजब का और खासा संघर्षपूर्ण रहा। हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह जिगरा दिखाया,वह बेहतरीन रहा। भले ही मैन ऑफ द' मैच का अवॉर्ड मुझे मिला लेकिन इसके हकदार हमारे गेंदबाज थे। किसी भी टीम को को खासतौर पर इस मैदान पर किसी भी टीम को रोकना आसान नहीं था,लेकिन हमारे गेंदबाजों ने योजना को अमली जामा पहनाया वह वाकई काबिलेतारीफ है। हम मैच को आखिर तक ले जाना चाहते थे कि जिससे की हम क्रुणाल पांड्या का हमारे पास आखिर में एक ओवर रहे। कलाई के लेग स्पिनर सुयश इस पिच पर हमारे विकेट चटकाने वाले प्रमुख गेंदबाज हैं और उन्होंने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की। मैंने बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों पर दबाव डालने की कोशिश की।

### कोलकाता की पिच पर रहाणे ने कहा

# अगर मैं कुछ बोलूंगा तो बवाल हो जाएगा

**कोलकाता,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में खासतौर पर कोलकाता में होम टीम के लिए अनुकूल परिस्थितियां ना मिल पाने को लेकर चर्चा समाप्त नहीं हुई है। इसी बीच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ घर पर मिली चार रनों से हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पिच पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। रहाणे ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि अगर मैं कुछ बोलूंगा तो बवाल हो जाएगा। जो हमारे क्यूरेटर हैं उनको बहुत पब्लिसिटी मिली है। आप जो भी होम एडवांटेज के बारे में लिखना चाहते हैं लिख सकते हैं। अगर मुझे कोई दिक्कत होगी तो मैं आप लोगों के बजाय आईपीएल से बात करूंगा और इससे संबंधित अधिकारियों से चर्चा करूंगा। लखनऊ के 238 रनों के जवाब में कोलकाता ने 234 रन बनाए, जहां हर तरह के गेंदबाजों की जमकर खबर ली गई। हालांकि कोलकाता के लिए चिंता की बात यह रही कि वह अपने प्रमुख स्पिनरों से पूरे आठ ओवर भी नहीं करा पाए। सुनील नारायण ने तीन ओवर में 38 रन दिए और उन्हें एक भी विकेट हासिल नहीं हो पाया और उनके खिलाफ दो चौके और तीन छक्के लगे। वरुण चक्रवर्ती, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई पर भी रन पड़े। बिश्नोई के खिलाफ छह चौके और दो छक्के लगे। जबकि वरुण ने 7.75 की इकॉनमी और राठी ने 9.25 की इकॉनमी से रन दिए। नारायण से पूरे चार ओवर ना कराए जाने को लेकर रहाणे ने कहा कि पहले मैं यह स्पष्ट कर देना



चाहता हूं कि स्पिनरों के लिए कोई खास मदद नहीं थी। उन्होंने लंबी बाउंड्री का उपयोग किया। (निकोलस) पूरन और (मिचेल) मार्श ने अच्छी बल्लेबाजी की। इस पिच पर गेंदबाजी करना कठिन था लेकिन उन्होंने परिस्थितियों और बाउंड्री का लाभ उठाया। रहाणे ने बताया कि बाउंड्री की लंबाई (एक तरफ 70 मीटर और दूसरी तरफ 57 मीटर) को देखते हुए पूरन और मार्श के लिए कोलकाता के गेंदबाजों ने योजना बनाई थी लेकिन गेंदबाजों ने सही एरिया में गेंदबाजी नहीं की। रहाणे ने कहा कि कई बार क्या होता है कि बतौर गेंदबाजी यूनिट हमारे पास योजना होती है लेकिन हम उन योजनाओं को अमली जामा पहनाने में सफल नहीं हो पाते। पूरन और मार्श जैसे बल्लेबाजों के सामने आप अधिक गलती नहीं कर सकते। मेरे विचार में हमारी योजना सही थी लेकिन हम यॉर्कर और स्लोअर वाइड बॉल नहीं डाल पाए। जिसके चलते उन्होंने खराब गेंदों का फायदा उठाया। हालांकि चार रनों की हार के बावजूद रहाणे ने कहा कि इस मैच में उनकी टीम के लिए सकारात्म पहलू रहे खासतौर पर जिस तरह से उन्होंने पावरप्ले में बल्लेबाजी की।

## आईएसपीएल स्टार अभिषेक दलहोर केकेआर में नेट बॉलर के रूप में शामिल हुए

**मुंबई।** खेल के विभिन्न प्रारूपों के कौशल को बढ़ावा देने वाले एक कदम में, स्ट्रीट टेनिस क्रिकेट के एक शीर्ष स्टार ने मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए नेट बॉलर के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में प्रवेश किया है। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) के पिछले दो सत्रों में शानदार प्रदर्शन के बाद, माझी मुंबई के स्टार ऑलराउंडर अभिषेक कुमार दलहोर को केकेआर ने मौजूदा आईपीएल 2025 सत्र के लिए नेट बॉलर के रूप में चुना है। आईएसपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी दलहोर लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं। उन्होंने अपनी गति, निरंतरता, कौशल और मैच जीतने की क्षमता ने सभी को प्रभावित किया। इस साल की शुरुआत में आयोजित सीजन 2 में अमिताभ बच्चन के स्वामित्व वाली माझी मुंबई के खिताब जीतने वाले अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे दलहोर जल्द ही क्रिकेट प्रशंसकों के बीच एक घरेलू नाम बन गए हैं।



# 'मैं परिस्थितियों के अनुसार खेलता हूं' : कोहली

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि अहंकार को त्यागना और मैच की परिस्थितियों की मांग के अनुसार खुद को ढालना खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनकी सफल यात्रा का मूल मंत्र रहा है। कोहली, जो हाल ही में टी20 क्रिकेट में 13,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बने, ने पिछले कुछ वर्षों में अपने दृष्टिकोण और विकास के बारे में जानकारी साझा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार ने जियोहॉटस्टार से कहा कि यह कभी अहंकार के बारे में नहीं था। यह कभी किसी को मात देने की कोशिश नहीं थी।यह हमेशा खेल की स्थिति को समझने के बारे में रहा है – और यह ऐसी चीज है जिस पर मुझे हमेशा गर्व रहा है। मैं परिस्थितियों की मांग के अनुसार खेलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मैं लय में था, खेल के प्रवाह में था, तो मैं स्वाभाविक रूप से पहल करता था। अगर कोई और नेतृत्व करने के लिए बेहतर स्थिति में होता, तो वे ऐसा करते। कोहली ने अपने आईपीएल सफर के निर्णायक मोड़ को 2010 और 2011 में वापस पाया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में लगातार अवसर मिलने लगे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने पहले तीन सालों में मुझे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने के कई अवसर नहीं मिले।



# आईपीएल के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक: भारद्वाज

■ प्रियांश आर्य ने आईपीएल के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक जड़ा

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल के इतिहास में शायद ही कभी किसी युवा बल्लेबाज की कच्ची प्रतिभा और निडर दृष्टिकोण ने लीग को मोहित किया हो। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हुआ, जहां प्रियांश आर्य ने 39 गेंदों में शतक जड़ा – जो आईपीएल के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक है। जब से आर्य ने पंजाब किंग्स की पारी की पहली गेंद पर खलील अहमद को छक्का लगाया, तब से स्टेडियम में मौजूद लोग इस बात से अनजान थे कि युवा बाएं हाथ का सलामी बल्लेबाज मंगलवार शाम को असाधारण प्रदर्शन करने वाला है। जबकि उन्होंने दूसरे छोर से लगातार साथी खो दिए, आर्य ने विकेट के दोनों ओर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में



103 रन बनाए और पीबीकेएस को इस सीजन की पहली घरेलू जीत दिलाई। आर्य के बचपन के कोच, लाल बहादुर शास्त्री अकादमी के संजय भारद्वाज, जिनके पूर्व छात्रों में भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर, नितीश राणा और अमित मिश्रा शामिल हैं, ने अपने आक्रामक दृष्टिकोण को बनाए रखने और पीबीकेएस को जीत दिलाने के लिए युवा खिलाड़ी की प्रशंसा की। भारद्वाज ने भोपाल से बातचीत में कहा कि उसने बहुत अच्छा खेला और उसे इस तरह की पारी खेलनी ही थी, यह देखते हुए कि दूसरे छोर से बल्लेबाज कैसे आउट हो रहे थे, और टीम को मैच जिताया, जो सबसे महत्वपूर्ण बात है। प्रियांश ने यह भी दिखाया है कि वह उस जिम्मेदारी को निभा सकता है, और उसे अब लगातार इस तरह के प्रदर्शन को दोहराना होगा। कल की सबसे खास बात यह थी कि उसने अपनी सहज प्रवृत्ति को नहीं छोड़ा, जो कि उसका खेलने का तरीका है। वह अपने क्रिकेट को सचेत दिमाग से नहीं खेलता; इसके बजाय, वह अपने अवचेतन मन से बल्लेबाजी करता है, क्योंकि उसकी सहज प्रवृत्ति यही होती है।

### अय्यर ने प्रियांश आर्य के पहले शतक की प्रशंसा की

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने युवा खिलाड़ी प्रियांश आर्य के चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच जीतने वाले पहले आईपीएल शतक को टूर्नामेंट में 'अब तक देखी गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक' बताया। पीबीकेएस ने मंगलवार को सीएसके पर 18 रन की जीत के साथ आईपीएल 2025 में जीत की राह पर वापसी की, जिसमें 22 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने 103 रनों की तूफानी पारी खेली। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल इतिहास में किसी अनकैप्ड खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज शतक दर्ज किया, उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 39 गेंदों में हासिल की। जबकि दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे, आर्य ने अपनी पारी में सात चौकों और नौ छक्कों की मदद से 42 गेंदों पर 103 रन बनाए। प्रियांश ने जिस तरह से खेला, वह देखने लायक था। यह एक बेहतरीन पारी थी। जब मैंने पिछले मैच में उनसे बात की थी, तो जोफ्रा आर्चर का सामना करते समय वह निर्णय लेने में थोड़े डरपोक थे। अय्यर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा कि आज, उन्होंने अपनी सहज प्रवृत्ति का समर्थन किया। वह खुलकर खेल रहे थे, और मैं चाहता हूं कि इस टीम में हर कोई ऐसी ही मानसिकता रखे।



## सार संक्षेप

### भारत बिली जीन किंग कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से 2-1 से हारा

**पुणे।** भारत को बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 मुकाबलों में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की अच्छी शुरुआत के बावजूद मंगलवार को न्यूजीलैंड से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में भारत के लिए सबसे पहले श्रीवल्ली भामिदिपति का सामना आइशी दास से हुआ। भारतीय युवा खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र एक घंटे के अंदर ही छह ऐस और एक बेहतरीन ब्रेक-पॉइंट कन्वर्सेशन रेट के साथ एक व्यापक जीत हासिल की।

### पाक महिला टीम ने आयरलैंड को 38 रनों से हराया

**लाहौर।** सिदरा अमीन (51) और आलिया रियाज (52) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद डायना बेग (चार विकेट) और नशरा संधू (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान की महिला टीम ने बुधवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के पहले एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 38 रनों से हरा दिया। 218 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट सारा फोर्ब्स (नौ) रन के रूप में गवां दिया। इसके बाद कप्तान गैबी लुईस और एमी हंटर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी हुई। 24वें ओवर में संधू ने कप्तान गैबी लुईस (44) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद उन्होंने 28वें ओवर में एमी हंडर (44) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (37) रन बनाकर आउट हुई। बेग और संधू के गेंदबाजी आक्रमण के आगे आयरलैंड की बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और पूरी टीम 44 ओवर में 179 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ पाकिस्तान की महिला टीम ने यह मुकाबला 38 रनों से जीत लिया। आयरलैंड के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

### सिद्धि और अभ्युदय ने केएल गर्ग मेमोरियल में किया उलटफेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने डा. केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय इक्षिता को हराते हुए उलटफेर भरी जीत के साथ बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के अभ्युदय ने भी उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं शीर्ष वरीय यूपी के रोहिन राज, दूसरी वरीय मेहर एस.खोसला, चौथी वरीय अग्रिम साहू ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गैर वरीय उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश की ही इक्षिता को सीधे सेट में 6-1, 6-4 से हराया।

# मैक्सवेल पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**चंडीगढ़,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हुए मैच के दौरान उन्होंने आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन किया। जुर्माने के साथ ही उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। दरअसल, प्रियांश आर्य के शतक और गेंदबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले गए मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 18 रनों से मात दी। आधिकारिक बयान में कहा गया, ग्लेन मैक्सवेल ने अनुच्छेद 2.2 (मैच के दौरान फिक्सचर और फिटिंग्स का दुरुपयोग) के तहत लेवल 1 अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को माना। हालांकि, आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। आईपीएल आचार संहिता के अनुसार, अनुच्छेद 2.2 मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्सचर और फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। अनुच्छेद 2.2 में सामान्य क्रिकेट गतिविधियों के अलावा कोई भी कार्य शामिल है, जैसे विकेट को मारना या लात मारना और ऐसी कोई भी हरकत जो जानबूझकर (यानी इरादतन), लापरवाही से या असावधानी से (किसी भी स्थिति में, भले ही यह अनजाने में हो) विज्ञापन बोर्ड, बाउंड्री फेंस, ड्रेसिंग रूम के दरवाजे, शीशे, खिड़कियां और अन्य फिक्सचर और फिटिंग्स को नुकसान पहुंचाती है। नियम में लिखा है, उदाहरण के लिए यह अपराध बिना किसी सीमा के तब किया जा सकता है, जब कोई खिलाड़ी हताशा में अपने बल्ले को जोर से घुमाता है और विज्ञापन बोर्ड को नुकसान पहुंचाता है। बता दें कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर




# धोनी थोड़ा ऊपर बल्लेबाजी करें : उथप्पा

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने पंजाब किंग्स से 18 रन की हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स में एमएस धोनी के इरादे और उभरती भूमिका के बारे में बातचीत में अपना विचार व्यक्त किया और कहा कि जिस तरह से अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज अभी खेल रहे हैं, उन्हें क्रम में ऊपर आना चाहिए। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, पंजाब किंग्स ने 219/6 का स्कोर बनाया, जिसमें प्रियांश आर्य ने बढ़त बनाई। उन्होंने 103 रनों की तूफानी पारी खेली, जो आईपीएल इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज शतक है, जिसमें 7 चौके और 9 छक्के शामिल हैं। जवाब में, सीएसके की शुरुआत अच्छी रही और रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने पावरप्ले में दबदबा बनाया। हालांकि, नियमित विकेटों ने उनकी प्रगति में बाधा डाली। धोनी ने 12 गेंदों पर 27 रन की तेज पारी खेली, लेकिन अंतिम ओवर में वह आउट हो गए और सीएसके को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। उथप्पा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि एमएस धोनी में कभी भी इरादे की कमी थी। आईपीएल के बाहर भी, मेरा मानना है कि उन्होंने दूसरों को जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें स्पष्ट रूप से बताया है कि आने वाले वर्षों में क्या उम्मीद करनी है, क्योंकि सीएसके चैंपियनशिप के लिए दावेदार टीम के रूप में फिर से उभर रही है। यह बदलाव हो रहा है, और जबकि हम एमएस को उसी तरह से बल्लेबाजी करते देखना पसंद करेंगे, जैसा वह अभी कर रहे हैं, शायद थोड़ा ऊपर के क्रम में, मुझे नहीं लगता कि समस्या अंत में है। उथप्पा ने पंजाब के खिलाफ चेन्नई के प्रदर्शन पर भी अपने विचार साझा किए और कहा कि उन्होंने अच्छी शुरुआत की, लगभग 9.8 या 9.9 रन प्रति ओवर बनाए, जो कि उनके पास मौजूद सलामी बल्लेबाजों के हिसाब से उम्मीद से कहीं बेहतर है।



■ धोनी ने 12 गेंदों पर 27 रन की तेज पारी खेली

# इस पूरे सीजन कैचिंग हमारी बड़ी समस्या रही : फ्लेमिंग

**मुल्लांपुर,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने बल्लेबाजी में सुधार की बात कही लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टीम ने फील्डिंग में संतोषजनक प्रदर्शन नहीं किया और इसके साथ ही गेंदबाज भी सटीकता के साथ गेंदबाजी करने में नाकाम रहे।

इस सीजन पांच मुकाबलों में पहली बार उनकी सलामी जोड़ी पावरप्ले तक टिके रहने में सफल हुई और 220 के लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने मिलकर 6.3 ओवर में 61 रन जोड़े। हालांकि ऋतुराज गायकवाड़ के सस्ते में आउट होने के बाद चेन्नई की रफ्तार धीमी पड़ी और अंतिम चार ओवर में आवश्यक रन रेट 17 तक पहुंच गया। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए एम एस धोनी ने तीन छक्कों की मदद से 12 गेंदों पर 27 रन बनाए लेकिन चेन्नई 18 रन से पीछे रह गई। फ्लेमिंग ने कहा कि इस मैच से हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि हमने बेहतर बल्लेबाजी की। शीर्ष क्रम से रन आए जो कि पहले के मुकाबलों में नहीं आ पाए थे। हम मध्य के ओवरों में रन रेट को बरकरार नहीं रख पाए जिसके चलते अंतिम के ओवरों में लक्ष्य हासिल करने के लिए काफी रन बनाने थे। लेकिन हम मुकाबले में काफी देर तक बने रहे जो कि सकारात्मक पहलू है। फील्डिंग के दौरान चेन्नई ने एक के बाद एक कैच टपकाए। इनमें दो मिस चांस के चलते प्रियांश आर्य ने 39 गेंदों पर शतक जड़ दिया। जब वह सिर्फ छह के स्कोर पर थे तब पहले ही ओवर में खलील अहमद के पास अपने फॉलो थ्रू में प्रियांश को आउट करने का मौका था। इसके बाद जब वह 73 के स्कोर पर खेल रहे थे तब आर अश्विन की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर मुकेश चौधरी ने एक ऊंचा कैच छोड़ दिया। 17वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने नूर अहमद की गेंद पर शशांक सिंह का डीप मिडविकेट पर कैच छोड़ा। जिसके बाद शशांक 52 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए पंजाब को 219 के स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे।



इस सीजन पांच मुकाबलों में पहली बार उनकी सलामी जोड़ी पावरप्ले तक टिके रहने में सफल हुई : फ्लेमिंग

# संस्थानिक लीग : कस्टम की जीत से फायदे में रही ईएसआईसी, दोनों सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (एजेंसियां)। कस्टम्स एंड सेंट्रल एक्साइज की जीत से ईएसआईसी को फायदा मिला, क्योंकि दोनों ही टीमें डीएसए संस्थानिक लीग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। बुधवार को राजधानी दिल्ली स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मैच में महीप और मनीष के दर्शनीय गोल से कस्टम्स एंड सेंट्रल एक्साइज ने जीएनसीटी (दिल्ली सरकार) को 2-0 से हराया। दिन के अन्य मैचों में ईएसआईसी ने मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स को 11-0 से रौंद डाला, जबकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंक ऑफ इंडिया को 3-2 से पराजित किया। ईएसआईसी की जीत में पवन जोशी ने हैट्रिक जमाई और अजय कुमार, सुमित रावत और शेखर खन्ना ने दो-दो तथा गौरव रावत और अनुपम ठाकुर ने एक-एक गोल किया।



■ ईएसआईसी ने मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स को 11-0 से रौंद डाला


SENSEX BSE 74227.08 ▲ 1089.18 NSE 22535.85 ▲ 374.25 MCX Gold 88312 ▲ 1384 silver 90135 ▲ 1887



# [ अर्थ जगत

## ग्लोबल संकेतों के दम पर सोना उछला, चांदी भी तेज

**मुम्बई।** सोने-चांदी के भाव में बुधवार (9 अप्रैल) को भी तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में दोनों के वायदा भाव बढ़त के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 88,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, चांदी के भाव 89,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव बुधवार सुबह मजबूती देखने को मिली। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट बुधवार को 350 रुपये की तेजी के साथ 87,998 रुपये के भाव पर खुला।



# रेपो रेट में कटौती का बाजार में नहीं दिखा असर, सेंसेक्स 380 अंक टूटा

*__नई दिल्ली।__ वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार (9 अप्रैल) को एक बार फिर गिरावट में बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के व्यापारिक देशों पर टैरिफ लगाने की समयसीमा नजदीक आने के साथ बाजार में अस्थिरता देखने को मिली। हालांकि, आरबीआई के रीपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद बाजार एक सिमित दायरे में कारोबार करता नजर आया और सेंटीमेंट्स पर थोड़ा पॉजिटिव असर पड़ा। वहीं, ट्रंप के फार्मा सेक्टर पर भी टैरिफ के एलान से दवा कंपनियों के शेयरों पर नेगेटिव असर देखा गया और निफ्टी फार्मा इंडेक्स 2 प्रतिशत टूट गया।*

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज यानी बुधवार को 100 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 74,103.83 पर ओपन हुआ। कारोबार के दौरान यह 73,673.06 अंक तक फिसल गया था। अंत में सेंसेक्स 379.93 अंक या 0.51 प्रतिशत की गिरावट लेकर 73,847.15 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी-50 में भी कमजोर रुख देखने को मिला। यह गिरावट के साथ 22,460.30 अंक पर ओपन हुआ। अंत में यह निफ्टी 136.70 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 22,399.15 पर क्लोज हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार 9 अप्रैल को




नीतिगत दर रीपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.0 प्रतिशत करने का ऐलान किया। आरबीआई ने अपनी पिछली बैठक (7 फरवरी) में रेपो रेट को 25 आधार अंक घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। तब से अमेरिका के सख्त टैरिफ के कारण आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई है। इससे केंद्रीय बैंक से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई थी।

ट्रंप ने चीन पर लगाया 104 प्रतिशत टैरिफ- अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव अब और ज्यादा गहरा सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया है कि अमेरिका बुधवार (8 अप्रैल) को पूर्वी समयानुसार रात 12.01 बजे (0401 जीएमटी) से चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लागू करेगा।

यह फैसला अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार विवाद को और बढ़ा सकता है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि चीन जैसी कुछ देश अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में ट्रंप ने कई बार विदेशी देशों पर यह आरोप लगाया कि वे अमेरिकी सामान पर भारी टैक्स लगाते हैं और अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी

विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजारों से बिकवाली लगातार जारी है। विदेशी निवेशकों ने 8 अप्रैल को 4,994.24 करोड़ रुपये मूल्य के भारतीय शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,097.24 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट ब्रेंट क्रूड चार साल के निचले स्तर पर

*__नई दिल्ली।__ दुनिया एक बार फिर वैश्विक मंदी की चपेट में आने की कगार पर है। इसका प्रमुख कारण है अमेरिका-चीन के बीच बढ़ता टैरिफ युद्ध और सऊदी अरब द्वारा तेल कीमतों में कटौती का ऐलान, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है।*



ब्रेंट क्रूड चार साल के निचले स्तर पर आ चुका है, जिससे वैश्विक मंदी का खतरा एक बार फिर मंडराने लगा है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 3.5 प्रतिशत गिरकर 60.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 57.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, अमेरिका-चीन के बीच तेज होता व्यापार युद्ध वैश्विक मांग पर दबाव डाल रहा है। साथ ही सऊदी अरब द्वारा तेल उत्पादन बढ़ाने और कीमतें कम करने की घोषणा ने बाजार में गिरावट को और तेज कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल तक लुढ़क सकता है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ओपेक और रूस सहित सहयोगी देशों द्वारा मई में 411,000 बैरल प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाने का निर्णय भी कीमतों में गिरावट की एक बड़ी वजह बना है। इससे बाजार में अतिरिक्त आपूर्ति (सरप्लस) की आशंका बढ़ी है। वहीं, चीनी विश्लेषक लिन ने कहा, टैरिफ को लेकर चीन की आक्रामक नीति और अमेरिका के कड़े रुख से समझौते की संभावना कमजोर हो गई है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव और गहराया है। इसका असर पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

# ब्याज दर में और कटौती पर आरबीआई गवर्नर ने कहा, मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का नहीं

*__मुंबई।__ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि 'मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का संजय नहीं, जो भविष्य में ब्याज दरों में होने वाले बदलाव और मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में होने वाली कटौती के बारे में भविष्यवाणी कर सके। मल्होत्रा से एक संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया था कि क्या ब्याज दरों में आगे और कटौती होगा।*

गौरतलब है कि उन्होंने आरबीआई गवर्नर का पद संभालने के बाद लगातार दूसरी बार रेपो दर में कटौती की है। महाभारत के



अनुसार, संजय को दिव्य दृष्टि प्राप्त थी और उन्होंने अपनी शक्ति का उपयोग करके कुरुक्षेत्र के युद्ध में हुई घटनाओं के बारे में नेत्रहीन राजा धृतराष्ट्र को बताया था। उन्होंने आगे कहा कि मौद्रिक नीति और राजकोषीय नीति वृद्धि तथा मुद्रास्फीति के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा, यह एक संयुक्त प्रयास है... सरकार ने हाल ही में बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि, कर छूट के कई उपाय करके अपना काम किया है और हमने रेपो दर को कम किया है। मल्होत्रा ने आगे जोड़ा, ''यह कहां तक जाएगा... हम वास्तव में नहीं जानते। मैं संजय हूं, लेकिन मैं महाभारत का संजय नहीं हूं जो इतनी दूर की भविष्यवाणी कर सकूं। उन्होंने कहा, मेरे पास उनके जैसी दिव्य दृष्टि नहीं है। उन्होंने आगे कहा, हम (सरकार के साथ) मिलकर अपने देश में वृद्धि और मुद्रास्फीति की गतिशीलता को प्रबंधित करने का प्रयास करेंगे।

# रुपए में लगातार चौथे दिन गिरावट डॉलर के मुकाबले 45 पैसे टूटा

*__नई दिल्ली।__ अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 45 पैसे और टूटकर 86.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर तनाव बढ़ने से रुपए में गिरावट आई है।*

हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि को बढ़ावा देने के उपाय के तौर पर प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड गिरावट तथा अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बावजूद विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और घरेलू शेयर बाजारों की सुस्त धारणा से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.52 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में उसने डॉलर के मुकाबले 86.47 के उच्च और 86.71 के निचले स्तर का छुआ। रुपया अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद डॉलर के मुकाबले 86.71 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 45 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को 50 पैसे टूटकर 86.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच,



छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.98 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 3.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.42 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 379.93 अंक की गिरावट के साथ 73,847.15 अंक पर जबकि निफ्टी 136.70 अंक फिसलकर 22,399.15 अंक पर बंद हुआ।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 69 |
| एक यूरो | 95. 26 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111 . 14 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52· 01 |
| एक जापानी येन | 0· 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 76,950 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| जेवर | 70,500 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 910 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 90,700 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

**-भाव प्रति किलो-**

अरहर ऊंची 155-160, अरहर मीडियम 140-145, उड़द ऊंची 98-100, उड़द धुली 115-120, मूंग हरी 95-100, मूंग धुली 105-110, चना 90-100, मसूर 80-85

**-भाव प्रतिकिलो -**

धनियां खड़ी ऊंची 110-115, धनियां खड़ी मीडियम, 80-90, जीरा ऊंचा 350-400, जीरा मीडियम 270-300, ल्दी ऊंची 250-260, हल्दी मीडियम 180-190, मूंगफली ऊंची 120-125, मूंगफली मीडियम 90-100, लाल मिर्च ऊंचा 170-180, लाल मिर्च मीडियम 140-150, नारियल कालीकट झाल 2800-3000, नालियल मीडियम 2000-2500

**लोहा वाला ट्रेडर्स**
प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

**- भाव प्रति किलो -**

**रायपुर-** 8 एमएम 52, 10 एमएम 50.50, 12 एमएम 50, 16 एमएम 50
**कामधेनू-** 8 एमएम 57, 10 एमएम 55.50, 12 एमएम 55, 16 एमएम 55

# ट्रम्प ने दवाओं पर लगाया टैरिफ तो कौन सी भारतीय कंपनियां होंगी सबसे ज्यादा प्रभावित?

*__नई दिल्ली।__ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये ऐलान किया है कि फार्मास्युटिकल्स पर उनका टैरिफ लगाने का लंबे समय से किया गया वादा जल्द पूरा होगा. बिना कोई अतिरिक्त जानकारी साझा किए मंगलवार को हाउस रिपब्लिकन के लिए आयोजित फंड रेजिंग प्रोग्राम के दौरान ट्रंप ने कहा, हम जल्द ही बड़ा टैरिफ फार्मास्युटिकल्स पर लगाने जा रहे हैं।*



उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसा करते हैं कि वे कंपनियां हमारे बाजार में वापस आ जाएंगी. ऐसा इसलिए क्योंकि हम बड़े बाजार हैं. ब्लूमबर्ग के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समये से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर अपना दुख जताते रहे हैं। ऐसे में देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा ट्रंप बार-बार करते रहे हैं.

**दवा कंपनियों पर लगेगा टैरिफ-** मार्च में उन्होंने कहा था कि व्हाइट हाउस जल्दी ही फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का ऐलान करेगा. इसके साथ ही उन्होंने ये संकेत दिया था कि अमेरिका लंबे समय तक इस क्षेत्र से बाहर नहीं रह पाएगा. उनकी ये टिप्पणी ऐसे वक्त पर की गई है जब ट्रंप की तरफ से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिकी समेत वैश्विक शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है.अगर ट्रंप की तरफ से फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का एलान किया जाता है तो इसका अमेरिका को निर्यात करने वाली भारतीय दवा कंपनियों पर व्यापक असर होगा। भारतीय दवा कंपनियों की तरफ से अमेरिका में अधिकतर जेनेरिक्स या फिर पॉपुलर दवाएं सस्ती में भेजी जाती है. इस पर इस वक्त न के बराबर सरचार्ज लगता है. जबकि भारत की तरफ से अमेरिका से एक्सपोर्ट हो रही दवाओं पर 10 प्रतिशत का टैक्स लगाया जाता है। खबरों के मुताबिक, भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई हिस्सा अमेरिका में एक्सपोर्ट की जाती है. मार्च 2024 में बेंगलुरू स्थित बायोकॉन और मुंबई बेस्ड ल्यूपिन ने अमेरिका से 44 प्रतिशत और 37 प्रतिशत की कमाई की थी. हैदराबाद स्थित इंडियन मल्टीनेशनल फॉर्मास्युटिकल एंड बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लॉरस लेब्स ने भी नॉर्थ अमेरिकी मार्केट से करीब 17 प्रतिशत की कमाई की थी. मानें तो भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी कुल कमाई का 32 प्रतिशत कमाई अमेरिका में बेचकर की थी।

# पॉलीकैब इण्डिया ने पंखे की श्रेणी में नई रेंज पेश की

*__मुंबई।__ इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया फैन कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है। कंपनी ने सुपर रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट फैंस की नई रेंज लॉन्च की है, जो इस श्रेणी में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के नए स्टैंडर्ड कायम करेगी। यह रेंज शानदार प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक डिज़ाइन का बेहतरीन तालमेल प्रस्तुत करती है।*

बढ़ती ऊर्जा लागत और विकसित हो रही उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ, पॉलीकैब नए और आधुनिक ऐसे समाधान देने के लिए समर्पित है जो ग्राहकों के लिए उनके पैसों का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करते हैं। पॉलीकैब के सुपर आरओआई फैंस बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50 प्रतिशत तक बिजली की बचत करने में सक्षम हैं। इसके कुछ विशेष बीएलडीसी मॉडल 25 प्रतिशत अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं। रिवर्स रोटेशन की सुविधा सर्दियों में भी आरामदायक माहौल बनाए रखने में मदद करती है। 100 प्रतिशत कॉपर वाइंडिंग मोटर से निर्मित ये पंखे लंबे



समय तक साथ निभाते हैं। ये पंखे 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। ये आधुनिक डिज़ाइन में 30 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं, जो आपके होम डेकोर को और सुंदर बनाते हैं। सुपर आरओआई पंखे अपने ग्राहकों को रिटर्न ऑन परफॉर्मेंस, रिटर्न ऑन टेक्नोलॉजी और रिटर्न ऑन प्रोडक्ट का वादा करते हैं, जिससे यह एक स्मार्ट और लाभदायक निवेश बन जाता है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पॉलीकैब ने फैन कैटेगरी में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कंपनी ने 9 मिलियन से अधिक फैंस के उत्पादन की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को एक एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की ओर से सपोर्ट प्रदान किया जाता है।

# ईपीएफओ के करोड़ों सब्सक्राइबर्स के लिए बड़ी सुविधा

*__नई दिल्ली।__ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े करोड़ों कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी सुविधा शुरू की है। अब कर्मचारी सिर्फ फेस वेरिफिकेशन के जरिए अपने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर और उससे जुड़ी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।*

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने इस सुविधा की घोषणा करते हुए कहा कि इससे प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल फ्रेंडली हो जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बिहार के 6 जिलों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत पूरी तरह से अधिसूचित कर दिया गया है, जिससे वहां के कामगारों को




**अब सिर्फ फेस वेरिफिकेशन से हो जाएगा बड़ा काम**

भी हेल्थ और इंश्योरेंस बेनिफिट्स मिल सकेंगे।

**उमंग ऐप से हो जाएगा काम-** मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने चेहरे के सत्यापन के जरिए प्रोविडेंट फंड का यूएएन अलॉट करने और उसे एक्टिवेट करने के लिए एडवांस डिजिटल सर्विस शुरू की हैं। ये ईपीएफओ के करोड़ों मेंबर्स के लिए कॉन्टैक्टलैस, सिक्यॉर और पूरी तरह से डिजिटल सर्विस डिलीवरी की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारी 'उमंग' मोबाइल ऐप की मदद से आधार फेस ऑथेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अपना यूएएन जनरेट कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, कोई भी नियोक्ता (कंपनी) अपने नए कर्मचारी के लिए आधार एफएटी के जरिए यूएएन बनाने के लिए उमंग ऐप का इस्तेमाल कर सकता है। इतना ही नहीं, जिन कर्मचारियों के पास पहले से ही यूएएन नंबर हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपने यूएएन को एक्टिवेट नहीं किया है, वे लोग भी उमंग ऐप पर जाकर अपने यूएएन नंबर को एक्टिवेट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ईपीएफओ पेंशनर्स को उनके दरवाजे पर ही सर्विस देने के लिए 'माई भारत' के सहयोग में फेस ऑथेंटिफिकेश टेक्नोलॉजी से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा शुरू की जाएगी।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
**एडवोकेट रविशंकर पटेल**
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# प्रॉपर्टी डीलर 4 घंटे रहा डिजिटल अरेस्ट

## 680 करोड़ के घोटाले में शामिल बताकर किया अरेस्ट

- सतर्कता से ठगी का शिकार होने से बचा प्रापर्टी डीलर
- साइबर पुलिस और थाने पहुंचकर की शिकायत



**रीवा देशबन्धु।** एक बार फिर डिजिटल अरेस्ट का मामला प्रकाश में आया है। साइबर फ्रॉड ने इस बार रीवा के एक प्रॉपर्टी डीलर को अपना निशाना बनाया, जिन्होंने 680 करोड़ के घोटाले में नाम शामिल होना बताकर प्रॉपर्टी डीलर को तकरीबन तीन से चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा, लेकिन प्रॉपर्टी डीलर की सतर्कता के कारण वह ठगी का शिकार होने से बाल बाल बच गया। पीड़ित की माने तो फ्रॉड द्वारा टेलीकॉम डिपार्टमेंट दिल्ली से फोन किया गया और उस पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाया। इससे पहले की प्रॉपर्टी डीलर साइबर फ्रॉड के झांसे में आता, तब तक वह उनकी हरकतों को समझ गया, जिसके बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया और साइबर पुलिस सहित थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की।

दरअसल यह मामला रीवा शहर के समान थाने का है, जहां सामान थाना क्षेत्र स्थित अरुण नगर निवासी संजीव श्रीवास्तव पैसे से प्रॉपर्टी डीलर है। प्रॉपर्टी डीलर संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि बीते दिवस दिल्ली के टेलीकॉम डिपार्टमेंट से उन्हें फोन आया, जिनके द्वारा उसे इल्लीगल ट्रांजैक्शन करने सहित नशीली दवाओं के लिए फंडिंग करने का आरोप लगाते हुए 680 करोड़ के घोटाले में भी उसका नाम शामिल होना बताया और इस तरह से उसे डराते और धमकाते हुए तकरीबन तीन से चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा। पीड़ित ने बताया कि जब साइबर फ्रॉड ने उसे यह बात किसी से ना बताने की धमकी दी तो आशंका हुई और फोन को बंद करने के सायबर पुलिस से शिकायत की और आज सुबह समान थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल प्रॉपर्टी डीलर साइबर फ्रॉड के द्वारा ठगी का शिकार होने से बाल बाल बच गया है, वही शिकायत के बाद अब पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## भूतों को मिल रही वृद्धा पेंशन

**रीवा।** जिले में शासन की योजना में व्यापक रूप से की जाने वाली गड़बड़ी का एक अजब गजब मामला प्रकाश में आया है। यहां सरकार की वृद्धा पेंशन योजना का लाभ इंसानों को नहीं बल्कि भूतों को दिया जा रहा था। दरअसल मामले का खुलासा समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी अरविंद तिवारी की जांच के बाद हुआ है। जनपद पंचायत गंगेव के विभिन्न ग्राम पंचायत में वृद्धा पेंशन योजना का लाभ लेने वाले लोगों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसके बाद खुलासा हुआ कि लगभग 100 से अधिक मृतकों को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा, वही ऐसी पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक,सचिव के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए नोटिस जारी की है।

# सुरक्षित और स्वच्छ भोजन पर जागरूकता अभियान

- खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्ट्रीट फूड विक्रेताओं से की बात



**सतना, देशबन्धु।** सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाते हुए मैहर के जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को शहर भर के स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लक्षित करते हुए एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। यह पहल कलेक्टर मैहर रानी बाटड़ के मार्गदर्शन में की गई है। जिसमें स्थानीय विक्रेताओं के बीच खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता प्रथाओं के मानकों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इस दौरान दिन भर चले इस अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मैहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों, व्यस्त बाजार क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों के पास और लोकप्रिय सार्वजनिक स्थान पर सीधे स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के साथ बातचीत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विक्रेताओं को सुरक्षित खाद्य संचालन, तैयारी और भंडारण के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में शिक्षित करना था। इस पहल के बारे में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़ ने कहा कि स्ट्रीट फूड हमारे शहर के पाक परिदृश्य का एक अभिन्न अंग है, जो किफायती और सुविधाजनक विकल्प प्रदान करता है। हालांकि यह सर्वोपरि है कि यह भोजन उपभोग के लिए सुरक्षित और स्वच्छ हो।

## सार-समाचार

### पुलिस महानिरीक्षक ने रीवा जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की पुलिस कंट्रोल रुम रीवा में ली बैठक



**रीवा देशबन्धु।** रीवा जोन में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव राजपूत ने रीवा जिले के वरिष्ट अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की पुलिस कंट्रोल रुम रीवा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान पेट्रोलिंग/गश्त को अनिवार्य करते हुए निर्देश दिए कि पुलिस बल संवेदनशील क्षेत्रों में शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक नियमित गश्त करेगा। समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को खासकर ग्रामीण थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में रात्रि के समय भ्रमण एवं थाने में रहने के निर्देश दिये। नशे के खिलाफ एंटी ड्रग कैंपेन चलाकर सख्त कार्यवाही करने तथा किसी प्रकार का अवैध नशीला पदार्थ कोरेक्स शराब गांजा आदि की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में रीवा रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री राजेश सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह, के साथ जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस सहित थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### बोलेरो सवारों ने किया मानसिक कमजोर युवती का अपहरण

#### स्थानीय लोग व पुलिस की नाकाबंदी होने पर छोड़ा

**रीवा देशबन्धु।** गुढ़ थाना क्षेत्र के बंजारी गांव के पास से एक मानसिक कमजोर युवती के अपहरण किये जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार वारदात को बोलेरो सवार युवकों ने अंजाम दिया था। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और चारों तरफ घेराबंदी किया गया। तभी करीब दो से ढाई घंटे बाद युवक उसे छोड़ कर भाग निकले। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की दोपहर एक युवती एक छोटी बच्ची के साथ पैदल ही खेत की ओर जा रही थी। तभी बंजारी के पास बोलेरो सवार कुछ युवकों ने उसे जबरिया अपने वाहन में बैठाकर रफूचक्कर हो गये। इसकी जानकारी युवती के साथ मौजूद बच्ची ने परिजनों को दी। लिहाजा करीब साढ़े 3 बजे गुढ़ थाना को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान के आधार पर युवती की तलाश शुरू कर दिया। तभी पता चला कि बोलेरो सवार युवकों ने उसे सड़क पर उतार कर फरार हो गये हैं। लिहाजा अब पुलिस युवती से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

#### इनका कहना

बंजारी के समीप से एक युवती के अपहरण होने की सूचना मिली थी, लेकिन कुछ देर बाद युवती मिल गई। परिजनों के बयान के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। लेकिन अपहरण जैसे साक्ष्य अभी तक मिले नहीं हैं। ऐसे में घटना क्या हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

**शैल यादव**
थाना प्रभारी गुढ़

## जेसीबी में तोड़फोड़ कर चालक पर हमला

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौरी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन पर कथित रूप से हमला किया गया। इस दौरान जेसीबी में तोड़फोड़ की गई और चालक के साथ भी मारपीट हुई, मामले की रिपोर्ट गढ़ थाने में दर्ज करा दी गई है, जेसीबी संचालक ने बताया कि दो दिन पूर्व मुरम खदान की जांच करने अज्ञात लोग आए थे, जिनके द्वारा मुरूम खुदाई का विरोध किया जा रहा था, इस दौरान वीडियो भी बनाई गई थी, इन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी को क्षतिग्रस्त किया गया। वाहन चालक और मालिक ने इस घटना की रिपोर्ट गढ़ थाने में दर्ज कराई।

# युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से भावना सम्मानित



**सतना, देशबन्धु।** कांग्रेस के 40वें संस्करण में यंग साइंटिस्ट अवार्ड जीतकर भावना सिंह परिहार ने सतना जिले का मान बढ़ाया है। यह सम्मेलन 27 से 29 मार्च 2025 तक विक्रम विवि, उज्जैन में आयोजित किया गया था। इस दौरान 250 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें गणितीय विज्ञान श्रेणी में भावना सिंह को प्रथम पुरस्कार मिला। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 25 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

भावना वर्तमान में मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट), भोपाल में पीएचडी स्कॉलर हैं। उनकी उपलब्धियों की सूची में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2023 में प्राप्त युवा वैज्ञानिक पुरस्कार भी शामिल है।

भावना सिंह परिहार के पिता नरेंद्र सिंह परिहार और माता वंदना सिंह परिहार ने बेटी की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया। शुरुआत से ही मेधावी छात्रा रहीं भावना ने अपने मास्टर्स में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल से की, जहां वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। आठवीं कक्षा में, उन्होंने चार अन्य छात्रों के साथ मिलकर इंदौर में आयोजित एक क्विज़ प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया था। भावना की इस उपलब्धि पर सतना और भोपाल के शिक्षाविदों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# दोपहर में पलटा ट्रक, शाम तक लगा रहा जाम

## गोरसरी घाटी का मामला, जाम में फंसे वाहन चालक होते रहे परेशान



**रामनगर, देशबन्धु।** अमरपाटन और रामनगर के बीच में पडने वाली गोरसरी घाटी में बुधवार को वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। यह जाम गोरसरी घाटी में सीमेंट से लोड वाहन के पलटने के कारण लगा। बताया गया है कि घाटी में वाहन पटलने की घटना दोपहर को हुई। आवागमन अवरुद्ध होने के चलते रामनगर और आमरपाटन दोनों तरफ से वाहनों का जाम लग गया। इस जाम में काफी देर तक वाहन चालक फंसे रहे और परेशान भी हुए। बताया गया है कि गोरसरी घाटी में हुए इस हादसे में जन हानि नहीं हुई। सड़क में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के चलते वाहनों के आवागमन के लिए कोई जगह नहीं रही। जिसके चलते आवागमन दोनों तरफ से ठप रहा। भीषण गर्मी के चलते जाम में फंसे लोगों पेय जलसंकट का भी सामना करना पड़ा। बताया गया है कि जाम काफी देर तक लगा रहा।

# बाइक सवार पर हमला कर हाइवे पर फिर हुई लूट



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले में बाइकर्स गैंग का आतंक बरकरार है। यहां 6 लाख की लूट का खुलासा भी नहीं हो पाया था कि एक बार फिर मऊगंज के टड़हर मोड़ में नकाबपोश 4 बदमाशों ने बाईक सबार से साढ़े नौ हजार की लूट कर फरार हो गए हैं। दरअसल मऊगंज थाना क्षेत्र के टड़हर मोड के समीप नकाबपोश चार बदमाशों ने बाइक सवार से साढ़े नौ हजार रुपए की लूट कर क्षेत्र मे एकबार फिर सनसनी फैला दिया। जानकारी के मुताबिक मऊगंज थाना क्षेत्र के पन्नी मोड़ निवासी रजनीश चतुर्वेदी जो बाइक में सवार होकर अलसुबह साढ़े 4 बजे के लगभग मां विंध्यवासिनी माता का दर्शन करने उत्तर प्रदेश के विंध्याचल जा रहे थे । बताया गया कि जैसे ही टड़हर मोड के समीप पहुंचे तो काले रंग की स्प्लेंडर और अपाचे बाइक में सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, पर पीड़ित ने बाईक नही रोकी ऐसे में बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा कर बाइक आगे लगा दिया और राड से बाईक मे तोड़फोड़ करने लगे। इतना ही नहीं बदमाश पीड़ित से झूमा झटकी करते हुए उनका पर्स छीन लिया जिसमें साढ़े नौ हजार रुपए थे। इस दौरान पीड़ित रजनीश चतुर्वेदी ने काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में लगे नंबर प्लेट की फोटो भी अपने मोबाइल में कैद किया है। फिलहाल बदमाशों के हाथों लुटेपिटे रजनीश चतुर्वेदी ने दहसत में आकर वापस घर लौट गए और आज दोपहर थाने पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक मृत, 11 गंभीर




रीवा देशबन्धु। मऊगंज जिले के लौर थाना अंतर्गत हंसलो गांव के समीप ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हुये हैं। यह हादसा ट्रैक्टर का पहिया निकल जाने के कारण हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। नईगढ़ी थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव से दो दर्जन लोग ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर देवी पूजा करने मंनगवा थाना क्षेत्र के समान गांव जा रहे थे। जैसे ही हसलों के समीप पहुंचे, तभी ट्रैक्टर का पहिया निकल गया। ऐसे में ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिये नईगढ़ी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शिवानी साकेत पुत्री मोहनलाल साकेत 18 वर्ष को मृत घोषित कर दिया है। वहीं अन्य का उपचार चल रहा है।

## ये हुए एसजीएमएच रेफर

पुलिस के अनुसार 11 घायलों की हालत गंभीर होने पर संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। जिसमें सीमा साकेत पति सुरेश साकेत 45 वर्ष, सुधा साकेत पिता बुद्धसेन साकेत 17 वर्ष, निशा साकेत पिता लालजी साकेत 17 वर्ष, छोटेलाल साकेत 50 वर्ष, राजमणि साकेत 70 वर्ष, भोला साकेत पिता सहदेव साकेत 65 वर्ष, आरती प्रजापति पिता गोविंद प्रजापति 13 वर्ष, खुशी कोल पिता लालू कोल 13 वर्ष, कुरूङ्घषा प्रजापति पिता ललऊ प्रजापति 17 वर्ष, लिलिआ प्रजापति पिता दौलत प्रजापति 17 वर्ष आदि शामिल हैं।

# विवि जैवप्रौद्योगिकी विभाग में शुरू हुआ पक्षिओं के लिये सकोरा अभियान





**रीवा देशबन्धु।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के जैवप्रौद्योगिकी एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग का निरीक्षण माननीय कुलगुरू प्रो0 राजेन्द्र कुमार कुड़रिया जी के द्वारा आज दिनांक 09 अप्रैल 2025 को किया गया। सर्वप्रथम माननीय कुलगुरू ने विभाग की कक्षाओं, लाइब्रेरी तथा प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तत्पश्चात् माइक्रोबायोलॉजी के अंतर्गत हाल ही में प्रारंभ मशरूम संवर्धन लैब एवं मॉलीक्यूलर लैब में जारी सिकिल सेल एनीमिया पर शोध कार्यों की जानकारी लेकर संतोष एवं हर्ष व्यक्त किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस अवसर पर सीधी जिले के जनजातीय समाज में हो रही अन्य अनुवांशिक बीमारियों पर भी अध्ययन करने हेतु प्रोत्साहित किया। माननीय कुलगुरू के निर्देशानुसार इस विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा माननीय कुलगुरू जी एवं विभागाध्यक्ष डॉ0 अतुल कुमार तिवारी जी की गरिमामयी उपस्थिति में भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने हेत जल भरकर मिट्टी के सकोरे एवं दानापात्रों को विभाग की ही रूद्राक्ष वाटिका के वृक्षो पर टांगने का शुभारंभ किया गया। कुलगुरू ने छात्रों को बढ़-चढ़कर इस कार्य में सहयोग करते देख प्रशंसा करते हुये कहा कि आजकल गौरैया पक्षी की प्रजाति लगभग विलुप्तप्राय है आपके इस प्रयास से उनके पुनर्वास में अमूल्य योगदान मिलेगा। इसके अतिरिक्त कुलगुरू ने जैप्रौद्योगिकी एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान के छात्रों द्वारा विकसित रूद्राक्ष वाटिका की हरियाली तथा कृषि विज्ञान विषय के छात्रों द्वारा विकसित खेतों को देखकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। माननीय कुलगुरू ने विभागाध्यक्ष डॉ0 अतुल कुमार तिवारी से विभाग की समस्त मूलभूत आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान विभाग के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी एवं शोध छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# 836 निजी विद्यालयों ने नहीं दी फीस संरचना और ऑडिट की जानकारी

**सतना, देशबन्धु।** डीईओ के निर्देश के बाद भी 836 निजी विद्यालयों ने फीस संरचना और ऑडिट की जानकारी अभी तक पोर्टल पर अपलोड नहीं की है। जबकि इस संबंध में शासन और जिला कलेक्टर द्वारा भी पूर्व में निर्देश जारी किये जा चुके है। नोटिस जारी कर अपेक्षा की गई है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नियत की गई फीस संरचना एवं विगत 3 वर्षों के संपरीक्षक लेखें (आडिट एकाउंट) वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 अतिशीघ्र पोर्टल पर दर्ज कराये। इस संबंध में निजी विद्यालयों को विकासखंडवार और जिला स्तर पर मार्च एवं मई 2024 में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## जारी की गई नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह ने सतना और मैहर जिले के समस्त अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी, माध्यमिक, प्राथमिक, सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों के प्राचार्य और प्रधानाध्यापकों को अधिनियम के पालन नहीं करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया गया है कि निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2007 एवं नियम 2020 के तहत प्रत्येक निजी विद्यालय को विभागीय पोर्टल पर अपने यूजर आईडी एक्टिवेट करने और शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नियत की गई फीस संरचना एवं विगत 3 वर्षों की ऑडिट की जानकारी अपलोड करना अनिवार्य है।

## 385 स्कूलों ने ही दी जानकारी

जारी नोटिस में कहा गया है कि समीक्षा के दौरान परिलक्षित हुआ है कि सत्र 2025-26 के लिए निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर की गई प्रविष्टि की रिपोर्ट के अनुसार बहुत कम निजी विद्यालयों द्वारा प्रविष्टियां की गई है। कुल निजी विद्यालयों की संख्या 1221 के विरुद्ध केवल 385 संस्थाओं ने फीस अपलोड की गई है।

## नहीं तो होगी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी सतना/मैहर ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि 15 दिवस के भीतर जबाव प्रस्तुत करते हुए इसी अवधि में वर्ष 2025-26 की फीस प्रविष्ट कर निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम 2017 एवं 2020 का पालन सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में संस्था के विरुद्ध फीस अधिनियम एक्ट 2017 एवं 2020 के नियम 6 तथा 9 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# मैहर जिले में स्पांसरशिप योजना के लिए 605 बच्चे चयनित

- प्रायोजन एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक



**सतना, देशबन्धु।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मिशन वात्सल्य गाइडलाइन के मार्गदर्शी सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में मैहर जिले में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले चिन्हित पात्र बच्चों को प्रायोजन और पालन पोषण कार्यक्रम से लाभांवित करने 605 बच्चों का चिन्हांकन किया गया है। इन सभी 605 बच्चों को निवारक स्पांसरशिप योजना का पात्रतानुसार लाभ दिया जायेगा। मैहर में अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में इसकी जानकारी दी गई। इस मौके पर समिति के सचिव जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चन्द्रकिरण श्रीवास्तव, दत्तक ग्रहण एजेंसी के प्रतिनिधि, पिपरा सेवादल बिरादरी संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी मैहर राजेन्द्र बांगरे ने बताया कि जिला अंतर्गत देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चे जो परिवार या समुदाय में रह रहे हैं और प्रायोजन के मापदण्डों को पूरा करते हैं। उन्हें मिशन वात्सल्य के तहत फास्टर केयर एवं स्पांसरशिप योजना का लाभ दिया जाता है। 605 बच्चों में अमरपाटन के 189, मैहर परियोजना एक के 103 और मैहर दो के 175 तथा रामनगर के 138 बच्चे शामिल हैं। इसके पूर्व मैहर जिले में देखभाल की आवश्यकता वाले 104 बच्चों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। जिनमें मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना में 12, मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा में 13, स्पांसरशिप योजना में 75, प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना में 4 बच्चों को लाभ दिया जा रहा है।